वर्ष 73 ▸ अंक 258 ▸ पृष्ठ 12
रीवा, मंगलवार 16 जून, 2026
ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष 01, विक्रम संवत् 2083
नगर ▸ मूल्य 5 रुपए

# दैनिक जागरण

www.dainikjagranmpcg.com

> अपने सपनों को याद रखो और उनके लिए संघर्ष करो। केवल एक ही चीज है जो तुम्हारे सपनों को असंभव बना देती है– असफलता का डर।
> – पाउलो कोएल्हो




## अमेरिका-ईरान में समझौता: होर्मुज फिर से खोलने, ईरान पर प्रतिबंधों में राहत जैसे कदम शामिल

# प. एशिया में शांति की उम्मीद

### इजराइल ने समझौता ठुकराया राष्ट्रीय सुरक्षा मंत्री बोले- हम अमेरिका के गुलाम नहीं

**तेहरान/वॉशिंगटन/यरुशलम, जेएनएन।** करीब पांच दशकों की दुश्मनी और बीते 119 दिन से जारी युद्ध के बाद अमेरिका और ईरान के बीच संभावित शांति समझौता पश्चिम एशिया में स्थायी शांति की नई उम्मीद जगा रहा है। प्रस्तावित 14 सूत्रीय समझौते में युद्ध विराम, होर्मुज जलडमरूमध्य को फिर से खोलने, समुद्री व्यापार बहाल करने और ईरान पर लगे प्रतिबंधों में राहत जैसे बड़े कदम शामिल हैं। दुनिया के कई देश इसे क्षेत्रीय स्थिरता की दिशा में ऐतिहासिक पहल मान रहे हैं।

हालांकि इजराइल ने साफ कर दिया है कि वह इस समझौते से खुद को बंधा हुआ नहीं मानता। प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू की सरकार ने घोषणा की है कि दक्षिणी लेबनान, सीरिया और गाजा में बनाए गए सुरक्षा क्षेत्रों से इजराइली सेना पीछे नहीं हटेगी। राष्ट्रीय सुरक्षा मंत्री इतमार बेन ग्वीर ने तो यहां तक कह दिया कि, 'इजराइल अमेरिका का गुलाम नहीं है और ट्रंप का यह समझौता हमारे ऊपर लागू नहीं होता।' इजराइल के इस रुख ने ऐसे समय में नई कूटनीतिक चुनौती खड़ी कर दी है।

### 14 बिंदुओं का मसौदा: युद्ध न करने की गारंटी देंगे इजराइल-अमेरिका

- ईरान, लेबनान और बाकी सभी मोर्चों पर युद्ध तुरंत बंद होगा।
- अमेरिका, इजराइल कोई नया युद्ध शुरू नहीं करेंगे।
- अमेरिका इजराइल की ओर से भी सुरक्षा गारंटी देगा।
- होर्मुज स्ट्रेट को पूरी दुनिया के लिए दोबारा खोला जाएगा।
- होर्मुज से अमेरिकी नौसैनिक नाकेबंदी हटाई जाएगी।
- ईरानी जहाजों और व्यापार पर पाबंदियां खत्म की जाएंगी।
- 30 दिन में समुद्री व्यापार पहले की तरह बहाल होगा।
- 30 दिन में ईरान के आयात के बदले सैन्य गैजेट कम होंगे।
- ईरान के अरबों डॉलर के फ्रीज फंड जारी किए जाएंगे।
- शुरुआत में फ्रीज फंड का आधा हिस्सा जारी होगा।
- प्रतिबंधों को हटाने की प्रक्रिया शुरू की जाएगी।
- प्राइमरी और सेकेंडरी दोनों प्रतिबंध हटाने पर बातचीत होगी।
- ईरान परमाणु हथियार नहीं बनाने की अपनी प्रतिबद्धता को दोहराएगा। 60 फीसदी समृद्ध यूरेनियम के मुद्दे पर आगे बातचीत होगी।
- 60 दिनों की औपचारिक वार्ता होगी, जिसमें परमाणु कार्यक्रम, प्रतिबंधों से राहत और पुनर्निर्माण जैसे मुद्दों पर बातचीत होगी।

### ईरान की तीन बड़ी शर्तें

ईरान के उप विदेश मंत्री काजेम गरीबाबादी ने कहा है कि समझौते के बाद शुरू होने वाली 60 दिन की वार्ता इस बात पर निर्भर करेगी कि अमेरिका पहले अपने तीन प्रमुख वादे पूरे करता है या नहीं।

- ईरान के खिलाफ नाकेबंदी समाप्त की जाए।
- सभी तरह की सैन्य कार्रवाइयों और युद्ध को पूरी तरह से रोका जाएगा।
- विदेशों में फंसे ईरानी फंड जारी किए जाएं।

### दुनिया के कई देशों ने किया स्वागत

- चीन, संयुक्त अरब अमीरात, कुवैत और कई अन्य देशों ने अमेरिका-ईरान समझौते का स्वागत किया है। उनका कहना है कि इससे पश्चिम एशिया में स्थिरता बढ़ेगी।
- फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने कहा कि ईरान के संवर्धित यूरेनियम भंडार को अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (आईएईए) की निगरानी में रखा जाना चाहिए।
- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी शांति पहल का स्वागत करते हुए उम्मीद जताई है कि शांति और समुद्री व्यापार सामान्य होगा।

### हो चुके हस्ताक्षर, शुक्रवार तक पूरी तरह खुलेगा हॉर्मुज: ट्रंप

ट्रंप ने कहा है कि ईरान के साथ समझौता साइन हो चुका है। जी 7 समिट के लिए फ्रांस पहुंचे ट्रंप ने मैक्रों से बातचीत में कहा कि हॉर्मुज आंशिक रूप से खुल चुका है और शुक्रवार तक पूरी तरह खोल दिया जाएगा। उन्होंने कहा, 'हमारी ईरान से अच्छी बन रही थी। मुझे दुख हुआ कि हमें दो रात के लिए वापस हमला करना पड़ा।' उधर, एक वरिष्ठ अमेरिकी अधिकारी ने बताया कि ट्रंप, उपराष्ट्रपति वेंस और ईरानी संसद अध्यक्ष मोहम्मद बाघेर गालिबाफ समझौते पर डिजिटिल साइन कर चुके हैं। अधिकारी ने कहा कि समझौते का पूरा ब्योरा अगले 24-48 घंटे में जारी किया जाएगा, जबकि सप्ताह के अंत में तकनीकी स्तर की बातचीत शुरू होगी।

### 19 जून को जिनेवा में बैठक

पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने दावा किया है कि 19 जून को स्विट्जरलैंड के जिनेवा में समझौते पर हस्ताक्षर हो सकते हैं। ऐसा होता है तो यह 47 वर्षों में दोनों देशों के बीच पहली उच्चस्तरीय औपचारिक बैठक होगी। हालांकि स्विट्जरलैंड ने कहा है कि उसे आधिकारिक अनुरोध प्राप्त नहीं हुआ है।

## इजरायल और अमेरिका को हासिल क्या हुआ इस युद्ध से

**त्वरित टिप्पणी**
**अजीत सिंह**

अमेरिका और ईरान के बीच शांति समझौते पर सहमति बन गयी है। सब कुछ ठीक रहा तो तीन दिन बाद, 19 जून को जिनेवा में समझौता पत्र पर हस्ताक्षर होंगे। यह खबर सिर्फ अमेरिका और ईरान के लिए नहीं बल्कि पूरी दुनिया के लिए राहत की बात है। जहां भारत समेत दुनिया के तमाम देश पाकिस्तान और कतर के प्रयास से हो रहे इस समझौते का स्वागत कर रहे हैं, वहीं इजरायल असंतुष्ट नजर आ रहा है। यह समझौता केवल दो देशों के बीच युद्ध की समाप्ति की घोषणा भर नहीं है, बल्कि उस आशंका के अंत का संकेत भी है जिसने पिछले कई महीनों से पूरी दुनिया को एक बड़े क्षेत्रीय या वैश्विक संघर्ष के कगार पर खड़ा कर रखा था।

खैर, अगर इस पूरे मसले को हम इजरायल के नजरिये से देखें तो उसका असंतोष समझ में आता है। ईरान को तबाह करके पश्चिम एशिया का चौधरी बनने के उसके ख्वाब पर पानी जो फिर गया है। इजरायल ने ईरान को अपनी सुरक्षा और क्षेत्रीय वर्चस्व के लिए सबसे बड़ी चुनौती के रूप में प्रस्तुत किया था। उसका लक्ष्य केवल ईरान की सैन्य क्षमता को सीमित करना नहीं, बल्कि उसे इस हद तक कमजोर करना था कि पश्चिम एशिया में उसके सामने कोई गंभीर प्रतिद्वंद्वी न बचे। शांति समझौते ने उस रणनीतिक लक्ष्य को अधूरा छोड़ दिया है। दरअसल, इस युद्ध में भले ही सबसे ज्यादा जन और धन की हानि ईरान की हुई हो पर प्रतिष्ठा और छवि अगर किसी की धूल धूसरित हुई है तो वह इजरायल और अमेरिका की। जिन उद्देश्यों को लेकर इजरायल-अमेरिका ने ईरान पर युद्ध थोपा था वह तो पूरा नहीं हुआ अलबत्ता इजरायल के एक अभेद्य दुर्ग होने का दावा ताश के महल की तरह बिखर गया। अमेरिका के बड़बोले राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के लिए भी यह घटनाक्रम किसी उपलब्धि से अधिक एक मजबूरी का समझौता प्रतीत हो रहा है। उन्होंने जिस आक्रामक भाषा और आत्मविश्वास के साथ युद्ध शुरू किया था, उसके मुकाबले समझौते की शर्तें अपेक्षाकृत रूप से बहुत सीमित दिखाई देती हैं। एक तरह से देखा जाए तो ट्रंप की पर्याप्त जग हँसाई हुई है, हालांकि उनके जैसे आत्ममुग्ध लोगों पर इनका कोई असर होता भी है, यह संदेह के दायरे में है।

बहरहाल, इन सबके बीच सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि युद्ध की राजनीति पर फिलहाल कूटनीति की जीत हुई है। हजारों लोगों की जान लेने और पूरी दुनिया की अर्थव्यवस्था को अस्थिर करने वाले इस संघर्ष का अंत बातचीत की मेज पर हुआ है। इससे एक बार फिर यह साबित हुआ कि अंततः युद्ध किसी समस्या का स्थायी समाधान नहीं देता। उम्मीद की जानी चाहिए कि जिनेवा में होने वाला समझौता केवल एक औपचारिक दस्तावेज न रह जाए, बल्कि पश्चिम एशिया में स्थायी शांति की दिशा में ठोस कदम साबित हो, क्योंकि दुनिया को युद्ध की नहीं, शांति की जरूरत है।




*Applicable T&C available at your nearest dealership. Ex-showroom price ₹13 99 900 for Grand Vitara Aspirion Edition, exclusively available in the Zeta (O) and Alpha (O) variants. Creative visualisation. Images used are for illustration purposes only. Features and accessories shown may not be part of the standard fitment. Black glass shade on the vehicle is due to lighting effect. Offers may vary and are subject to availability of stock. Maruti Suzuki India Limited reserves the right to discontinue an offer without further notice. Finance options available at the sole discretion of financier.

# प्रधानमंत्री मोदी के सेवा,सुशासन और संकल्प के 12 वर्ष : मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव

"प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने 12 साल पहले वर्ष 2014 में जब पहली बार शपथ ली थी,तब देश की जनता ने केवल एक सरकार नहीं चुनी थी,बल्कि शासन की एक नई कार्यशैली और राजनीतिक संस्कृति की अपेक्षा व्यक्त की थी। इस 12 साल की यात्रा को केवल योजनाओं,आंकड़ों और उपलब्धियों के आधार पर नहीं, बल्कि उस व्यापक दृष्टिकोण के आधार पर समझना अधिक उचित होगा,जिसने शासन की सोच को प्रभावित किया,यदि बारह वर्षो को तीन शब्दों में समेटना हो, तो वे शब्द होंगे-सेवा, सुशासन और संकल्प।







## प्रदेश बनेगा दुग्ध कैपिटल

### पशुपालन एवं डेयरी

- पशुपालन विभाग को अब गौ-पालन विभाग के नाम से भी जाना जाएगा।
- गौ-संवर्धन बोर्ड को गौशालाओं को चारा-भूसा अनुदान के लिए 505 करोड़ रुपये के बजट का प्रावधान।
- वर्ष 2024 के चैत्र मास से वर्ष 2025 के चैत्र मास तक गौ-वंश रक्षा वर्ष मनाया गया। स्वावलंबी गौ-शालाओं की स्थापना नीति-2025' स्वीकृत ।
- 'मुख्यमंत्री पशुपालन विकास योजना' अब 'डॉ. भीमराव अम्बेडकर कामधेनु योजना' के नाम से जानी जाएगी। 25 दुधारू पशुओं की डेयरी इकाई लगाने के लिए 42 लाख रुपये तक ऋण सहायता 25% से लेकर 33% तक सब्सिडी का प्रावधान।
- प्रदेश में संचालित 2056 से अधिक गौ-शालाओं में 3 लाख 98 हजार से अधिक गौ-वंश का पालन ।
- गौ-वंश के बेहतर आहार के लिये प्रति गौ-वंश मिलने वाली 20 रुपये की राशि बढ़कर हुई 40 रुपये।
- घायल गायों के लिये हाइड्रोलिक कैटल लिफ्टिंग वाहन की व्यवस्था ।
- मध्यप्रदेश को दुग्ध राजधानी बनाने का लक्ष्य। दुग्ध उत्पादन को बढ़ावा देने म.प्र. सरकार और राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड के बीच एमओयू हुआ। सांची ब्रांड को मिलेगी मजबूती ।
- प्रदेश में दुग्ध कलेक्शन 10 लाख लीटर से बढ़ाकर 50 लाख लीटर करने का लक्ष्य।
- अगले 5 साल में कम से कम 50 प्रतिशत गांवों में प्राथमिक डेयरी सहकारी समितियों की स्थापना का लक्ष्य।
- ग्वालियर स्थित आदर्श गौ-शाला में देश के पहले 100 टन क्षमता वाले सीएनजी प्लांट की स्थापना ।
- दुग्ध उत्पादन और ग्रामीण आजीविका को बढ़ावा देने प्रदेश के हर ब्लॉक में एक गांव बनेगा 'वृंदावन गांव'।
- पशुपालकों और किसानों को 10 से ज्यादा गाय पालने पर सरकार द्वारा अनुदान ।
- प्रदेश के 4 जिले आगर-मालवा, इंदौर, ग्वालियर एवं उज्जैन में आदर्श गौ-शालाएं स्थापित की जा चुकी हैं। भोपाल, जबलपुर, और सागर में आदर्श गौ शालाओं के निर्माण कार्य प्रगतिरत ।
- प्रदेश में पशुपालकों को समृद्ध करने हेतु पशुओं का नस्ल सुधार हेतु 'हिरण्यगर्भा अभियान' संचालित।

### मत्स्यपालन

- मप्र एकीकृत मत्स्य उद्योग नीति-2026 को स्वीकृति।
- 18 करोड़ 50 लाख रुपये का बजट प्रावधान।
- 4 लाख 42 हजार हेक्टेयर जल क्षेत्र में से 4 लाख 40 हजार हेक्टेयर जलक्षेत्र में हो रहा मछली पालन।
- अहमदाबाद में आयोजित ग्लोबल फिशरीज कॉन्फ्रेंस में प्रदेश के सिवनी जिले को 'बेस्ट इनलेण्ड डिस्ट्रिक्ट' का प्रथम पुरस्कार।
- बालाघाट जिले की प्राथमिक सरस्वती मछुआ सहकारी समिति को मछुआ सहकारी समिति की श्रेणी में प्राप्त हुआ द्वितीय पुरस्कार ।

## फसल उत्पादन में मध्यप्रदेश का देश में स्थान



- देश में दलहन उत्पादन में प्रथम स्थान, तिलहन उत्पादन में द्वितीय स्थान, टमाटर उत्पादन में प्रथम स्थान, खाद्यान्न उत्पादन में दूसरा स्थान, सोयाबीन उत्पादन में दूसरा स्थान, गेहूं के उत्पादन में द्वितीय स्थान, मक्का उत्पादन में प्रथम स्थान, चना, उड़द एवं मसूर उत्पादन में द्वितीय स्थान ।
- मध्यप्रदेश, जैविक कपास उत्पादन में देश में प्रथम स्थान पर है। पीएम मित्र टेक्सटाइल पार्क, टेक्सटाइल ओडीओपी और वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट जैसी योजनाएं प्रदेश को वस्त्र निर्माण का प्रमुख केन्द्र बना रही हैं। 2025-26 से 2030-31 तक आत्मनिर्भरता हेतु दाल मिशन को मंजूरी।
- तुअर, उड़द और मसूर पर विशेष ध्यान देते हुए दलहन उत्पादन में वृद्धि।
- किसानों के लिए जलवायु अनुकूल बीजों के उत्पादन और उपलब्धता को बढ़ावा ।
- दलहन की खेती के अंतर्गत क्षेत्रफल बढ़ाना।
- कटाई के बाद भंडारण और प्रबंधन तकनीक को बढ़ावा ।
- पीएम आशा के तहत मूल्य समर्थन योजना के अनुसार अन्य दालों की खरीद सुनिश्चित करना।
- वर्ष 2025-26 हेतु भारत सरकार द्वारा दलहनों में आत्मनिर्भरता मिशन अंतर्गत राशि 123.82 करोड़ रुपये की कार्य योजना स्वीकृत ।
- स्वीकृत कार्य योजना के विरुद्ध राशि 111.45 करोड़ रुपये की रिलीज प्राप्त ।

## वित्तीय प्रबंधन को नये आयाम



- वर्ष 2025-26 में 4 लाख 38 हजार 317 करोड़ रुपये से अधिक का बजट प्रस्तुत ।
- बजट में कोई नया कर नहीं लगाया गया।
- मध्यप्रदेश की प्रति व्यक्ति आय वर्ष 2025-26 में प्रचलित भावों पर रुपये 1 लाख 69 हजार से अधिक हुई। पिछले वर्ष की तुलना में 9% की बढ़ोत्तरी।
- वर्ष 2028-29 तक बजट को दोगुना करने का लक्ष्य।
- शून्य आधारित बजटिंग और त्रिवर्षीय रोलिंग बजट वाला पहला राज्य बना मप्र ।
- मध्यप्रदेश का सकल घरेलू उत्पाद वर्ष 2025-26 प्रचलित भावों पर रुपये 18 लाख 48 हजार 274 करोड़ पहुंच गया है, पिछले वित्तीय वर्ष से 10.69% की वृद्धि हुई है।
- इंडस्ट्रियल ग्रोथ रेट में देश में अग्रणी मध्यप्रदेश ।
- प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने (गरीब, युवा, अन्नदाता और नारी) का मंत्र दिया था, उसमें आई फॉर इंडस्ट्रियलाइजेशन और आई फॉर इंफ्रास्ट्रक्चर को जोड़कर ज्ञानी ) के विकास का संकल्प।
- प्रचलित मूल्यों पर मध्यप्रदेश, देश की सबसे तेज बढ़ती अर्थव्यवस्था वाले प्रदेशों में से है।

## बदलाव जो दिखता है विषय

| विषय | वर्ष 2002-03 | वर्ष 2026 | गुना वृद्धि |
|---|---|---|---|
| राज्य की आर्थिक विकास दर | 4.43 % | 12.14 % | 2.5 गुना |
| राज्य की जीडीपी | 71 हजार 594 करोड़ रुपए | 18 लाख 48 हजार 274 करोड़ रुपये | 25.8 गुना |
| प्रति व्यक्ति आय | 11 हजार 718 रुपये वार्षिक | 1 लाख 69 हजार 50 रुपये | 14.4 गुना |
| | बजट आकार | | |
| मध्यप्रदेश का बजट | 23 हजार 161 करोड़ रुपये | 4 लाख 38 हजार 317 करोड़ रुपये | 18.9 गुना |
| | कृषि विकास, किसान कल्याण | | |
| खाद्यान्न उत्पादन | 107.49 लाख मीट्रिक टन | 670 लाख मीट्रिक टन | 6.2 गुना |
| सिंचाई क्षमता (हेक्टेयर में) | 7.68 लाख हेक्टेयर | 55 लाख हेक्टेयर से अधिक | 7.2 गुना |
| | महिला सशक्तिकरण | | |
| महिला स्व-सहायता समूह | 705 समूह | 5 लाख 10 हजार से अधिक | 723.2 गुना |
| लाड़ली लक्ष्मी योजना | ------------ | 52 लाख 29 हजार से अधिक | ------------ |
| | अनुसूचित जनजाति एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण | | |
| जनजातीय प्राथमिक शाला | 12 हजार 643 | 22 हजार 913 | 1.8 गुना |
| जनजातीय माध्यमिक शाला | 4 हजार 369 | 6 हजार 788 | 1.5 गुना |
| जनजातीय हाईस्कूल | 510 | 1109 | 2.2 गुना |
| जनजातीय 3. माध्यमिक विद्यालय | 476 | 898 | 1.9 गुना |
| | स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण | | |
| जिला चिकित्सालय | 36 | 55 | 1.5 गुना |
| | शिक्षा | | |
| नि:शुल्क साइकिल | 34,268 | 4 लाख 85 हजार | 14.2 गुना |
| | ऊर्जा | | |
| ऊर्जा क्षमता (मेगावॉट में) | 5173 मेगावॉट | 25514 मेगावॉट | 4.9 गुना |
| प्रति व्यक्ति बिजली उपलब्धता | 570 KW/H | 1398 KW/H | 2.42 गुना |
| प्रति व्यक्ति बिजली उपलब्धता प्रति घंटा | 570 KW/H | 1398 KW/H | 2.42 गुना |
| 7 नवकरणीय ऊर्जा | ------------ | 9508 मेगावॉट | ------------ |
| | पर्यटन | | |
| पर्यटकों की संख्या | 64 लाख | 13 करोड़ 50 लाख से अधिक | 21 गुना |



## 12 वर्ष विश्वास के, विकास के, जनकल्याण के...

### गरीब कल्याण

- इन 12 वर्षों में देश के नीति-निर्धारण के केंद्र में गरीब, युवा, नारी और किसान स्थापित हुए हैं। असल मायने में कमजोरों, वंचितों और शोषितों की सरकाई आई है।
- रामराज्य की जो परिकल्पना गोस्वामी तुलसीदास जी ने की थी, प्रधानमंत्री जी के इन 12 वर्षों के कार्यकाल में सेवा और सुशासन का वही स्वरूप दिखाई देता है। यह कार्यकाल गरीबों, वंचितों और शोषितों के जीवन से अभावों और उपेक्षा के वनवास को समाप्त करने का कालखंड है।
- मुझे याद आ रहा है कोविड का वो कालखंड, जब दुनिया के विकसित देश भी घुटनों पर आ गए थे। उस कठिन दौर में माननीय प्रधानमंत्री जी ने एक कुशल राष्ट्र प्रमुख और अभिभावक की तरह आगे बढ़कर देश को संभाला।
- एक तरफ जहां दुनिया के दूसरे देशों में खाने के लाले पड़ रहे थे, आपके नेतृत्व में शुरू हुई 'प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना' ने देश के किसी गरीब के घर का चूल्हा बुझने नहीं दिया।

### युवा शक्ति

- प्रधानमंत्री जी यह आपका ही आह्वान था, जिसने युवाओं को नौकरी लेने वाला ही नहीं देने वाला बनने के लिए प्रेरित किया है। आज भारत 2 लाख से अधिक पंजीकृत स्टार्टअप्स के साथ दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा स्टार्टअप इकोसिस्टम है । मुझे हर्ष है यह कहते हुए कि 4 हजार 800 से अधिक पंजीकृत स्टार्टअप के साथ मध्यप्रदेश इसमें अग्रिम पंक्ति में खड़ा है।
- युवाओं के स्व-रोजगार के सपनों को पंख देने के लिए देश भर में 40 लाख करोड़ रुपये से अधिक के मुद्रा लोन बिना किसी गारंटी के वितरित किए गए हैं।
- युवाओं में नवाचार बढ़ाने के लिए स्कूलों में 10 हजार से अधिक अटल टिंकरिंग 'लैब्स' काम कर रही हैं। लगभग 2 करोड़ युवाओ को स्किल ट्रेनिंग दी गई है।

### महिला कल्याण

- आदरणीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में माताएं और बहनें योजनाओं की लाभार्थी नहीं अर्थव्यवस्था की सारथी बन रही हैं।
- देश की 32 करोड़ से अधिक महिलाओं के जन-धन खाते खोलकर उन्हें सीधे बैंकिंग तंत्र से जोड़ा गया। 36. देश के गांवों में 3 करोड़ से अधिक लखपति दीदी ग्रामीण अर्थव्यवस्था का सफल नेतृत्व कर रही हैं। इतना ही नहीं, 10 करोड़ से अधिक ग्रामीण महिलाएं 91 लाख से अधिक स्व-सहायता समूहों से जुड़कर अपने पैरों पर खड़ी हुई हैं। मुझे गर्व है यह कहते हुए कि इसमें मध्यप्रदेश की 65 लाख स्व-सहायता समूहों की बहनें और 1 लाख लखपति दीदी शामिल हैं।

### भारत सरकार की योजनाओं के क्रियान्वयन में
## लगातार उत्कृष्ट प्रदर्शन

- पीएम स्व-निधि योजना
- प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना
- पीएम आवास योजना
- कृषि अवसंरचना निधि
- प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना
- स्वामित्व योजना
- नशा मुक्त भारत अभियान
- आयुष्मान भारत योजना
- मछुआ क्रेडिट कार्ड योजना
- राष्ट्रीय पशु रोग नियंत्रण कार्यक्रम प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना
- राष्ट्रीय आजीविका मिशन
- स्वच्छ भारत मिशन

D-16034/26

वर्ष 73 अंक 258 पृष्ठ 12
रीवा, मंगलवार 16 जून, 2026
ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष 01, विक्रम संवत् 2083
नगर मूल्य 5 रुपए

# दैनिक जागरण

www.dainikjagranmpcg.com

कोई भी वस्तु तब तक मूल्यवान नहीं हो सकती, जब तक किसी के लिए उसकी उपयोगिता न हो।
– कार्ल मार्क्स

**सुप्रीम कोर्ट का बड़ा फैसलाः** मप्र सरकार की 2011 की अधिसूचना रद्द, कहा- एसपीईं कोई खुफिया या सुरक्षा संगठन नहीं

# लोकायुक्त की स्पेशल पुलिस आरटीआई से बाहर नहीं

**नई दिल्ली, जेएनएन।** सुप्रीम कोर्ट ने एक महत्वपूर्ण फैसले में कहा है कि मध्य प्रदेश लोकायुक्त संगठन की स्पेशल पुलिस एस्टेब्लिशमेंट (एसपीई) को सूचना के अधिकार (आरटीआई) कानून से पूरी तरह छूट नहीं दी जा सकती। अदालत ने मध्य प्रदेश हाईकोर्ट के उस आदेश को बरकरार रखा, जिसमें लोकायुक्त की विशेष पुलिस इकाई को मांगी गई जानकारी उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए थे।

जस्टिस जेके माहेश्वरी और जस्टिस अतुल एस चंदुरकर की पीठ ने अपने फैसले में कहा कि लोकायुक्त की एसपीई भ्रष्टाचार से जुड़े मामलों की जांच करती है, लेकिन उसे आरटीआई कानून की धारा 24(4) के तहत 'खुफिया और सुरक्षा संगठन' नहीं माना जा सकता। इसलिए उसे सूचना के अधिकार कानून से 'पूर्ण छूट' नहीं दी जा सकती।

सुनवाई के दौरान एसपीई ने 25 अगस्त 2011 की उस सरकारी अधिसूचना का हवाला दिया, जिसके जरिए लोकायुक्त की एसपीई और राज्य आर्थिक अपराध अन्वेषण ब्यूरो (ईओडब्ल्यू) को आरटीआई कानून के दायरे से बाहर रखा गया था। अदालत ने 2011 की अधिसूचना को कानून की मूल भावना से परे बताते हुए एसपीई को आरटीआई से बाहर रखने वाले हिस्से को अवैध और अधिकार क्षेत्र से अधिक माना। हालांकि, शीर्ष अदालत ने स्पष्ट किया कि ईओडब्ल्यू के संबंध में अधिसूचना की वैधता पर उसने कोई टिप्पणी नहीं की है और उस हिस्से पर यह फैसला लागू नहीं होगा।




### सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणी

आरटीआई कानून के तहत केवल खुफिया और सुरक्षा संगठनों को ही ऐसी छूट दी जा सकती है। लोकायुक्त की एसपीई का काम केवल भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम और लोक सेवकों से जुड़े कुछ आपराधिक मामलों की जांच तक सीमित है। वह न तो खुफिया एजेंसी है और न ही सुरक्षा संगठन।

**यह है मामला**

यह मामला कटनी के तत्कालीन टाउन इंस्पेक्टर कमता प्रसाद मिश्रा की ओर से दायर आरटीआई आवेदन से जुड़ा है। मिश्रा 2017 में लोकायुक्त की ट्रैप कार्रवाई में आरोपी बनाए गए थे। 2020 में अभियोजन स्वीकृति मिलने के बाद उन्होंने यह जानना चाहा था कि उनके खिलाफ स्वीकृति देने की प्रक्रिया कैसे पूरी हुई और इस संबंध में क्या पत्राचार हुआ। हालांकि, अधिकारियों और बाद में राज्य सूचना आयोग ने यह जानकारी देने से इनकार कर दिया था। इसके बाद मध्य प्रदेश हाईकोर्ट ने माना कि जांच पूरी हो चुकी है और चार्जशीट भी दाखिल हो चुकी है, इसलिए जानकारी देने में कोई बाधा नहीं है। हाईकोर्ट ने सूचना उपलब्ध कराने का आदेश दिया था, जिसे एसपीई ने सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी थी।




एलन मस्क दुनिया के पहले ट्रिलियनर बने!

**ऑफ बीट**

### एआई से पुलिस की वर्दी में बनाए फोटो, गिरफ्तार



*उत्तर प्रदेश के औरैया में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) की मदद से पुलिस वर्दी पहने फर्जी तस्वीरें बनाकर सोशल मीडिया पर पोस्ट करने के आरोप में एक युवक को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस के अनुसार, आरोपी ने फेसबुक अकाउंट पर कई ऐसी तस्वीरें साझा की थीं, जिनमें वह पुलिस अधिकारी की वर्दी में दिखाई दे रहा था। कुछ तस्वीरों में उसके पीछे पुलिसकर्मी खड़े नजर आ रहे थे, जबकि एक तस्वीर में वह मेज पर पैर रखकर बैठा दिख रहा था। तस्वीरों के बैकग्राउंड में 'औरैया पुलिस' लिखा होने के कारण लोगों को लगा कि युवक का पुलिस विभाग से संबंध है। सोशल मीडिया पर तस्वीरें वायरल होने के बाद मामले की जांच शुरू की गई। जांच में पता चला कि सभी तस्वीरें एआई से तैयार की गई थीं और उनका वास्तविकता से कोई संबंध नहीं था।*

# भारत-स्लोवाकिया के बीच रक्षा और व्यापार से जुड़े 11 समझौते

**मोदी ने स्लोवाकिया के प्रधानमंत्री को दिया भारत आने का निमंत्रण**

**ब्रातिस्लावा में पारंपरिक ब्रेड-नमक से हुआ भारतीय पीएम का स्वागत**

**नई दिल्ली/ ब्रातिस्लावा, जेएनएन।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दो दिवसीय स्लोवाकिया दौरे के दौरान भारत और स्लोवाकिया ने द्विपक्षीय संबंधों को 'व्यापक साझेदारी' के स्तर तक अपग्रेड करने का फैसला किया है। दोनों देशों के बीच प्रवासन, डिजिटल प्रौद्योगिकी, रक्षा, शिक्षा तथा अन्य क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने के लिए 11 समझौतों पर हस्ताक्षर किए गए। सोमवार को स्लोवाकिया के प्रधानमंत्री रॉबर्ट फिको के साथ हुई द्विपक्षीय वार्ता के बाद द्विपक्षीय रक्षा और व्यापार समझौता हुआ। मोदी ने फिको को भारत आने का न्योता भी दिया। ब्रातिस्लावा के ऐतिहासिक महल में मुलाकात के दौरान फिको ने मोदी को लगातार सबसे लंबे समय तक निर्वाचित प्रधानमंत्री बनने पर बधाई देते हुए इसे एक 'राजनीतिक चमत्कार' बताया।

प्रधानमंत्री मोदी रविवार रात स्लोवाकिया पहुंचे, जहां उनका स्वागत विदेश और यूरोपीय मामलों के मंत्री जुराय ब्लानार ने किया। स्लोवाकिया की परंपरा के अनुसार उन्हें ब्रेड और नमक भेंट किया गया, जिसे वहां सम्मान, मित्रता और सद्भावना का प्रतीक माना जाता है। ब्रातिस्लावा एयरपोर्ट पर भारतीय समुदाय के लोगों ने भी उनका जोरदार स्वागत किया। इस दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रम में 'वंदे मातरम की विशेष प्रस्तुति दी गई। प्रधानमंत्री ने रक्षा सहयोग को दोनों देशों के रणनीतिक विश्वास का प्रतीक बताते हुए कहा कि इस क्षेत्र में एक लेटर ऑफ इंटेंट पर हस्ताक्षर किए हैं। उन्होंने कहा कि भारतीय उपनिषदों का स्लोवाक भाषा में अनुवाद दोनों देशों की सांस्कृतिक निकटता को दर्शाता है।

### स्लोवाकिया के विवि में एआई पर बनेगी 'इंडिया चेयर'



संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस में प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि दोनों देशों ने अपने संबंधों को व्यापक साझेदारी तक ले जाने का निर्णय लिया है, जो आपसी विश्वास और साझा भविष्य का प्रतीक है। उन्होंने भारत-यूरोपीय संघ (ईयू) मुक्त व्यापार समझौते को अंतिम रूप देने में स्लोवाकिया के सहयोग के लिए प्रधानमंत्री फिको का आभार जताया। मोदी ने बताया कि स्लोवाकिया की एक यूनिवर्सिटी में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) पर 'इंडिया चेयर' स्थापित की जा रही है, जिससे दोनों देशों के बीच शैक्षणिक और तकनीकी सहयोग मजबूत होगा।

### स्लोवाकिया के सर्वोच्च नागरिक सम्मान से नवाजे गए मोदी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को स्लोवाकिया के सर्वोच्च नागरिक सम्मान 'द ऑर्डर ऑफ द व्हाइट डबल क्रॉस (फर्स्ट क्लास)' से नवाजा गया है। राजधानी ब्रातिस्लावा में उन्हें सम्मानित किया गया। सम्मान मिलने पर पीएम मोदी ने एक्स पोस्ट में लिखा - वह इसके लिए स्लोवाकिया की सरकार और वहां के लोगों के आभारी हैं। यह सम्मान भारत के 140 करोड़ लोगों का है और इसे भारत-स्लोवाकिया की मजबूत एवं स्थायी दोस्ती को समर्पित करते हैं।

### 17 हजार करोड़ रुपए का द्विपक्षीय व्यापार

भारत और स्लोवाकिया के बीच आर्थिक संबंध लगातार मजबूत हो रहे हैं। वर्ष 2025 में दोनों देशों के बीच लगभग 17 हजार करोड़ रुपये का द्विपक्षीय व्यापार हुआ। भारत ने स्लोवाकिया को वाहन कलपुर्जे, मोबाइल फोन, कपड़ा और अन्य औद्योगिक उत्पादों का निर्यात किया, जबकि स्लोवाकिया से वाहन, भारी मशीनरी, इलेक्ट्रॉनिक उपकरण और प्रोसेस्ड रबर का आयात किया गया। स्लोवाकिया यूरोप के प्रमुख ऑटोमोबाइल उत्पादन केंद्रों में शामिल है, जहां वोक्सवैगन, किआ, जगुआर लैंड रोवर और वोल्वो जैसी कंपनियों की फैक्ट्रियां हैं।

**संस्कृति विभाग की समीक्षा बैठक में सीएम ने दिए निर्देश**

# ऐसे आयोजन करें, जिनसे बढ़े समाज में बंधुता का भावः सीएम

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने संस्कृति विभाग के अफसरों से कहा है कि वे ऐसे नवाचार और आयोजन करें, जिनसे सभी समाजों के बीच बंधुता का भाव पैदा हो और लोग एक-दूसरे के सुख-दुःख में खड़े दिखाई दें। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन से समाज जुड़ेगा और सामाजिक समरसता में मजबूती आएगी।

सीएम सोमवार को मंत्रालय में संस्कृति विभाग की समीक्षा बैठक में अधिकारियों से संवाद कर रहे थे। उन्होंने कहा कि ऐसे प्रयास होने चाहिए कि सभी समाज को जोड़कर सांस्कृतिक पर्व आयोजित किए जा सकें। सीएम ने सम्राट विक्रमादित्य के नाम पर नई अकादमी स्थापित करने के निर्देश देते हुए अधिकारियों से कहा कि इससे हम अपने ऐतिहासिक गौरव को जीवंत रख सकेंगे। आने वाले छह-सात माह में बड़े त्यौहार, सांस्कृतिक पर्व एवं मेले मनायें जायेंगे। ये सभी त्यौहार हमारी धार्मिक आस्थाओं और प्रकृति के प्रति हमारी कृतज्ञता के प्रतीक हैं। इन सभी अवसरों पर संस्कृति विभाग सभी समाजों को, उनकी आस्थाओं और सांस्कृतिक परम्पराओं को जोड़कर वृहद आयोजन करें। आल्हा-ऊदल वीर रस गायन के प्रतीक हैं, उनकी स्मृति में आयोजन किए जाएं। श्रावण महोत्सव और भुजरिया पर्व भी मनाएं। नागपंचमी पर सर्प प्रजातियों के संरक्षण का संदेश दिया जाये।

डॉ. यादव ने कहा कि हमारा राज्य कई मायने में अलग है। हमारी सांस्कृतिक धरोहर को लेकर देश- प्रदेश के सैलानी और आस्थावान लोग आकर्षित हैं। अधिकारी कुछ ऐसे प्रयास करें जिससे हमारी सांस्कृतिक पहचान राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर स्थापित हो सके। इसके लिए योजनाबद्ध तरीके से प्रयास किए जाने चाहिए। संस्कृति, पर्यटन, धार्मिक न्यास और कुटीर एवं ग्रामोद्योग विभाग सभी मिलकर काम करें, ताकि प्रदेश में धार्मिक एवं आध्यात्मिक पर्यटन को बढ़ावा मिले। इस मौके पर सीएम ने मौजूदा वित्तीय वर्ष के लिए तैयार किये गये कला पंचांग का विमोचन भी किया। बैठक के दौरान संस्कृति राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) धर्मेन्द्र सिंह लोधी भी मौजूद रहे।




- **धार्मिक स्थल शामिल होंगे तीर्थदर्शन यात्रा में:** मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि राज्य के बाहर के प्रसिद्ध मंदिरों और देव स्थानों के अतिरिक्त अब प्रदेश में मौजूद 2 ज्योतिर्लिंगों, जागृत एवं मंशापूर्ण शक्ति पीठों एवं अन्य धार्मिक स्थलों को भी मुख्यमंत्री तीर्थदर्शन योजना में शामिल किया जाये।
- **जगदीशपुर में होगी कैबिनेट:** सीएम ने भोपाल के नजदीक जगदीशपुर किले की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने कहा कि इस किले के इतिहास को जीवंत करने और इसे राष्ट्रीय पहचान दिलाने के लिए भविष्य में जल्द ही यहां स्टेट कैबिनेट मीटिंग की जायेगी।
- **पुरस्कारों के लिए विभाग करे अनुशंसा:** मुख्यमंत्री ने कहा कि पद्म पुरस्कारों के लिए कलाकारों, समाजसेवियों, पर्यावरणविदों के केंद्र सरकार को भेजे जाने वाले प्रस्तावों पर संस्कृति विभाग भी अपनी ओर से अनुशंसा करे। उन्होंने कहा कि प्रदेश के सभी पद्म पुरस्कार विजेताओं की आर्थिक मदद के लिए एक स्थायी योजना तैयार की जाये।

## संक्षिप्त खबरें

### 'कुमकुम भाग्य' फेम एक्ट्रेस संचिता का निधन

**मुंबई, जेएनएन।** टीवी सीरियल 'कुमकुम भाग्य' और 'वागले की दुनिया' में अभिनय कर चुकीं अभिनेत्री संचिता उगले का रविवार रात निधन हो गया। वह महज 22 वर्ष की थीं। पुलिस के अनुसार, उनका शव उनके घर में मिला। प्रारंभिक जांच में कोई संदिग्ध परिस्थिति या सुसाइड नोट नहीं मिला है। पुलिस ने बताया कि घटना के समय संचिता घर में अकेली थीं। उनके परिवार ने उन्हें तुरंत अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। उनके पिता ने फिलहाल किसी पर कोई आरोप नहीं लगाया है। संचिता महाराष्ट्र के पालघर में अपने माता-पिता के साथ रहती थीं और टीवी इंडस्ट्री में अपनी पहचान बना रही थीं। निधन से कुछ घंटे पहले उन्होंने इंस्टाग्राम पर एक रील साझा की थी।



**22 वर्षीय अभिनेत्री घर में मिली मृत**

**राम मंदिर चढ़ावा चोरी केस**

### जांच के लिए एसआईटी की टीम पहुंची अयोध्या

**अयोध्या, जेएनएन।** राम मंदिर में चढ़ावे की कथित चोरी के मामले की जांच अब तेज हो गई है। इस मामले की जांच के लिए गठित स्पेशल इन्वेस्टिगेशन टीम (एसआईटी) सोमवार दोपहर अयोध्या पहुंची और सीधे श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के कार्यालय में जांच शुरू की। टीम ने ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय से जानकारी ली और मामले से जुड़े कई दस्तावेजों की समीक्षा की। जानकारी के अनुसार, जिन कर्मचारियों पर चढ़ावे में गड़बड़ी का संदेह है, उन्हें ट्रस्ट परिसर के एक कमरे में बैठाकर पूछताछ की जा रही है। ट्रस्ट के आमंत्रित सदस्य गोपाल राव से भी करीब दो घंटे तक पूछताछ हुई। एसआईटी उन आईपीएस अधिकारी से भी जानकारी जुटाएगी, जो कुछ दिन पहले दिल्ली से गुप्त जांच के लिए अयोध्या पहुंचे थे। अयोध्या आने से पहले एसआईटी ने सीएम योगी आदित्यनाथ से लखनऊ में मुलाकात की।

**ट्रस्ट के संदिग्ध कर्मियों से पूछताछ**

# सीधीः टीआई को मारी सिर में कुल्हाड़ी, 12 टांके आए

**जागरण, सीधी।** सीधी के कमर्जी थाना क्षेत्र के ग्राम पटपरा में दो पक्षों के बीच चल रहे नाली विवाद के बाद लगाए गए सड़क जाम को खुलवाने पहुंचे थाना प्रभारी इंद्राज सिंह और पुलिस बल पर कुछ असामाजिक तत्वों ने कुल्हाड़ी और हंसिए से जानलेवा हमला किया गया। इस कारण उनके सिर पर गंभीर चोटें आईं। उनके सिर में 12 टांके लगाए गए हैं। उन्हें तत्काल डायल-112 की मदद से जिला अस्पताल सीधी में एडमिट कराया गया। इसके बाद चुरहट एसडीएम विकास कुमार आनंद और 5 थानों की पुलिस मौके पर पहुंची और जाम खुलवाया। हमलावरों को गिरफ्तार कर थाने लाया गया। जानकारी के मुताबिक, ग्राम पटपरा में सरकारी रास्ते को लेकर दो पक्षों के बीच लंबे समय से विवाद चल रहा है। एक पक्ष का आरोप है कि कुछ लोगों ने सरकारी मार्ग पर अतिक्रमण कर रखा है। इस संबंध में कई बार तहसील कार्यालय में आवेदन दिए गए थे। कार्रवाई न होने से नाराज लोगों ने सोमवार दोपहर 12 बजे सड़क जाम कर दिया।

**दोषियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई होगीः एसपी**

एसपी कोरी ने कहा कि थाना प्रभारी पर हमला गंभीर मामला है। पांच थानों का पुलिस बल और एसडीओपी को मौके पर भेजा गया। सभी पहलुओं से जांच की जा रही है। आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए दबिश दी जा रही है। दोषियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### विजय-संगीता के तलाक पर सुनवाई 7 अगस्त को

**चेंगलपट्टू, जेएनएन।** तमिलनाडु के सीएम और टीवीके प्रमुख विजय तथा उनकी पत्नी संगीता के बीच चल रहे तलाक मामले की सुनवाई अब 7 अगस्त को होगी। सोमवार को चेंगलपट्टू फैमिली कोर्ट ने अगली तारीख तय की। संगीता ने पिछले वर्ष 23 दिसंबर को विजय से तलाक की अर्जी दायर की थी। सुनवाई के दौरान उनके पक्ष की ओर से वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से पेश होने की अनुमति मांगी गई थी, लेकिन अदालत ने इसे खारिज कर दिया। कोर्ट ने कहा कि याचिका में दोनों पक्षों के सही ईमेल पते उपलब्ध नहीं कराए गए हैं। जज सुजाता ने संगीता और मुख्यमंत्री विजय के ईमेल पते अदालत में जमा करने के निर्देश दिए हैं।



# हाइवे लुटेरों ने टूरिस्ट बस को बनाया निशाना, परिवार सहित जो रहे फौजी के 15 लाख के जेवर उड़ाए

**गढ़ थाना क्षेत्र के एक ढाबे के पास हुई घटना**

**जागरण, रीवा।** एच 30 व 135 में हाइवे लुटेरों का आतंक बढ़ता जा रहा है। रविवार सुबह एनएच 135 में गढ़ थाना क्षेत्र के नेशनल हाईवे स्थित एक ढाबे पर खड़ी यात्री बस को निशाना बनाया। लुटेरों ने अपने परिवार के साथ जा रहे फौजी के 15 लाख के जेवर उड़ा लिए। अज्ञात बदमाशों ने उस समय घटना को अंजाम दिया जब यात्रा उतर कर नित्य क्रिया को बाहर उतरे तो कुछ चढ़ उतर रहे थे। इसी का फायदा उठाकर बस में सफर कर रहे एक सीआरपीएफ जवान के बैग से करीब 15 लाख रुपये मूल्य के सोने-चांदी के आभूषण चोरी कर लिए। पूरी घटना बस में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है, जिसके आधार पर पुलिस आरोपियों की तलाश में जुट गई है। जानकारी के अनुसार सीआरपीएफ जवान अपनी पत्नी और दो बच्चों के साथ महाराष्ट्र से वाराणसी जा रहे थे। यात्रा के दौरान गढ़ थाना क्षेत्र में स्थित एक ढाबे पर बस रुकी। इस दौरान जवान, उनकी पत्नी और बेटी बस से नीचे उतरकर फ्रेश होने चले गए, जबकि चार वर्षीय बेटा सीट पर सोता रहा। कुछ देर बाद जब परिवार वापस बस में पहुंचा तो बैग का सामान बिखरा पड़ा था। जांच करने पर पता चला कि बैग में रखे लगभग 9 तोला सोने के जेवर सहित चांदी के आभूषण गायब हैं। पीड़ित जवान ने तत्काल गढ़ थाने में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। बस में लगे सीसीटीवी फुटेज की पड़ताल में दो संदिग्ध युवक और एक महिला नजर आए हैं। फुटेज में एक व्यक्ति बस के अंदर घुसकर चोरी करता दिखाई दे रहा है, जबकि अन्य संदिग्ध बस के गेट पर निगरानी करते नजर आ रहे हैं।



**विवाद** कांस्य प्रतिमा के नग्न धड़ को ढंककर छापा, एनसीईआरटी बोला- खास वजह नहीं

# एनसीईआरटी की किताब में बदली 'डांसिंग गर्ल' की तस्वीर

**नई दिल्ली, जेएनएन।** सिंधु घाटी सभ्यता की सबसे प्रसिद्ध पुरातात्विक खोजों में शामिल मोहनजोदड़ो की कांस्य प्रतिमा 'डांसिंग गर्ल' एक बार फिर चर्चा में है। इस बार विवाद किसी नई खोज को लेकर नहीं, बल्कि एनसीईआरटी की नई पाठ्यपुस्तक में प्रकाशित उसकी बदली हुई तस्वीर को लेकर है। इतिहासकारों का आरोप है कि 100 साल पुरानी इस ऐतिहासिक धरोहर के मूल स्वरूप से छेड़छाड़ की गई है और यह इतिहास के साथ सेंसरशिप जैसा व्यवहार है।

'द इंडियन एक्सप्रेस' की एक रिपोर्ट के अनुसार, कक्षा 9 की नई पुस्तक 'मधुरिमा' के पहले अध्याय 'हिस्ट्री ऑफ आर्ट्स' में इस प्रतिमा की तस्वीर प्रकाशित की गई है। हालांकि, इसमें मूर्ति के कंधे से नीचे के खुले धड़ को ढंक दिया गया है और उसका रंग भी मूल प्रतिमा से अलग दिखाई देता है। खास बात यह है कि पिछले लगभग 25 वर्षों से विभिन्न पाठ्यपुस्तकों में इस प्रतिमा की तस्वीर उसके मूल रूप में प्रकाशित होती रही है। यह पुस्तक एनसीईआरटी की नई आर्ट्स एजुकेशन सीरीज का हिस्सा है, जिसे नई शिक्षा नीति (एनईपी) और नेशनल करिकुलम फ्रेमवर्क (एनसीएफ) के तहत तैयार किया गया है। अब तक पहली से नौवीं कक्षा तक की नई किताबें जारी की जा चुकी हैं। प्रसिद्ध इतिहासकार मिशेल डैनिनो ने इस बदलाव पर आपत्ति जताते हुए कहा कि किसी ऐतिहासिक कलाकृति के मूल स्वरूप को बदलना उचित नहीं है।

### सिंधु घाटी सभ्यता की अनमोल धरोहर

*'डांसिंग गर्ल' के नाम से प्रसिद्ध यह कांस्य प्रतिमा वर्ष 1926 में मोहनजोदड़ो की खुदाई के दौरान मिली थी। लगभग चार इंच ऊंची इस प्रतिमा में एक युवती को आत्मविश्वासपूर्ण मुद्रा में दर्शाया गया है। उसके बाल जूड़े में बंधे हैं, हाथों में कई चूड़ियां और गले में हार है। दाहिना हाथ कमर पर और बायां हाथ जांघ पर टिका हुआ है।*




- यह प्रतिमा उस समय के धातु शिल्प और कलात्मक कौशल का उत्कृष्ट उदाहरण है।
- हड़प्पा सभ्यता के लोग तांबा और टिन को मिलाकर कांसा बनाने की उन्नत तकनीक जानते थे और इसी तकनीक से इस प्रतिमा का निर्माण किया गया था।
- वर्तमान में यह ऐतिहासिक प्रतिमा नई दिल्ली के नेशनल म्यूजियम में सुरक्षित रखी गई है और भारतीय पुरातात्विक विरासत की सबसे महत्वपूर्ण धरोहरों में गिनी जाती है।

**एनसीईआरटी की सफाई**

### कक्षा 6 की पुस्तक में मूल स्वरूप में है यह तस्वीर

विवाद बढ़ने के बाद एनसीईआरटी के निदेशक दिनेश प्रसाद सकलानी ने कहा कि तस्वीर में किए गए बदलाव के पीछे कोई खास वजह नहीं है। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि कक्षा 6 की सामाजिक विज्ञान की पुस्तक में यही प्रतिमा अपने मूल स्वरूप में प्रकाशित है और उसे हड़प्पा सभ्यता की महत्वपूर्ण खोजों में शामिल किया गया है। इस बयान के बावजूद तस्वीर में बदलाव को लेकर बहस जारी है। कई विशेषज्ञों का मानना है कि शैक्षणिक पुस्तकों में ऐतिहासिक तथ्यों और कलाकृतियों को उनके वास्तविक स्वरूप में प्रस्तुत किया जाना चाहिए।

### ब्रिटेनः अंडर 16 के लिए बैन होगा सोशल मीडिया

**लंदन, जेएनएन।** ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर ने घोषणा की है कि 16 साल से कम उम्र के बच्चों के लिए सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर प्रतिबंध लगाया जाएगा। यह नया नियम 2027 की वसंत ऋतु से लागू करने की तैयारी है।



सरकार के अनुसार, यह प्रतिबंध टिकटॉक, यूट्यूब, इंस्ट्राग्राम, स्नैपचैट और एक्स जैसे प्लेटफॉर्म पर लागू होगा। हालांकि व्हाट्सएप और सिग्नल जैसी मैसेजिंग सेवाएं इस दायरे से बाहर रहेंगी। टेलीविजन पर प्रसारित अपने संबोधन में स्टार्मर ने कहा, 'बच्चों की सुरक्षा और खुशहाली के लिए पूर्ण प्रतिबंध सही फैसला है और मैं इस पर कोई समझौता नहीं करूंगा।' सरकार का मानना है कि सोशल मीडिया के बढ़ते प्रभाव से बच्चों के मानसिक स्वास्थ्य और ऑनलाइन सुरक्षा पर खतरा बढ़ रहा है। हालांकि कुछ छात्रों ने स्टार्मर के इस फैसले का विरोध किया है।

संस्थापक ▸ गुरुदेव गुप्त

संपादकीय

## अंतरराष्ट्रीय 'युद्ध अपराध' है नाविकों की हत्याएं

*बेशक राष्ट्रपति ट्रंप ने ईरान में 'कयामत की रात' का फैसला वापस ले लिया, लेकिन यही संभावित था, क्योंकि ट्रंप 'अस्थिर' दिमाग के नेता हैं। ईरान युद्ध का एक अमानवीय पक्ष यह भी रहा है कि भारतीय नाविकों के लिए हरेक दिन 'कयामत' साबित हो रहा है। होर्मुज जलडमरूमध्य मार्ग के आसपास अथवा ओमान तट के करीब अमरीकी सेना ने उन जहाजों पर भी मिसाइल हमले किए हैं, जिन पर भारतीय नाविक सवार थे और अन्य भारतीय चालक दल के कामगार भी मौजूद थे। जहाज होर्मुज पर ईरानी सेना की नाफरमानी करे अथवा अमरीकी नाकेबंदी को नजरअंदाज करे, हर स्थिति में 'मौत' निश्चित है।*

*अमरीकी हमलों में अभी तक कुल 7 नाविकों की हत्या की गई है। यकीनन यह भारत-अमरीका की रणनीतिक साझेदारी का घोर उल्लंघन है और अंतरराष्ट्रीय कानूनों को धता बताने वाला 'युद्ध अपराध' भी है। भारत के प्रशिक्षित मानव संसाधनों को नष्ट करना भी है। यह खतरा भारत ही नहीं, यूरोप, एशिया के वे देश भी झेल रहे हैं, जिनके जहाज तेल, गैस, खाद, मशीनरी, खाद्य एवं अन्य रोजमर्रा की सामग्री आदि लेकर होर्मुज-ओमान से गुजरने को बाध्य हैं। हालांकि भारत सरकार के विदेश मंत्रालय ने दिल्ली में अमरीकी चार्ज डी अफेयर्स (एक किस्म का राजदूत) को तलब कर कारोबारी जहाजों और नागरिक ढांचे पर हमले तुरंत बंद करने को कहा है। भारत ने कड़ा राजनयिक विरोध भी दर्ज कराया है, लेकिन अमरीका ऐसी फटकार, सख्त रवैये की परवाह कहां करता है? वह अपनी सुविधा के मुताबिक कानूनों की व्याख्या करता है और उन्हें मानता है। 'रणनीतिक साझेदारी' दो खूबसूरत शब्द हैं, लेकिन अमरीका उनके मर्म को नहीं जानता। केंद्रीय जहाजरानी मंत्रालय ने खुलासा किया है कि 13 भारतीय ध्वज वाले जहाज और 562 भारतीय नाविक अब भी होर्मुज क्षेत्र में मौजूद हैं। बल्कि वे फंसे हुए हैं। पूरे खाड़ी क्षेत्र में 18,000 से अधिक भारतीय नाविक काम कर रहे हैं।*

*वे दूसरे देशों के जहाजों पर भी तैनात हैं। ऐसे में युद्ध के बढने से या अमरीका-ईरान के आपसी तनाव के मद्देनजर भारत के समुद्री और ऊर्जा-हितों पर भी असर पड़ता है। दरअसल जब से ईरान युद्ध भड़का है, तब से करीब 20,000 नाविक, अधिकतर भारतीय नाविक, होर्मुज के वैश्विक जलमार्ग के आसपास फंसे हैं। उनमें से कई ऐसे बड़े जहाज हैं, जिन पर भोजन, पानी आदि खत्म होने को हैं और नाविकों का मनोबल भी खतरनाक रूप से टूटता जा रहा है। अब भी 1600 से अधिक जहाज फारस और ओमान की खाड़ी में फंसे हुए हैं। उन पर करोड़ों रुपए का तेल, गैस, अन्य सामान लदे हैं। वे कब तक समंदर में खड़े रह सकते हैं? ऐसे में वैश्विक समुद्री व्यापार का क्या होगा? जहाजों की मालिक कंपनियां 'हत्यारे हमलों' के बीच कारोबार क्यों करेंगी? दुनिया में जो 20-25 फीसदी तेल, गैस, खाद, अन्य सामान इस 'संकरे जलमार्ग' से गुजरता था, उसका क्या होगा और देश घोर संकट झेलने को विवश होंगे? इन तमाम संदर्भों में राष्ट्रपति ट्रंप को 'वैश्विक अस्थिरता का खलनायक' मानना चाहिए।*

*अमरीका-इजरायल के थोपे हुए युद्ध ने ईरान को ऐसी दुरावस्था में झोंक दिया है कि वहां के लोग ईएमआई पर रोटी खाने को अभिशप्त हैं। ईरान में 73 फीसदी महंगाई बढ़ चुकी है। करीब 20 लाख लोग बेरोजगार हो चुके हैं। अब तो राष्ट्रपति ट्रंप के बयान से ही स्पष्ट है कि अमरीका वेनेजुएला की तरह ईरान के तेल-गैस पर कब्जा करना चाहता था। कुछ आंकड़े सामने आए हैं कि अमरीका ने अप्रैल में ईरान का 16.72 करोड़ बैरल तेल बेचा, जिससे 17.1 अरब डॉलर कमाए। पेट्रोलियम उत्पादों के निर्यात से 36 अरब डॉलर की कमाई की। ईरान ने इतना कुछ कैसे लुट जाने दिया? राष्ट्रपति ट्रंप यह युद्ध खत्म करना क्यों चाहेंगे, क्योंकि यह तो डॉलर छापने की मशीन साबित हो रहा है? अब फिर ट्रंप ने दावा किया है कि उच्चतम स्तर पर समझौते की सहमति बन गई है। क्या ट्रंप सच बोल रहे हैं?*

प्रसंगवश

## विश्वास की बुनियाद हिल सकती है ईवीएम जलने से

*जिस चुनावी प्रक्रिया पर विपक्षी दलों की ओर से लगातार सवाल उठाए जाते रहे हों, कई तरह के आरोप लगाए जा रहे हों, उस पर कोई स्पष्टता आने के बजाय अगर चुनाव से जुड़े संसाधनों को लेकर घोर लापरवाही बरती जाए, तो इसे क्या कहा जाएगा? पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनाव के नतीजे आए अभी ज्यादा समय नहीं हुआ, लेकिन उसमें उपयोग में लाई गई करीब चार हजार इलेक्ट्रानिक वोटिंग मशीनों के जल कर खाक हो जाने की घटना संदेह पैदा करती है।*

*पिछले हफ्ते कोलकाता की सरकारी इमारत में ऊपरी मंजिलों पर रखी मशीनों में आग लग जाने के पीछे विपक्षी दलों ने साजिश की आशंका जताई है। सवाल है कि सभी ईवीएम अगर उच्च सुरक्षा क्षेत्र में रखी गई थीं, तो वहां आग कैसे लगी? खबरों के मुताबिक, तीसरी मंजिल पर लगी आग सातवीं-आठवीं मंजिल तक पहुंच गई, जहां ईवीएम रखी गई थी। जांच के बाद जो भी तथ्य सामने आएं, लेकिन जिन इलेक्ट्रानिक वोटिंग मशीनों से मतदान कराने को लेकर तमाम विपक्षी दलों की ओर से बार-बार सवाल उठाए जाते रहे हैं, उनकी सुरक्षा और निगरानी में ऐसी गंभीर लापरवाही कैसे बरती गई?*

*इतनी बड़ी तादाद में ईवीएम जल जाने की घटना के बाद स्वाभाविक ही न सिर्फ राजनीतिक दलों का, बल्कि मतदाताओं का भी भरोसा एक बार फिर डगमगाएगा।*

*गौरतलब है कि बंगाल में चुनाव के पहले और उसके दौरान तृणमूल कांग्रेस ने मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण सहित पूरी चुनाव प्रक्रिया पर सवाल उठाए थे।*



*गंभीर आरोपों के बीच क्या यह चुनाव आयोग का दायित्व नहीं था कि वह ईवीएम की सुरक्षा और विश्वसनीयता को कायम रखने के पुख्ता इंतजाम करता? इससे जुड़े कई आरोपों पर स्पष्टता लाने के विपरीत हुआ यह कि पश्चिम बंगाल में ईवीएम के जल जाने की घटना ने संदेहों को और पुख्ता कर दिया है।*

*आग लगने की इस घटना पर विवाद बढ़ता जा रहा है। इसकी वजह यह है कि बीते अप्रैल में हुए विधानसभा चुनाव में दस विधानसभा क्षेत्रों में इन ईवीएम का इस्तेमाल किया गया था। तृणमूल कांग्रेस ने इस आग को रहस्यमयी करार दिया है। कांग्रेस ने भी चुनाव आयोग से इस घटना पर जवाब मांगा है। तृणमूल कांग्रेस प्रमुख और पूर्व मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पहले से ही चुनावी नतीजों पर सवाल उठाती रही हैं। उनका आरोप है कि कम से कम डेढ़ सौ सीटों पर गड़बड़ी की गई है। अब ताज़ा घटना ने पार्टी को एक मज़बूत हथियार दे दिया है। डायमंड हार्बर सबडिवीज़न के तहत कई सीटों के अलावा कस्बा, जादवपुर, बेहला पूर्व, बेहला पश्चिम, मटियाबुर्ज़ और सातगाछिया सीट पर मतदान में इस्तेमाल चार हज़ार कंट्रोल यूनिट्स, चार हजार बैलट यूनिट्स और चार हजार वीवीपैट आग में रहस्यमय तरीके से नष्ट हो गई हैं।*

*जाहिर है ऐसे में सवाल उठ रहे हैं कि, क्या यह महज़ एक हादसा है या फिर लोकतंत्र के साथ छेड़छाड़ के बाद बेहद अहम सबूतों को गायब करने की सुनियोजित कोशिश? आखिर यह आग कैसे लगी?*

*इस मामले में तो खुद मंत्री ने साजिश की आशंका जताई है। उन्होंने कहा था, चौथी, पांचवीं और छठी मंजिल को ज़्यादा नुक़सान पहुंचाए बिना आग ऊपर कैसे पहुंच गई? इस बात की जांच की जा रही है कि इसके पीछे कहीं कोई साज़शि तो नहीं थी। ऐसे में अब देखना होगा कि फ़ोरेंसिक और एसआईटी की जांच में असली वजह सामने आती है या यह लीपापोती की कवायद ही साबित होगी। शुरुआती जांच से पता चला है कि आग सबसे पहले दूसरी और तीसरी मंजिल पर दिखी थी। इसके बाद यह सातवीं, आठवीं, नौवीं और दसवीं मंज़लि तक पहुंच गई।*

*ऐसे समय में जब वोटों की गिनती में गड़बड़ियों की जांच की मांग को लेकर अदालतों से हस्तक्षेप की मांग की जा रही हो, यह घटना चुनाव आयोग को कठघरे में खड़ा करती है। ईवीएम जल जाने की घटना के बाद मतदाताओं का भरोसा एक बार फिर कसौटी पर है। यह ध्यान रखने की जरूरत है कि लोकतंत्र मतदाताओं के विश्वास से चलता है। इसके टूटने से उसकी बुनियाद हिल सकती है।*

पश्चिम बंगाल

**अनिश्चितता की एक बड़ी मिसाल बनकर सामने आया राजनीति भूचाल**

## नैतिक पहलुओं पर गंभीर चर्चा जरूरी

**विनोद पाठक**



पश्चिम बंगाल का यह राजनीतिक भूचाल केवल एक दल के टूटने या नए दल के बनने की कहानी नहीं है। यह भारतीय लोकतंत्र के उस जटिल प्रश्न की ओर संकेत करता है, जहां कानून और नैतिकता कई बार एक-दूसरे के समानांतर खड़े दिखाई देते हैं।

राजनीति में स्थाई मित्र या स्थाई शत्रु जैसी कोई चीज नहीं होती। यहां परिस्थितियां, जनमत और सत्ता का समीकरण इतनी तेजी से बदलते हैं कि कल तक अजेय दिखने वाला राजनीतिक दल भी कुछ समय बाद अस्तित्व के संकट से जूझता नजर आ सकता है। पश्चिम बंगाल की राजनीति में हाल के दिनों में आया अभूतपूर्व घटनाक्रम इसी अनिश्चितता की एक बड़ी मिसाल बनकर सामने आया है। चुनावी परिणामों के बाद जिस तेजी से तृणमूल कांग्रेस का संसदीय ढांचा दरका और उसके कई सांसदों ने एक नए राजनीतिक मंच का रुख किया, उसने केवल पश्चिम बंगाल की राजनीति को ही नहीं झकझोरा, बल्कि देश में दलबदल विरोधी कानून की प्रभावशीलता और उसकी सीमाओं पर भी नए सिरे से बहस छेड़ दी है।

सबसे बड़ा सवाल यह है कि क्या निर्वाचित प्रतिनिधियों के सामूहिक रूप से दल बदल लेने को केवल कानूनी प्रक्रिया मान लिया जाए या इसके नैतिक पहलुओं पर भी गंभीर चर्चा होनी चाहिए? आखिर जनता ने वोट किसी व्यक्ति को दिया था, किसी विचारधारा को या उस राजनीतिक दल को जिसके प्रतीक और नेतृत्व के आधार पर चुनाव लड़ा गया था?

पूरे घटनाक्रम में सबसे अधिक चर्चा उस नई राजनीतिक इकाई 'नेशनलिस्ट सिटिजन्स पार्टी ऑफ इंडिया' की हो रही है, जिसके बारे में आम राजनीतिक विमर्श में पहले बहुत कम जानकारी थी। पार्टी के सोशल मीडिया अकाउंट्स भी 14 जून को सक्रिय हुए हैं, जिन पर तृणमूल कांग्रेस से आए सांसदों का स्वागत किया गया है। ये सांसद अब मोदी सरकार को बाहर से सशर्त समर्थन देंगे। इन सांसदों में कई सांसद तो ऐसे हैं, जो पानी पी-पीकर रोज भाजपा नेतृत्व को कोसते थे। अचानक इस मंच पर कई सांसदों का एक साथ आ जाना स्वाभाविक रूप से अनेक सवाल खड़े करता है। क्या यह वास्तव में एक नई राजनीतिक विचारधारा की शुरुआत है या फिर केवल दलबदल विरोधी कानून की सीमाओं के भीतर रहते हुए राजनीतिक अस्तित्व बचाने की एक रणनीति? क्या जनता ऐसे नए राजनीतिक प्रयोग को स्वीकार करेगी या इसे केवल सत्ता की बदलती दिशा के साथ खुद को जोड़ने की कोशिश के रूप में देखेगी?

**कार्यकर्ता, संगठन और विचार से बनता है राजनीतिक दल :** भारतीय राजनीति का इतिहास बताता है कि केवल नेताओं का समूह किसी दल को जनाधार नहीं दिला सकता। किसी राजनीतिक दल की वास्तविक शक्ति उसके कार्यकर्ताओं, संगठन, विचार और जनता से उसके संबंधों में निहित होती है। यही कारण है कि कई बड़े राजनीतिक प्रयोग शुरुआत में चर्चा का विषय तो बने, लेकिन समय की कसौटी पर टिक नहीं सके।

भारत के संविधान की दसवीं अनुसूची, जिसे दलबदल विरोधी कानून कहा जाता है, 1985 में 52वें संविधान संशोधन के माध्यम से लागू की गई थी। इसका उद्देश्य राजनीतिक अस्थिरता और अवसरवादी दलबदल पर रोक लगाना था। बाद में 91वें संविधान संशोधन के जरिए यह व्यवस्था की गई कि यदि किसी विधायी दल के कम से कम दो-तिहाई सदस्य किसी दूसरे दल में विलय का निर्णय लेते हैं तो उसे दलबदल नहीं माना जाएगा और उनकी सदस्यता सुरक्षित रह सकती है।

यही वह कानूनी प्रावधान है, जो ऐसे मामलों में सबसे अधिक विवाद का कारण बनता है। कानून यह अनुमति देता है, लेकिन क्या यह व्यवस्था मतदाता की मूल भावना के अनुरूप है? क्या दो-तिहाई सदस्यों के एक साथ चले जाने से जनता का जनादेश भी स्वतः स्थानांतरित माना जा सकता है? शायद यही वह प्रश्न है जिस पर भविष्य में संसद और न्यायपालिका दोनों को व्यापक विमर्श करना पड़ सकता है।

**पश्चिम बंगाल में अब क्या ? :** भारतीय राजनीति में गोवा, महाराष्ट्र और अन्य राज्यों के कई उदाहरण बताते हैं कि बड़े राजनीतिक दल भी टूटे हैं और नए राजनीतिक समीकरण बने हैं, लेकिन इतिहास यह भी बताता है कि राजनीति में कोई भी शून्य हमेशा के लिए नहीं रहता। पश्चिम बंगाल ने पिछले पांच दशकों में कई बड़े परिवर्तन देखे हैं। कभी कांग्रेस प्रमुख शक्ति थी, फिर वामपंथ का लंबा दौर आया, उसके बाद तृणमूल कांग्रेस का उदय हुआ। यह इतिहास संकेत देता है कि जनता अंततः नए विकल्प भी तैयार कर सकती है।

इसलिए यह कहना जल्दबाजी होगी कि पश्चिम बंगाल में विपक्ष की राजनीति हमेशा के लिए समाप्त हो जाएगी। हालांकि, यह जरूर कहा जा सकता है कि यदि तृणमूल कांग्रेस अपने संगठन और जनाधार को पुनर्जीवित नहीं कर पाती तो राज्य की राजनीति में एक बड़ा रिक्त स्थान पैदा हो सकता है, जिसे भरने के लिए नई राजनीतिक शक्तियां सामने आएंगी।

पूरे घटनाक्रम ने एक बार फिर भारतीय लोकतंत्र के सामने एक मूल प्रश्न खड़ा कर दिया है, क्या दलबदल विरोधी कानून का वर्तमान स्वरूप जनता की राजनीतिक इच्छाओं की पूरी तरह रक्षा कर पा रहा है? कानूनी रूप से दो-तिहाई सदस्यों का विलय वैध माना जा सकता है, लेकिन लोकतंत्र केवल कानूनी प्रावधानों से नहीं चलता, बल्कि जनता के विश्वास और राजनीतिक नैतिकता से भी संचालित होता है।

पश्चिम बंगाल में जो कुछ घटित हुआ है, उसका वास्तविक फैसला न केवल विधानसभा या संसद के भीतर होगा, बल्कि आने वाले चुनावों में जनता के बीच भी होगा। जनता यह तय करेगी कि यह परिवर्तन राजनीतिक आवश्यकता था, अवसरवाद था या फिर राज्य की राजनीति में किसी नए अध्याय की शुरुआत।

पश्चिम बंगाल का यह राजनीतिक भूचाल केवल एक दल के टूटने या नए दल के बनने की कहानी नहीं है। यह भारतीय लोकतंत्र के उस जटिल प्रश्न की ओर संकेत करता है, जहां कानून और नैतिकता कई बार एक-दूसरे के समानांतर खड़े दिखाई देते हैं।

सत्ता परिवर्तन लोकतंत्र की स्वाभाविक प्रक्रिया है, लेकिन किसी भी लोकतंत्र की वास्तविक मजबूती इस बात से तय होती है कि वहां सत्ता के सामने एक सक्षम, सक्रिय और वैचारिक विपक्ष मौजूद है या नहीं। पश्चिम बंगाल की राजनीति आज जिस मोड़ पर खड़ी है, वहां सबसे बड़ा प्रश्न किसी एक दल का भविष्य नहीं, बल्कि लोकतांत्रिक संतुलन का भविष्य है।

खुला मंच

## लो जी करवा लिया नार्को टेस्ट

**गुरमीत बेदी**

जब से शादी हुई है, तब से पत्नी का एक ही गिला है कि मैं बात-बात पर झूठ बोलता हूं। जब भी पत्नी गुस्से में होती है तो यह ताना जरूर मारती है कि मैंने किसी पॉलिटिशियन से शादी नहीं की थी, लेकिन तुम तो झूठ बोलने में नेताओं से भी आगे निकल गए हो। मैंने पत्नी के तानों का जवाब देने के लिए वैज्ञानिक तकनीक का सहारा लिया और अपना नार्को टेस्ट करवा लिया। टेस्ट की रिपोर्ट भी आ गई है। मैं किसी दिन अपने फेसबुक पर इस रिपोर्ट को डाल सकता हूं, ताकि दुनिया को पता चल जाए कि बंदे ने नार्को टेस्ट करवाने की हिम्मत दिखाकर बहुत बड़ा मर्दानगी का काम किया है।

मैंने बंद लिफाफे में यह रिपोर्ट श्रीमती जी को पकड़ा दी। लिफाफा देखते ही उनकी आंखों में वही चमक आ गई जो चुनाव से पहले नेताओं की आंखों में सर्वे रिपोर्ट देखकर आ जाती है। उन्होंने पूछा, 'इसमें क्या है?' मैंने कहा, 'सत्य की विजय का दस्तावेज।' पत्नी बोली, 'इतना बड़ा झूठ तो नार्को टेस्ट से पहले भी बोल लेते थे।' उन्होंने लिफाफा खोला। रिपोर्ट पढ़ते-पढ़ते उनके चेहरे पर मुस्कान आई। फिर गायब हुई। फिर भौंहें तनीं। जैसे कोई गठबंधन सरकार बन रही हो और गिर भी रही हो। आखिर उन्होंने पूछा, 'तो तुमने झूठ बोलते हो का क्या जवाब दिया?' 'मैंने कहा, कभी-कभार।' मशीन ने कहा, जवाब संदिग्ध है।' पत्नी ने रिपोर्ट मेज पर रखी और बोली, 'मुझे मशीन पर पूरा भरोसा है।'

मैंने कहा, 'लेकिन आगे भी पढ़ो।' वहां लिखा था कि मरीज ने अधिकांश झूठ शांति स्थापना, गृहस्थी बचाने तथा वैवाहिक लोकतंत्र बनाए रखने के लिए बोले थे। मैं चहका, 'देखा! मैं राष्ट्रीय हित में झूठ बोलता हूं।' पत्नी बोली, 'शादीशुदा आदमी और नेता के झूठ में ज्यादा अंतर नहीं होता। नेता पांच साल बाद पकड़ा जाता है और पति उसी शाम। नेता कहता है, अच्छे दिन आएंगे। पति कहता है- अगले महीने से खर्चा कम कर दूंगा। नार्को टेस्ट के दौरान डॉक्टर ने मुझसे पूछा था, 'क्या आपने कभी पत्नी से कुछ छुपाया है?' मैंने बेहोशी की हालत में कहा, 'सर, यह सवाल किसी भी शादीशुदा आदमी के मानवाधिकारों के खिलाफ है।' रिपोर्ट का सबसे खतरनाक हिस्सा वह था जिसमें लिखा था कि मरीज ने यह भी स्वीकार किया कि उसे कई बार अपनी गलती पता होती है, फिर भी वह बहस करता रहता है। पत्नी बोली, 'अब मुझे विज्ञान पर भरोसा हो गया है।' मैंने कहा, 'लेकिन रिपोर्ट में यह भी लिखा है कि मैं मूल रूप से ईमानदार आदमी हूं।' पत्नी बोली, 'वह डॉक्टर ने लिखा होगा, मशीन ने नहीं।'

भारतीय संस्कृति

**अपने गौरवशाली अतीत के वैभव को पुनर्स्थापित कर रहा है भारत**

## विश्व को नई दिशा दिखा रही भारत की संस्कृति



गजेन्द्र सिंह शेखावत

भारत आज विकास के विभिन्न आयामों में तेज गति से प्रगति कर रहा है। अर्थव्यवस्था, सामाजिक सुरक्षा, ऊर्जा, इन्फ्रस्ट्रक्चर, राष्ट्रीय सुरक्षा, विज्ञान सहित विभिन्न क्षेत्रों में देश नई ऊंचाइयों को छू रहा है। भौतिक प्रगति के इन आयामों में आगे बढ़ते हुए यह भी आवश्यक है कि हम अपनी प्राचीन संस्कृति, इतिहास, धरोहर और विरासत को विस्मृत ना करें। भारत विश्व की प्राचीनतम जीवंत संस्कृतियों में से एक है, शताब्दियों तक विदेशी आक्रांताओं के साथ चले संघर्ष में देश में राजनीतिक सत्ता में परिवर्तन आता रहा, लेकिन भारत अपनी संस्कृति को एक पीढ़ी से दूसरी पीढ़ी तक सफलतापूर्वक स्थानांतरित करता रहा। इन वर्षों में हुई राजनीतिक उथल पुथल में हमारे अनेक उपासना स्थल, ग्रंथ, पुस्तकालय, विश्वविद्यालयों का विध्वंस किया गया, लेकिन हमारी संस्कृति और परंपराएं फिर भी जीवित रहीं। सांस्कृतिक भारत पर दूसरी चोट हमारी शिक्षा पद्धति को बदलने से हुई।

वर्ष 2014 से भारत ने आर्थिक और सामाजिक परिवर्तन के साथ साथ सांस्कृतिक रूप से भी एक बड़ी करवट ली, जिसे हम संस्कृति के पुनरोद्धार के आरंभ का वर्ष भी कह सकते हैं। सांस्कृतिक भारत आज अपने गौरवशाली अतीत को पुनः स्मरण करते हुए उसके वैभव, उसकी भव्यता को ना सिर्फ पुनर्स्थापित कर रहा है, बल्कि सामाजिक जीवन में भी वह संस्कृति पुनः स्थापित हो रही है। आज हमारे उत्सव, प्राचीन और ऐतिहासिक स्मारक, खान-पान, वस्त्र, कला, नृत्य, संगीत, शास्त्र, शिल्प वैश्विक आकर्षण के केंद्र बन रहे हैं।

**भारतीय संस्कृति की बढ़ती स्वीकार्यता :** पिछले 12 वर्षों में विश्व में भारतीय संस्कृति की स्वीकार्यता बढ़ी है। पूरा विश्व 21 जून को योग दिवस मनाता है। ये सिर्फ एक शारीरिक व्यायाम नहीं, अपितु यह प्राचीन भारतीय दर्शन हैस जिसे विश्व ने मान्यता दी। मानव जीवन में उसकी उपयोगिता को देखते हुए उसे अपनाया। आज विश्व के अनेक देशों से हमारी 640 से अधिक धरोहरें वापस देश में लौटीं हैं। ये दर्शाता है कि संस्कृति के प्रतीक चिह्नों को वापस लाने के प्रति भी हमने गंभीरता दिखाई है।

दुर्गा पूजा और दीपावली जैसे हमारे सामाजिक उत्सवों को यूनेस्को




ने विश्व की अमूर्त सांस्कृतिक धरोहर के रूप में मान्यता दी है। यह मान्यता मात्र उत्सवों को ही नहीं, अपितु इनके पीछे छुपे उन संदेशों को भी मिली है, जो बताती है कि असत्य पर सदैव सत्य की विजय होती है, बुराई हमेशा अच्छाई से पराजित होती है। हमारे प्राचीन इतिहास को भी आज यूनेस्को ने स्वीकारा है। उसका प्रमाण है कि भारत 44 विश्व धरोहर स्थलों के साथ ही विश्व में छटे और एशिया में दूसरे स्थान पर है।

**भूले और बिखरे ज्ञान का पुनर्संकलन :** ज्ञान और संस्कृति का सम्मान ना करने वाले विदेशी आक्रमणकारियों ने देश के ज्ञान की अमूल्य विरासत रहे हमारे विश्वविद्यालय, गुरुकुल और पांडुलिपियों में लिखित ज्ञान को नष्ट करने के प्रयास किए। एक लंबे कालखंड में हमारी ज्ञान परंपरा की अमूल्य निधि पांडुलिपियां विभिन्न मठों, मंदिरों, संस्थानों और घरों में संरक्षित की गईं, जिन्हें समय के साथ भुला दिया गया। ये दुःख का विषय है कि स्वतंत्रता के बाद भी इन्हें संकलित कर प्राचीन ज्ञान को पुनः प्राप्त करने का कोई प्रयास नहीं किया गया।

आज संपूर्ण देश में ज्ञान भारतम् राष्ट्रीय पांडुलिपि सर्वेक्षण के तहत इन पांडुलिपियों को सूचीबद्ध किया जा रहा है। यह अत्यंत हर्ष का विषय है कि समस्त भारत से अब तक 88 लाख से अधिक पांडुलिपियां प्राप्त हो चुकी हैं। इस ज्ञान को संकलित करने के साथ ही इन्हें आधुनिकतम तकनीक के साथ डिजिटाइज किया जा रहा है। इनमें लिखित ज्ञान को संरक्षित और सुरक्षित करने के लिए ऑर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) सहित विभिन्न तकनीकों का उपयोग किया जा रहा है। आने वाले समय में यह संकलन हमारी भावी पीढ़ियों को अध्यात्म, विज्ञान, कला, शिल्प जैसे विभिन्न क्षेत्रों में भारतीय प्राचीन ज्ञान और उसकी उत्कृष्टता से परिचित कराएगा और उस पर गर्व करने को प्रेरित करेगा।

**संस्कृति के प्रतीक चिह्नों का पुनरोत्थान :** भारत के मंदिर, किले, मेले, ऐतिहासिक धरोहर स्थल हमारी गौरवशाली संस्कृति और इतिहास के प्रतीक चिह्न हैं। यह मंदिर भारत की विविधता भरी संस्कृति को एक सूत्र में जोड़ कर रखते हैं। आज भारत में देश की प्राचीन संस्कृति के वाहक रहे काशी विश्वनाथ धाम, महाकाल लोक कॉरिडोर, केदारनाथ, सोमनाथ सहित विभिन्न मंदिरों और तीर्थनगरियों का व्यापक विकास किया गया है, श्रद्धालुओं के लिए वहां सुविधाएं विकसित की गई हैं, जिससे आध्यात्मिक पर्यटन बढ़ने के साथ स्थानीय अर्थव्यवस्था मजबूत हुई। युवाओं में अपनी संस्कृति के प्रति जागरुकता भी आई। आध्यात्मिक पर्यटन बढ़ने से स्थानीय विकास के साथ ही इन नगरों में आर्थिक गतिविधियां बढ़ी हैं, जिससे लोगों की जीवनशैली में व्यापक सुधार हुआ है।

**जड़ों से जुड़ता भारत :** आज भारत अपनी प्राचीन विरासत पर गर्व करते हुए आधुनिक विश्व के साथ कदम से कदम मिलाकर आगे बढ़ रहा है। आज भारत अपनी संस्कृति के पुनर्जागरण का एक नया अध्याय लिख रहा है। भारत आज विश्व को बता रहा है कि कैसे प्राचीन परंपरा और संस्कृति के साथ आधुनिकता को अपनाया जा सकता है, आने वाला समय नए भारत का है। भविष्य में भारत का विचार, भारत का दर्शन, भारत की संस्कृति विश्व को नई दिशा देने जा रही है।

**( लेखक केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री, भारत सरकार है )**

जीवन दर्शन

## शालीनता और मधुरता से बनाएं पहचान

क्या लोग आपकी बातों से प्रभावित होते हैं? आपका व्यवहार आपके बारे में ऐसा क्या कहता है जिससे आपके व्यक्तित्व को और ज्यादा आकर्षक बनने में और निखरने में मदद मिलती हैं। आपके जीवन में छोटे-छोटे बदलाव एक बड़ा परिवर्तन कैसे लाते हैं? आत्मनिरीक्षण क्यों जरूरी है और कैसे सफल और प्रभावशाली लोग दूसरों से अलग बन जाते है। एक अच्छा श्रोता बनने के सरल सूत्र क्या है और प्रशंसा को ग्रहण करने का सही तरीका क्या है, जिससे हम सहज रूप से बिना अहंकार अपने जीवन में आगे बढ़ सकते हैं। ये लेख एक रोडमैप है जिससे आप अपने भीतर छिपी क्षमताओं को पहचानकर अपने व्यक्तित्व को नई ऊंचाइयों तक ले जा सकते हैं। आत्मनिरीक्षण ही विकास की पहली सीढ़ी है, अपनी गलतियों को समझना ही व्यक्तित्व सुधार की शुरुआत है। सही आलोचना हमें हमारी कमियों से परिचित कराकर सुधार का रास्ता दिखाती है। व्यवहार में मधुरता, शालीनता और शुद्ध विचार ही मनुष्य के जीवन को सार्थक और प्रभावशाली बनाते है। जब आप प्रशंसित होने पर भी विनम्र बने रहें और सच्चाई के सामने



आने पर भी आपके आचरण में स्थिरता और संतुलन हो तो आपका व्यक्तित्व भी परिपक्व बन जाता है।

व्यवहार से समाज में जो छवि बनती है, वही मनुष्य का व्यक्तित्व कहलाती है। जीने को तो लोग किसी भी तरह जीवन बिता लेते हैं, लेकिन जब आचरण में शालीनता और व्यवहार में मधुरता शामिल हो जाती है, तब जीवन सहज और अर्थपूर्ण हो जाता है। अक्सर हम अपने व्यवहार का सही आकलन नहीं कर पाते, लेकिन जब अपनी गलतियों को समझने का प्रयास करते हैं, तो वही आत्मनिरीक्षण बन जाता है। यही आत्मनिरीक्षण व्यक्ति को आगे बढ़ने की दिशा देता है और सफलता की पहली सीढ़ी भी बनता है।आलोचना को लोग नकारात्मक रूप में लेते हैं, जबकि सही अर्थों में वही हमारे व्यक्तित्व का मूल्यांकन करने का अवसर देती है। इससे हमें यही सीख मिलती है कि परिस्थितियां कैसी भी हों, सच्चाई का साथ नहीं छोड़ना चाहिए, क्योंकि यह व्यक्तित्व में गहराई और विश्वास प्रदान करती है। ऐसे व्यक्ति पर लोग भरोसा करते हैं और उसका सम्मान करते हैं। व्यक्तित्व के विकास के लिए हमें अच्छा श्रोता भी बनना चाहिए। अच्छा व्यक्तित्व तभी बन पाता है, जब दूसरों की अच्छाइयों को देखने का हमारा नजरिया बदलता है। हमारे हाव-भाव और संकेत भी हमारे विचारों को प्रकट करते हैं, इसलिए समय-समय पर अपने भीतर झांककर स्वयं को सुधारते रहना आवश्यक है। प्रशंसा भी व्यक्तित्व को प्रभावित करती है। यह मन में मधुरता घोलती है, पर उसके भीतर अहंकार का खतरा भी छिपा होता है। इसलिए धैर्यवान और सजग लोग प्रशंसा को विनम्रता के साथ स्वीकार करते हैं और उसे बेहतर कार्य करने की प्रेरणा बना लेते हैं। यही संतुलन किसी के व्यक्तित्व को परिपक्व बनाता है।

**स्वामी अवधेशानंद गिरि**

॥ गीता ज्ञान ॥



**श्लोक**

**श्रेयान्स्वधर्मो विगुणः परधर्मात्स्वनुष्ठितात।**
**स्वधर्मे निधनं श्रेयः परधर्मो भयावहः॥**

**भावार्थ**

हे पार्थ! स्वधर्म का पालन करना, भले ही वह दोषयुक्त हो, परधर्म को अच्छी तरह से निभाने से श्रेष्ठ है। स्वधर्म में मरना भी श्रेयस्कर है, जबकि परधर्म भय उत्पन्न करने वाला है।

# राष्ट्रीय चिंतन शिविर में शामिल होने किसानों का जत्था हरिद्वार रवाना




**रीवा।** भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) द्वारा आयोजित राष्ट्रीय चिंतन शिविर (किसान कुंभ) में सहभागिता करने हेतु जिले के किसानों का एक विशाल जत्था जिलाध्यक्ष सुग्रीव सिंह के नेतृत्व में हरिद्वार के लिए रवाना हुआ। इस शिविर में देशभर से किसान प्रतिनिधि शामिल होकर कृषि, किसान हितों, कृषि नीतियों, न्यूनतम समर्थन मूल्य, सिंचाई, भूमि अधिग्रहण, प्राकृतिक खेती तथा किसानों से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर विचार-विमर्श करेंगे। रीवा जिले से रवाना हुए किसानों में भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) के युवा जिलाध्यक्ष दिनेश सिंह, तहसील उपाध्यक्ष (सेमरिया) अशोक सिंह, नगर अध्यक्ष प्रीतू विश्वकर्मा, तहसील प्रवक्ता (सेमरिया) अशोक कुशवाहा, सुशीला सिंह, मीरा सिंह, मोना पटेल विश्वकर्मा, अमित सिंह (हरदुआ), नीतू सिंह, नागेंद्र सिंह, नेतराज सिंह, रामकरण सिंह (अमरा), अतुल सिंह, प्रदीप सिंह, राजकुमार सिंह, राजेंद्र सिंह, शिवांशु सिंह, आदित्य सिंह (अजगरहा), आदित्य रजक, शिवेन्द्र केवट (इटौरा), मुन्नी सिंह, इंद्रपाल विश्वकर्मा, बद्री सिंह, शिवकुमार विश्वकर्मा, सावित्री विश्वकर्मा, रामदास विश्वकर्मा, ऋषभ सिंह, सौरभ सिंह, कौशल्या विश्वकर्मा सहित बड़ी संख्या में किसान शामिल हैं। जिलाध्यक्ष सुग्रीव सिंह ने रवाना होने से पूर्व कहा कि राष्ट्रीय चिंतन शिविर (किसान कुंभ) किसानों के लिए एक महत्वपूर्ण मंच है, जहां देश के विभिन्न राज्यों से आए किसान प्रतिनिधि अपने अनुभव साझा करेंगे तथा किसानों की समस्याओं एवं उनके समाधान पर व्यापक चर्चा करेंगे। उन्होंने कहा कि इस शिविर से प्राप्त विचार एवं सुझाव किसानों के हितों की लड़ाई को और अधिक सशक्त बनाने में सहायक सिद्ध होंगे।




# कारागारों में योग सप्ताह का हुआ शुभारंभ




**रीवा।** कार्यवाहक मुख्य न्यायाधिपति मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय एवं संरक्षक मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा केन्द्रीय कारागार रीवा, उप जेल त्योंथर व उप जेल मऊगंज में बंदियों हेतु ऑनलाइन माध्यम से योग सप्ताह का शुभारंभ किया गया। योग कार्यकम 15 जून से प्रारंभ होकर अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 21 जून तक संचालित होगा। केन्द्रीय कारागार रीवा में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश राकेश मोहन प्रधान के मार्गदर्शन में एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण समीर कुमार मिश्र के नेतृत्व में योग शिविर का आयोजन किया गया। जिला विधिक सहायता अधिकारी अभय कुमार मिश्रा, जेल अधीक्षक सतीष उपाध्याय, जेल उपाधीक्षक संजीव गेंदले, श्याम सिंह कुशवाहा व जेल के बंदीगण द्वारा योग सप्ताह के शुभारंभ के उपरांत योग गुरु आदर्श पाण्डेय के निर्देशन में योगाभ्यास किया गया। सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने कहा कि योग के निरंतर अभ्यास से शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक लाभ प्राप्त होते हैं। इसलिये योग का निरंतर अभ्यास मानव के लिये आवश्यक है। जेल अधीक्षक ने कहा कि योग से अनुशासन और आत्म नियंत्रण विकसित होता है। जिला विधिक सहायता अधिकारी ने कहा कि योग के नियमित अभ्यास से स्वस्थ जीवन शैली अपनाने में सहायता मिलती है, जोकि जीवन में तनाव से मुक्ति दिलाती है और कार्य क्षेत्र में कुशलता का संवर्धन करती है।

# रेल वन ऐप में मिलेगी सभी बुकिंग सेवाएं आरक्षित-अनारक्षित टिकट भी कर सकेंगे बुक

## ट्रैकिंग व भोजन बुकिंग की सभी सेवाएं एक ही ऐप पर 'रेल वन ऐप' बना एकीकृत डिजिटल मंच




**जागरण,रीवा।** रेलवे ने यात्रियों को एकीकृत डिजिटल सेवाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से रेल वन ऐप विकसित किया है। इस ऐप के माध्यम से रेल यात्रा से जुड़ी लगभग सभी प्रमुख सुविधाएं एक ही जगह उपलब्ध कराई गई हैं। साथ ही, प्रयोगिक तौर पर अनारक्षित टिकटों की बुकिंग पर 14 जुलाई तक 3 प्रतिशत छूट भी दी जा रही है। रेल यात्रियों की सुविधा बढ़ाने और विभिन्न डिजिटल सेवाओं को एकीकृत करने के उद्देश्य से भारतीय रेलवे ने रेल वन ऐप को एक समग्र डिजिटल प्लेटफॉर्म के रूप में विकसित किया है। यह ऐप रेल यात्रा से संबंधित लगभग सभी आवश्यक सेवाओं को एक ही स्थान पर उपलब्ध कराता है, जिससे यात्रियों को अलग अलग ऐप का उपयोग करने की आवश्यकता नहीं होगी। रेल वन ऐप के माध्यम से यात्री आरक्षित एवं अनारक्षित टिकट बुकिंग, प्लेटफॉर्म टिकट, लाइव ट्रेन स्थिति, आरक्षण विवरण, टिकट निरस्तीकरण एवं धन वापसी, रेल मदद सेवाएं, शिकायत दर्ज कराने और उनके निवारण व ट्रेन में भोजन बुकिंग जैसी सुविधाओं का लाभ उठा सकते हैं।

### ई-वॉलेट की सुविधा भी रहेगी उपलब्ध

ऐप की एक प्रमुख विशेषता सिंगल साइन-ऑन सुविधा है। इसके तहत यात्री पूर्व में उपयोग किए जा रहे रेल कनेक्ट या यूटीएस ऑन मोबाइल की यूजर आईडी से ही रेल वन ऐप में लॉगिन कर सकते हैं। इसके अलावा रेलवे ई-वॉलेट की सुविधा भी उपलब्ध कराई गई है, जिसके माध्यम से अनारक्षित टिकट लेने पर यात्रियों को 3 प्रतिशत की छूट का लाभ मिलता है।

# यूको बैंक ने आयोजित किया कस्टमर मीट कार्निवल




**रीवा।** 'साझेदारी मजबूत, समृद्धि सुनिश्चित' के मूल मंत्र के साथ यूको बैंक द्वारा कस्टमर मीट कार्निवल का आयोजन किया गया। इस अवसर पर रीवा क्षेत्र की विभिन्न शाखाओं के शाखा प्रमुखों, ग्राहकों एवं बैंक के वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति रही। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में अक्षय कुमार (जोनल हेड, ग्वालियर) उपस्थित रहे। उनके साथ सौरभ कुमार (आरएलएच हेड), विजय दशोरे (एसएमई हेड) एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने भी सहभागिता की। कार्यक्रम में रीवा सहित आसपास के शहरों एवं जिलों से आए ग्राहकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्निवल का उद्देश्य बैंक एवं ग्राहकों के मध्य संबंधों को और अधिक सुदृढ़ बनाना, वित्तीय आवश्यकताओं के अनुरूप समाधान उपलब्ध कराना तथा विकास की नई संभावनाओं पर संवाद स्थापित करना रहा। कार्यक्रम के दौरान क्रेडिट कैंप, कॉन्ट्रैक्टर्स मीट एवं डिपॉजिट कस्टमर मीट जैसे विशेष सत्र आयोजित किए गए, जिनमें ग्राहकों को बैंक की विभिन्न योजनाओं, ऋण सुविधाओं एवं निवेश विकल्पों की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। अपने संबोधन में अक्षय कुमार ने कहा कि ग्राहकों का विश्वास ही यूको बैंक की सबसे बड़ी पूंजी है और बैंक सदैव उनके आर्थिक विकास एवं समृद्धि के लिए प्रतिबद्ध रहेगा। कार्यक्रम का समापन ग्राहकों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए इस संकल्प के साथ हुआ कि यूको बैंक भविष्य में भी उत्कृष्ट बैंकिंग सेवाओं एवं ग्राहक-केंद्रित पहलों के माध्यम से समाज एवं व्यवसाय जगत की प्रगति में महत्वपूर्ण योगदान देता रहेगा।

## निगम कमर्चारी ही दे रहे धोखा

# प्रकाश चौराहा पार्किंग में रोज वसूल रहे हजारों, निगम को पकड़ा रहे दो कौड़ी

### सुबह से शाम तक यहां लगा रहता है वाहनों का आनाजाना




**जागरण, रीवा**

नगर निगम द्वारा प्रकाश चौराहे के समीप पार्किंग का संचालन स्वयं किया जा रहा है, जहां दोपहिया सहित बड़े वाहन भी सुबह से रात तक पार्किंग में खड़े किए जाते हैं, किन्तु नगर निगम को इस पार्किंग से प्रतिदिन व्दो कौड़ी ही मिल रही है जबकि वसूली प्रतिदिन हजारों में हो रही है। यह पैसा निगम के कुछ अधिकारियों के बीच बांटा जा रहा है और सरकार को चूना लगाया जा रहा है। नाम प्रकाशित न करने की शर्त पर एक व्यक्ति ने बताया कि वाहन चालकों से पार्किंग के नाम पर अधिक राशि वसूली जा रही है, किन्तु निगम में राशि नाममात्र ही जमा हो रही है। यहां वाहन खड़े करने वाले वाहन चालकों से कितनी राशि दिए हैं पूछा गया तो किसी ने बताया कि दस रुपए तो किसी ने बताने में आनाकानी भी की, अधिकतर लोगों ने बताया कि उन्होंने पार्किंग में अपने वाहन खड़े करने के दस रुपए दिए हैं, यानी पार्किंग का प्रति वाहन दस रुपया वसूला जा रहा है, जबकि निगम में यही राशि प्रति वाहन पांच रुपए दर के हिसाब से जमा किए जा रहे हैं। दैनिक जागरण ने जब इसकी पड़ताल की तो निगम में जो राशि पार्किंग स्थल से जमा की जा रही है, वह कभी चार सौ तो किसी दिन पांच से रुपए से अधिक नहीं है, जबकि आसपास के लोगों की मानें तो प्रतिदिन पार्किंग को चार-पांच हजार रुपए से वसूल रहे हैं। यानी पार्किंग का संचालन नगर निगम द्वारा कर निगम के मातहत ही विभाग को चूना लगाने पर तुले हुए हैं। जब निगम में राशि जमा किए जाने के बारे में पार्किंग स्थल पर तलाश की तो निगम को पार्किंग से प्रतिदिन होने वाली आय के बारे में पता चला। पार्किंग स्थल पर पाई गई पंजी के अनुसार 9 जून को पार्किंग से निगम के कैशियर को 400 रुपए प्राप्त हुए। इसी प्रकार 11 जून को निगम को पार्किंग से 450 रुपए प्राप्त हुए, जबकि 12 जून को पार्किंग स्थल से निगम को मात्र 500 रुपए प्राप्त हुए। जिस पंजी में पार्किंग का ब्योरा अंकित किया जाता है, वह भी आधे अधूरी ही भरी गई है, इसी पंजी में प्रतिदिन दी जाने वाली राशि जमा कर कैशियर से हस्ताक्षर करवाकर सील लगवा ली जाती है।

# ड्रीम कॉलेज में दाखिले की राह आसान बना रहे एनसीसी-एनएसएस के सर्टिफिकेट

### डिग्री कॉलेजों में जारी है यूजी और पीजी के लिए एडमिशन प्रोसेस

**जागरण,रीवा।** डिग्री कॉलेजों में एडमिशन की दौड़ चालू है, फीस जमा करने के लिए निर्धारित समय पूरा होने के बाद अब द्वितीय चरण प्रवेश का पूरा हो चुका है। छात्र की सहूलियत के लिए रजिस्ट्रेशन से लेकर वैरिफिकेशन तक ऑनलाइन प्रक्रिया के माध्यम से हो रहे हैं लेकिन खास बात यह है कि एडमिशन में पसंदीदा कॉलेज और कोर्स दिलवाने में एनसीसी और एनएसएस सर्टिफिकेट का फायदा छात्रों को मिल रहा है। इसके चलते यूजी और पीजी लेवल में एडमिशन के दौरान छात्रों को 2 से 4 परसेंट का वेटेज एनसीसी और एसएस के सर्टिफिकेट से मिल रहा है। इसके साथ ही खेल आय प्रमाण पत्र होल्डर को भी एडमिशन में छूट मिल रही है।

### तीन कैटेगरी में बांटा गया है बेटेज

वेटेज को तीन कैटेगरी में बांटा गया है। इसमें खेलकूद कला-संस्कृति एनसीसी, एनएसएस, स्काउट गइड शामिल हैं। खेलकूद में ओलंपिक, विश्व चैंपियनशिप, विश्वकप, कामनवेल्थ, एशियन गेम्स खेलने वालों को एक कटेगरी में रखा गया है। वहीं बी कैटेगरी में मान्यता प्राप्त के बैनर तले राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय खेल प्रतियोगिता खेलने वालों के लिए सुविधा दी गई है। इसके साथ ही सी कैटेगरी में स्टेट, इंटर ओनल प्रतियोगिता वाले स्टूडेंट्स को वेटेज मिलेगा। अंत में स्कूल शिक्षा के अंतर्गत आने वाली खेल प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रस्तुति करने वालों को डी कैटेगी सर्टिफिकेट में रखा गया है।

### 15 प्रतिशत तक मिल रहा

प्रवेश में एनसीसी, एनएसएस, एपी बेस्ट कैडेट को 10 प्रतिशत, ए सर्टिफिकेट वाले को 2 प्रतिशत, बी सर्टिफिकेट वाले को 3 प्रतिशत, सी सर्टिफिकेट वालों को 4 प्रतिशत, आरडीसी में एमपी लेवल पार्टिशिपेट करने वालो को 6 प्रतिशत, स्काउट सर्टिफिकेट के लिए 6 प्रतिशत, राष्ट्रपति मुलाकात पर 10 प्रतिशत, स्पोर्ट्स एक्टीविटी में 2 से 15 प्रतिशत, रेडक्रॉस गतिविधियों के लिए 2 प्रतिशत की छूट का फायदा मिल रहा।

# विंध्या डांस चैम्पियनशिप: कलाकारों ने बिखेरा प्रतिभा का रंग

### प्रयागराज के प्रतिभागियों का रहा दबदबा




**रीवा।** डिसेंट डांस परिवार द्वारा कृष्णा राजकपूर ऑडिटोरियम में आयोजित विंध्या डांस चैम्पियनशिप में विंध्य सहित उत्तर प्रदेश के कलाकारों ने अपनी शानदार प्रस्तुतियों से दर्शकों का दिल जीत लिया। प्रतियोगिता में रीवा के साथ-साथ सतना, सीधी, सिंगरौली, शहडोल, कटनी, जबलपुर, डिंडोरी, प्रयागराज, वाराणसी एवं सोनभद्र से आए प्रतिभागियों ने नृत्य कला का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। कलाकारों की मनमोहक प्रस्तुतियों ने निर्णायक मंडल को प्रभावित किया, वहीं ऑडिटोरियम में उपस्थित कला प्रेमी देर तक तालियों की गड़गड़ाहट से कलाकारों का उत्साहवर्धन करते रहे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में आयोजन के संरक्षक एवं वरिष्ठ समाजसेवी गुरमीत सिंह मंगू उपस्थित रहे। विशेष अतिथि के रूप में समाजसेवी गौरव तिवारी, पार्षद अकरम अंसारी, मनीष नामदेव, सूफिया बेगम, हिंदू धर्म परिवार के नगर अध्यक्ष अनिल मिश्रा, समाजसेवी अविराज, अधिवक्ता सुनील अग्रवाल, मयंक गोयल एवं श्रीप्रकाश तोमर मौजूद रहे। प्रतियोगिता में मॉम्स, स्टार जूनियर सोलो, जूनियर सोलो, ग्रुप डांस, ड्यूट जूनियर, ड्यूट सीनियर एवं सीनियर सोलो वर्गों में प्रतिभागियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता के विजेताओं एवं उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को अतिथियों द्वारा ट्रॉफी, प्रमाण-पत्र एवं पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया।

# कलम परिवार की कार्यकारिणी में शामिल हुईं 31 महिला रचनाकार

**रीवा।** विंध्य की नारी शक्ति को साहित्य क्षेत्र में अग्रणी पहचान बनाने विन्ध्य काव्य-साहित्य परिषद कलम परिवार ने महिला शाखा का विस्तार किया है। संस्थापक नारायण डिगवानी वरिष्ठ अध्यक्ष नागेन्द्र मिश्रा 'मणि' की अनुशंसा पर महिला शाखा अध्यक्ष डॉ. अरुणा पाठक 'आभा', कार्यकारी अध्यक्ष रश्मि शुक्ला किरण, महासचिव प्रिंसू अनिरुद्ध दुबे की सहमति से नगर की 31 महिला महिला रचनाकारों को कार्यकारिणी सदस्य मनोनीत किया गया है। यह जानकारी प्रचार सचिव स्नेहा त्रिपाठी 'खनक' ने देते हुये बताया महिलाओं को मंचीय शोभा बनाने की परम्परा को खत्म करने खुला मंच प्रदान करने कलम परिवार ने बीड़ा उठाया है। प्रतिभाओं को आगे लाने कवयित्री सम्मेलन कराने की नगर में शुरुआत हो चुकी है, जिसको आने वाले समय में विषाल मंच में परिवर्तित किया जायेगा। कलम परिवार की महासचिव प्रिंसू अनिरुद्ध दुबे द्वारा जारी प्रथम सूची में वरिष्ठ कवयित्रियों के साथ युवा रचना धर्मियों को भी शामिल किया गया है।

# मलेरिया रथ को अपर कलेक्टर ने दिखाई हरी झण्डी

### शहरी सहित ग्रामीण क्षेत्रों में फैलाएगा जागरुकता



**जागरण,रीवा।** मलेरिया रोग से बचाव के लिए जिले भर में मलेरिया रथ से जागरुकता संदेश दिए जा रहे हैं। कलेक्ट्रेट परिसर से अपर कलेक्टर सपना त्रिपाठी ने हरी झण्डी दिखाकर स्वास्थ्य विभाग द्वारा बनाए गए मलेरिया रथ को जिले भर में भ्रमण के लिए रवाना किया। इस संबंध में जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. केबी गौतम ने बताया कि जिन गांवों में मलेरिया से पीड़ित रोगी अधिक संख्या में मिले हैं उन क्षेत्रों में रथ भ्रमण करेगा। यह रथ हाट बाजारों का भी भ्रमण करेगा। इसमें खून की जाँच की भी व्यवस्था की गई है। इसके साथ-साथ मलेरिया से प्रभावित होने वाले क्षेत्र में 40 ग्राम पंचायतों में भी मलेरिया और वर्षाजनित रोगों से बचाव के लिए जागरुकता शिविर लगाए जा रहे हैं।

# सतपुड़ा आईटीआई में 300 अभ्यर्थियों का चयन

### ट्राइडेंट लिमिटेड बुधनी का ओपन कैंपस ड्राइव




**रीवा।** सतपुड़ा आईटीआई में प्रतिष्ठित ट्राइडेंट लिमिटेड, बुधनी (मध्य प्रदेश) के लिए एक विशाल ओपन कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव का सफल आयोजन किया गया। इस रोजगार अवसर में मध्यप्रदेश के विभिन्न जिलों एवं अन्य राज्यों से आए कुल 784 छात्र-छात्राओं ने सहभागिता की।

कंपनी के भर्ती अधिकारियों द्वारा लिखित परीक्षा, तकनीकी मूल्यांकन एवं व्यक्तिगत साक्षात्कार के माध्यम से अभ्यर्थियों का चयन किया गया। चयन प्रक्रिया के उपरांत कुल 300 अभ्यर्थियों का अंतिम रूप से चयन किया गया। चयनित अभ्यर्थियों में उत्साह एवं प्रसन्नता का वातावरण देखने को मिला। कार्यक्रम के दौरान कंपनी प्रतिनिधियों ने विद्यार्थियों को ट्राइडेंट लिमिटेड में उपलब्ध रोजगार अवसरों, कार्य संस्कृति एवं कैरियर विकास की संभावनाओं की जानकारी प्रदान की। कैंपस ड्राइव में बड़ी संख्या में विद्यार्थियों की सहभागिता संस्था की बढ़ती प्रतिष्ठा एवं गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण का परिचायक रही।

इस अवसर पर संस्था प्रबंधक, प्राचार्य, प्लेसमेंट अधिकारी एवं समस्त स्टाफ सदस्यों ने चयनित अभ्यर्थियों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। संस्था प्रबंधन ने बताया कि सतपुड़ा आईटीआई, रीवा द्वारा समय-समय पर देश की प्रतिष्ठित कंपनियों के सहयोग से रोजगारोन्मुखी कैंपस ड्राइव एवं रोजगार मेलों का आयोजन किया जाता है, जिससे विद्यार्थियों को सीधे रोजगार प्राप्त करने का अवसर मिलता है। सतपुड़ा आईटीआई, रीवा तकनीकी शिक्षा एवं कौशल विकास के क्षेत्र में निरंतर उत्कृष्ट कार्य करते हुए युवाओं को रोजगार से जोड़ने का महत्वपूर्ण कार्य कर रही है। संस्था का उद्देश्य विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण तकनीकी प्रशिक्षण प्रदान कर उन्हें आत्मनिर्भर एवं रोजगार योग्य बनाना है। उल्लेखनीय है कि सतपुड़ा आईटीआई रीवा में सत्र 2026-27 के लिए प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ हो चुकी है। सीमित सीटों पर प्रवेश जारी है, इच्छुक विद्यार्थी शीघ्र संपर्क करें।


















## संक्षिप्त समाचार

### शिमला में लगा 8 किमी लंबा जाम, एंबुलेंस फंसी



**शिमला, जेएनएन।** हिमाचल की राजधानी शिमला की सड़कों पर ट्रैफिक रेंग-रेंग कर चल रहा है। संजौली से छराबड़ा के बीच आज सुबह ही लंबा ट्रैफिक जाम लगा हुआ है। इससे लोकल लोगों के साथ-साथ देशभर से पहाड़ों पर घूमने पहुंच रहे टूरिस्ट भी परेशान हैं। हालात यह हैं कि 10 मिनट के सफर में डेढ़ से दो घंटे का वक्त लग रहा है। इससे लोगों में सरकार और पुलिस के खिलाफ रोष पनप रहा है। पर्यटन सीजन में पुलिस के इंतजाम पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं। शिमला की ढली सब्जी मंडी के पास सुबह 5.30 बजे से ही ट्रैफिक जाम लगना शुरू हो गया था, दोपहर 12 बजे तक लगभग 8 से 10 किलोमीटर लंबा जाम लग गया।

### तमिलनाडु में 3 साल की बच्ची से रेप, मौत

**पटना, जेएनएन।** तमिलनाडु के तिरुवल्लूर में 3 साल की बच्ची के साथ रेप का मामला सामने आया है। बताया जा रहा है कि बच्ची रविवार से लापता थी। सोमवार को वह झाडियों में गंभीर हालत में मिली। इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। मामले में पुलिस ने बिहार के एक युवक को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान 19 साल के विबिन मंच के तौर पर हुई है, जो तिरुवल्लूर में मजदूरी करता है। वहीं पीड़ित परिवार भी बिहार का ही बताया जा रहा है। स्थानीय लोगों के मुताबिक, रविवार को आरोपी बच्ची को बिस्किट का लालच देकर अपने साथ ले गया था। जिसके बाद बच्ची घर नहीं लौटी। सोमवार को एक महिला ने झाड़ी में बच्ची को गंभीर हालत में देखा। इसके बाद उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया। इलाज के दौरान पता चला कि उसके साथ रेप हुआ है। थोड़ी देर बाद उसकी मौत हो गई।

### कैश फॉर जॉब स्कैम और फर्जी साइन मामला

#### अभिषेक बनर्जी से ईडी की पूछताछ



**कोलकाता, जेएनएन।** टीएमसी महासचिव अभिषेक बनर्जी कोलकाता में ईडी ऑफिस पहुंच गए हैं। ईडी अभिषेक से कैश-फॉर-स्कूल-जॉब स्कैम में पूछताछ की जा रही है। उन्हें 3 जून को नोटिस जारी कर 15 जून की दोपहर 12 बजे तक एजेंसी के सामने पेश होने का निर्देश दिया गया था। इस मामले में सीबीआई और ईडी दोनों की चार्जशीट में अभिषेक का नाम है। इससे पहले रविवार को विधायकों के फर्जी साइन मामले में सीआईडी ने अभिषेक से 8 घंटे पूछताछ की थी। इस मामले में अभिषेक को फिर से 16 जून को सीआईडी के सामने पेश होना है।

### रौशन का दावा-भाई को खान सर ने मरवाया

**पटना, जेएनएन।** पटना के ज्ञान ज्ञान बिंदू कोचिंग के डायरेक्टर रौशन आनंद ने फैजल खान उर्फ खान सर पर भाई की हत्या करवाने का आरोप लगाया है। रौशन आनंद ने सोमवार को कहा- खान सर और किसान कोल्ड स्टोर के मालिक आर एस प्रसाद ने मिलकर मेरे भाई प्रिंस की हत्या की है। रौशन आनंद को खान सर की कोचिंग पर पथराव मामले मे सोमवार को पटना सिविल कोर्ट से जमानत मिली है। वहीं, रौशन आनंद के भाई प्रिंस यादव की मौत को लेकर खान सर ने अपना एक भावुक वीडियो मैसेज जारी कर दुख जताते हुए कहा कि वो हम लोगों का करीबी दोस्त था, हम लोग क्यों करेंगे ऐसा। किसी अन्य ने भी उसको नहीं मारा। वो पहले से बीमार था। खान सर वीडियो में एक न्यूज क्लिप दिखाया, जिसमें प्रिंस यादव के दोस्त यह कहते हुए सुनाई दे रहे हैं कि प्रिंस का पहले से दवाई चलता था।

---

**आंदोलन तेज करने का ऐलान, 20 जून को फिर दिल्ली कूच की तैयारी**

# कॉकरोच जनता पार्टी के फाउंडर अभिजीत को युवकों ने जड़े थप्पड़

**जयपुर, जेएनएन।** राजधानी जयपुर के शहीद स्मारक पर सोमवार को कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) के बैनर तले बड़ी संख्या में युवाओं, छात्रों और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के दौरान नीट पेपर लीक, भर्ती परीक्षाओं में अनियमितताओं, शिक्षा व्यवस्था में सुधार और बढ़ती बेरोजगारी जैसे मुद्दों को प्रमुखता से उठाया गया। प्रदर्शनकारियों ने केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग करते हुए जमकर नारेबाजी की। शहीद स्मारक पर आयोजित कॉकरोच जनता पार्टी के प्रदर्शन के दौरान पार्टी के फाउंडर अभिजीत दिपके जैसे ही सभा स्थल पर पहुंचे। प्रदर्शन के दौरान अभिजीत को कुछ लोग अपने कंधे पर बैठाकर भीड़ के बीच ला रहे थे तभी दो युवकों ने अभिजीत को थप्पड़ मारने शुरू कर दिए। इस थप्पड़कांड के बाद भी अभिजीत दीपके ने प्रदर्शनकारियों को संबोधित किया। अभिजीत दीपके को थप्पड़ पड़ने के साथ ही हंगामा हो गया। सीजेपी के समर्थकों ने उन दोनों युवकों को घेर लिया। एक युवक जल्दी ही बचकर भाग गया, लेकिन समर्थकों ने दूसरे युवक की पिटाई की। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और हालात को नियंत्रण में लिया। घटना के बाद अभिजीत दिपके ने कार्यकर्ताओं और समर्थकों से शांति बनाए रखने की अपील की। फिलहाल पुलिस आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है और आरोपी युवक की पहचान कर उसकी तलाश में जुटी हुई है।



### युवा तिरंगा नारे वाले पोस्टर लेकर पहुंचे

शहीद स्मारक पर दोपहर से ही लोगों का जुटना शुरू हो गया था। कई युवा हाथों में तिरंगा, संविधान की किताब और विभिन्न संदेशों वाले पोस्टर लेकर पहुंचे। पोस्टरों पर पेपर लीक बंद करो, मुझे देश से प्यार है, भ्रष्टाचार अस्वीकार है जैसे नारे लिखे हुए थे। कुछ महिलाएं अपने छोटे बच्चों के साथ भी प्रदर्शन में शामिल हुईं। प्रदर्शन के दौरान युवा मुझे देश से प्यार है, भ्रष्टाचार अस्वीकार है के साथ पेपर लीक बंद करो जैसे नारे लिखे पोस्टर लेकर पहुंचे। कुछ युवाओं के हाथों में तिरंगा भी नजर आया।

### शिक्षा में सुधार की आवश्यकता: रांका

सीजेपी के राष्ट्रीय प्रवक्ता आशुतोष रांका ने कहा कि अब यह मुद्दा केवल परीक्षा अनियमितताओं या किसी एक संगठन तक सीमित नहीं रहा है। देशभर के छात्र, युवा और अभिभावक शिक्षा व्यवस्था में पारदर्शिता और जवाबदेही की मांग को लेकर एकजुट हो रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि लगातार सामने आ रही गड़बड़ियों ने छात्रों का भरोसा कमजोर किया है। रांका ने कहा कि शिक्षा व्यवस्था में व्यापक सुधार और जिम्मेदारी तय करने की मांग को लेकर राष्ट्रीय स्तर पर आंदोलन चलाया जाएगा।

# आरटीआई एक्टिविज्म बिजनेस बन गया है : सुको



**नई दिल्ली, जेएनएन।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को कहा कि आरटीआई एक्टिविज्म नया बिजनेस बन गया है। कोर्ट की यह टिप्पणी आरटीआई कार्यकर्ता राकेश बेहल और उसके सहयोगी की अग्रिम जमानत याचिका के मामले में आई। कोर्ट ने दोनों की जमानत याचिका खारिज कर दी। दरअसल, राकेश और राजीव कुमार पर पंजाब के गुरदासपुर में सड़क निर्माण कार्य में बाधा डालने और निर्माण कार्य की निगरानी कर रहे लोगों और मौके पर मौजूद मजदूरों को डराने-धमकाने के आरोप हैं। जस्टिस संदीप मेहता और जस्टिस विजय बिश्नोई की बेंच ने कहा, इन सड़कों के निर्माण की निगरानी करने वाले आप कौन होते हैं? आप कौन सी अथॉरिटी हैं? आपको ये अधिकार किसने दिए हैं। इससे पहले, पंजाब-हरियाणा हाईकोर्ट ने 14 मई को दोनों को अग्रिम जमानत देने से इनकार कर दिया था।

**क्या है आरटीआई एक्टिविज्म-** आरटीआई (सूचना का अधिकार) कानून का उपयोग करके सरकारी कामकाज में पारदर्शिता लाना, भ्रष्टाचार को उजागर करना और जनता के प्रति जवाबदेही तय करने को आरटीआई एक्टिविज्म कहा जाता है। इसके तहत सामाजिक कार्यकर्ता या आम नागरिक जनहित से जुड़े मुद्दों पर सरकारी विभागों से महत्वपूर्ण जानकारियां मांगते हैं। हालांकि, हाल के दिनों में कुछ लोगों द्वारा इसका गलत इस्तेमाल कर अधिकारियों को डराने या ब्लैकमेल करने के मामले भी सामने आए हैं।

**पीएलआई अब पैसा इंटरेस्ट लिटिगेशन बनी : सुको**
सुप्रीम कोर्ट ने 5 मई को कहा कि पब्लिक इंटरेस्ट लिटिगेशन (जनहित याचिका) अब प्राइवेट इंटरेस्ट और पब्लिसिटी इंटरेस्ट, पैसा इंटरेस्ट लिटिगेशन और पॉलिटिकल इंटरेस्ट लिटिगेशन बन गई हैं। कोर्ट ने कहा कि पीएलआई कानून की प्रोसेस का गलत इस्तेमाल है।

# 567 करोड़ रुपए खर्च कर राष्ट्रपति ट्रम्प ने अपने जन्मदिन पर कराई यूएफसी फाइट

**वॉशिंगटन डीसी, जेएनएन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने व्हाइट हाउस के साउथ लॉन में अल्टीमेट फाइटिंग चैम्पियनशिप यानी स्त्रष्ट मुकाबलों के साथ अपना 80वां जन्मदिन मनाया। यूएफसी ने इस आयोजन पर करीब 6 करोड़ डॉलर (567 करोड़ रुपए) खर्च किए। ये अब तक का सबसे महंगा यूएफसी आयोजन माना जा रहा है। इस फाइट कार्ड में कुल 7 मुकाबले हुए। मेन फाइट लाइटवेट चैंपियन रहे इलिया टोपुरिया और जस्टिन गेथजे के बीच हुई। 4 राउंड तक चले मुकाबले में अमेरिकी फाइटर गेथजे ने अपने स्पेनिश विरोधी टोपुरिया को हराकर उलटफेर किया। गेथजे को लाइटवेट टाइटल बेल्ट मिली, जबकि टोपुरिया को अपने करियर की पहली हार मिली। मुकाबले देखने के लिए राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प, उनके कई सीनियर अफसर, खास मेहमान और हजारों



सैन्यकर्मी मौजूद थे। पहले मुकाबले में बो निकल ने पहले ही राउंड में काइल डाउकस को नॉकआउट कर दिया। उन्होंने एक जोरदार लेफ्ट हुक और राइट पंच से प्रतिद्वंद्वी को गिराया, जिसके बाद रेफरी ने मुकाबला रोक दिया। जीत के तुरंत बाद बो निकल रिंग से बाहर आए और सीधे राष्ट्रपति ट्रम्प के पास पहुंचे। दोनों ने हाथ मिलाया और कुछ देर बातचीत की।

# प्रियांक खड़गे ने आरएसएस को लेकर भागवत से पूछे कई सवाल

**नई दिल्ली, जेएनएन।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) और कर्नाटक सरकार के बीच नया विवाद खड़ा हो गया है. कर्नाटक के गृह मंत्री प्रियांक खड़गे ने सोमवार को आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत को लेटर लिखकर संगठन की कानूनी स्थिति, पंजीकरण, फंडिंग के सोर्स, आय-व्यय और जवाबदेही से जुड़े कई सवाल पूछे हैं।

**कितनी सम्पति कितना टेक्स :** खड़गे ने आरएसएस के अपने आंकड़ों का हवाला देते हुए कहा कि कर्नाटक में संगठन की 4,127 दैनिक शाखाएं, 1,389 वीकली मीटिंग और 60 मासिक मंडलियां संचालित हो रही हैं। इसके अलावा संघ ने राज्यभर में 2,194 सम्मेलन और 500 से अधिक पथ संचलन आयोजित किए हैं। उनका कहना है कि इतनी व्यापक गतिविधियों को निजी या अनौपचारिक व्यवस्था नहीं माना जा सकता। इसके साथ ही खड़गे ने यह भी पूछा कि संगठन के पास कितनी संपत्तियां हैं, उसका खर्च किस प्रकार होता है और क्या वह लागू कर कानूनों के तहत टैक्स का भुगतान करता है।



### भागवत बोले- आरएसएस गुप्त संगठन नहीं

प्रमुख मोहन भागवत ने संघ के रजिस्ट्रेशन की मांग को खारिज करते हुए कहा कि संगठन न तो गुप्त है और न ही जनता की नजर से दूर काम करता है। केरल के त्रिशूर में संघ के शताब्दी वर्ष कार्यक्रम के दौरान भागवत ने कहा- बहुत सी ऐसी चीजें चल रही हैं जिनका रजिस्ट्रेशन नहीं है। संगठन के पास छिपाने के लिए कुछ नहीं है। हम खुले मैदानों में काम करते हैं। लोगों को बुलाते हैं और उन्हें बताते हैं कि हम क्या करते हैं। उन्होंने संघ के रजिस्ट्रेशन के सवाल पर बताया कि जो लोग सरकार से फंड चाहते हैं, उन्हें रजिस्ट्रेशन की जरूरत होती है। वह होना ही चाहिए। लेकिन सरकार जानती है कि संघ का अस्तित्व है।

### नेपाल नहीं भागी, इंदौर जाने का प्लान नहीं: सोनम



**इंदौर, जेएनएन।** इंदौर के चर्चित राजा रघुवंशी हत्याकांड की मुख्य आरोपी और मृतक की पत्नी सोनम रघुवंशी ने कहा कि वह नेपाल नहीं भागी है। उसने कहा कि मेरे बारे में झूठी बातें फैलाई जा रही हैं। जनता से यही कहना चाहती हूं कि किसी भी अफवाह पर भरोसा न करें। सोनम ने एक निजी चैनल से बातचीत में यह बयान दिया है। इसके साथ ही सोनम ने जांच में सहयोग देने की बात भी कही। कहा- मैंने हमेशा कोर्ट की कार्यवाही में पूरा सहयोग किया है। आगे भी करती रहूंगी। मेरा अभी इंदौर जाने का कोई प्लान नहीं है। सोनम का बयान ऐसे समय में आया है, जब राजा रघुवंशी के बड़े भाई विपिन रघुवंशी ने आरोप लगाया था कि सशर्त जमानत पर जेल से रिहा होने के बाद सोनम देश छोड़कर नेपाल भाग गई है। उन्होंने मामले की सीबीआई जांच कराने की भी मांग की थी।

# टीएमसी के बागी सांसदों का 3 साल पुरानी एनसीपीआई में विलय, मजबूत होगी एनडीए

**कोलकाता/नई दिल्ली, जेएनएन।** तृणमूल कांग्रेस के 20 बागी सांसदों के विलय के बाद नेशनलिस्ट सिटीजन्स पार्टी ऑफ इंडिया (एनसीपीआई) चर्चा में है। रिकॉर्ड के अनुसार, 3 साल पहले 2023 में बंगाल के उत्तिया कुंडू और शेउली कुंडू नाम के कपल ने पार्टी की नींव रखी थी। एनसीपीआई के डॉक्यूमेंट्स में उत्तिया कुंडू पार्टी के अध्यक्ष हैं। पत्नी शेउली का नाम कोषाध्यक्ष के रूप में दर्ज है। एनसीपीआई अध्यक्ष उत्तिया ने 13 मई को फेसबुक पर बंगाल सीएम शुभेंदु अधिकारी के साथ अपनी फोटो शेयर करते हुए उन्हें मुख्यमंत्री बनने पर बधाई दी थी। हावड़ा में एनसीपीआई का ऑफिस है, जहां सोमवार को सुरक्षाबलों की तैनाती दिखी। ऑफिस के गेट पर उत्तिया ने खुद को बंगाली न्यूजपेपर का एडिटर और टीचर बताया है। उधर, कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने दावा किया, गृहमंत्री शाह ने इन सांसदों के अलग होने की साजिश रची थी। यह अजीब कदम लोकसभा में एनडीए के लिए दो-तिहाई बहुमत हासिल करने की उनकी रणनीति का हिस्सा है। दरअसल, बजट सत्र के दौरान सरकार परिसीमन बिल के लिए संविधान संशोधन बिलों को लोकसभा में पास नहीं करा पाई थी।

### संसद के दोनों सदनों में बढ़ेंगे एनडीए सांसद

टीएमसी में बगावत से संसद में एनडीए की ताकत बढ़ सकती है। 20 बागी सांसदों के समर्थन के बाद लोकसभा में एनडीए की संख्या 294 से बढ़कर 314 तक पहुंच सकती है। 18 जून के राज्यसभा चुनाव और टीएमसी सांसदों के संभावित इस्तीफों के बाद उच्च सदन में एनडीए का आंकड़ा 148 से बढ़कर 154 तक पहुंचने की संभावना है। हालांकि दो-तिहाई बहुमत तक पहुंचने के लिए एनडीए को लोकसभा में 46 और राज्यसभा में 9 सीटों की जरूरत रहेगी। भाजपा की इन कोशिशों को इसी से जड़कर देखा जा रहा है।

### जहांगीर की दोबारा परेड, नंगे पैर चले, कान पकड़े, हाथ जोड़े



पश्चिम बंगाल के फालता में पुलिस ने टीएमसी नेता जहांगीर खान की फिर हाफ पैंट में सड़क पर परेड कराई। इस दौरान जहांगीर ने कान पकड़कर और हाथ जोड़कर लोगों से माफी मांगते दिखे। पुलिस ने चार घंटे नंगे पैर सड़क पर घुमाया। इससे पहले 11 जून को भी फालता में ही जहांगीर की हाफ पैंट में परेड कराई गई थी। जांच के सिलसिले में पुलिस उन्हें फलता लेकर आई है। 8 जून को अवैध वसूली के आरोप में उन्हें नेपाल बॉर्डर से गिरफ्तार किया था। जहांगीर पर अवैध वसूली और महिलाओं को गैंगरेप की धमकी देने का आरोप है।जहांगीर ने 'पुष्पा' स्टाइल छवि बनाई थी जहांगीर का फालता में दबदबा था। जहांगीर खान ने चुनाव प्रचार के दौरान खुद को फिल्म 'पुष्पा' के किरदार की तरह पेश किया था। उन्होंने कई बार फिल्म का चर्चित डायलॉग 'पुष्पा झुकेगा नहीं साला' भी बोला था। उन्होंने खुद को इलाके के ऐसे मजबूत नेता के रूप में पेश किया, जो किसी दबाव के सामने नहीं झुकेगा।

# विमान हादसे में शहीद प्रशांत सैन्य सम्मान के साथ पंचतत्व में विलीन, तिरंगा लेकर पहुंची मां

**देहरादून, जएनएन।** असम के जोरहाट एयरबेस पर एएन-32 विमान हादसे में शहीद हुए स्क्वाड्रन लीडर प्रशांत सिंह रविवार को पंचतत्व में विलीन हो गए। देहरादून के किशन बहादुर थापा मार्ग स्थित श्मशान घाट में सैन्य सम्मान के साथ उनका अंतिम संस्कार किया गया। इस दौरान शहीद प्रशांत की मां हाथ में तिरंगा लिए खड़ी रहीं। शहीद का पार्थिव शरीर रविवार शाम करीब 4 बजे दिल्ली से जौलीग्रांट एयरपोर्ट पहुंचा था। वहां से उसे सेलाकुई स्थित आवास लाया गया, जहां कुछ समय के लिए अंतिम दर्शन के लिए रखा गया। तिरंगे में लिपटे इकलौते बेटे का पार्थिव शरीर देखते ही मां बेसुध हो गई थीं। बड़ी संख्या में लोग और वायुसेना के अधिकारी अंतिम श्रद्धांजलि देने पहुंचे। प्रशांत सिंह महज 32 साल के थे। करीब डेढ़ साल पहले 23 नवंबर 2024 को उनकी शादी हुई थी। शनिवार सुबह जोरहाट एयरबेस पर लैंडिंग के दौरान हुए एएन-32 विमान हादसे में प्रशांत समेत पांच वायुसेना के जवान शहीद हो गए थे। अलीगढ़ के गांव सालपुर निवासी जितेंद्र शर्मा सात भाई-बहनों में सबसे छोटे थे। परिवार में उनकी मां राजेश्वरी देवी और दो बड़े भाई रमाकांत व भूपेंद्र साथ रहते हैं। उनका चयन 1 जनवरी 2015 को भारतीय वायुसेना में हुआ था। करीब 11 वर्षों तक उन्होंने देश की सेवा की। उन्होंने टप्पल क्षेत्र के डीआरजी इंटर कॉलेज, धनीपुरा कुराना से हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की पढ़ाई पूरी की थी। इसके बाद अलीगढ़ में कोचिंग कर भारतीय वायुसेना में चयनित हुए थे।



### मां बेटे का चेहरा भी नहीं देख सकीं

मां अपने बेटे का चेहरा भी नहीं देख पाईं क्योंकि जितेंद्र का ताबूत नहीं खोला गया। बताया गया कि हादसे में शव पूरी तरह जल गया था। इसी वजह से अफसरों ने परिवार से ताबूत न खोलने के लिए कहा था। सीओ संजीव कुमार तोमर ने भी बताया कि शहीद के ताबूत को नहीं खोला जाएगा। हाथ में पति की तस्वीर और आंखों में आंसू। शहीद प्रशांत सिंह की पत्नी अंतिम विदाई के दौरान भावुक नजर आईं।

### पूछताछ के बाद बांग्लादेश पीएम के सलाहकार दिल्ली एयरपोर्ट से लौटे



**ढाका, जेएनएन।** बांग्लादेश के प्रधानमंत्री के सलाहकार डॉ. जाहेद उर रहमान को दिल्ली के इंदिरा गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर रोक लिया गया। सूत्रों के मुताबिक, इमिग्रेशन अधिकारियों ने उन्हें करीब दो घंटे तक वेटिंग रूम में बैठाए रखा और कई मुद्दों पर पूछताछ की। इसके बाद उन्होंने अपना पासपोर्ट वापस मांगा और भारत में आने से इनकार कर दिया। बाद में वह कोलंबो के रास्ते सोमवार सुबह ढाका पहुंचे। वह इंडियन ओशन रिम एसोसिएशन की वरिष्ठ अधिकारियों की बैठक में हिस्सा लेने के लिए दिल्ली आए थे। बांग्लादेश के विदेश मंत्रालय के एक अधिकारी ने बताया कि शुक्रवार को ही नई दिल्ली स्थित बांग्लादेश उच्चायोग ने भारत के विदेश मंत्रालय को आधिकारिक रूप से सूचित कर दिया था कि डॉ. जाहेद आईओआरए बैठक में बांग्लादेशी प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व करेंगे। बांग्लादेश के उच्चायुक्त एम. रियाज हमीदुल्लाह ने भी भारतीय अधिकारियों से इस यात्रा को लेकर बात की थी। इसी वजह से ढाका में कई वरिष्ठ अधिकारी इस पूरे घटनाक्रम को रहस्यमय बता रहे हैं। उनका कहना है कि पहले से आधिकारिक जानकारी देने के बावजूद एयरपोर्ट पर ऐसी स्थिति कैसे बनी।

### निशातपुरा में शुरू हुआ जोनल ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट, 40 लोको ले रहे ट्रेनिंग

#### मंडल के कर्मचारियों को नहीं जाना पड़ेगा बाहर

**भोपाल।** भोपाल रेल मंडल के अंतर्गत निशातपुरा में रेलवे कर्मचारियों के लिए नया प्रशिक्षक केंद्र स्थापित किया गया है। इसका उद्घाटन सोमवार को पश्चिम मध्य रेलवे के महाप्रबंधक दिलीप कुमार सिंह ने किया। रेलवे से मिली जानकारी अनुसार निशातपुरा में मल्टी डिसिप्लिनरी जोनल ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट (एमडीजेडटीआई) का शुभारंभ किया गया है। इस संस्थान में भोपाल मंडल के कर्मचारियों को तकनीकी रूप से दक्ष बनाया जाएगा। कई प्रकार के प्रशिक्षण के लिए पहले कर्मचारियों को भुसावल या अन्य शहरों में जाना पड़ता था, लेकिन अब ऐसा नहीं होगा। उद्घाटन अवसर पर जीएम दिलीप सिंह ने संस्थान में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे प्रथम बैच लोको पायलट प्रमोशन कोर्स के 40 प्रशिक्षणार्थियों से संवाद किया। महाप्रबंधक ने प्रशिक्षणार्थियों से प्रशिक्षण व्यवस्थाओं, उपलब्ध सुविधाओं एवं उनके अनुभवों की जानकारी प्राप्त की। महाप्रबंधक ने प्रशिक्षणार्थियों के छात्रावास, मेस, क्लासरूम, प्रशासनिक भवन, ऑडिटोरियम ब्लॉक, प्रशिक्षण कक्षों तथा संस्थान में उपलब्ध अन्य सुविधाओं का जायजा लिया। साथ ही प्रस्तावित मॉडल रूम के प्रारूप एवं विकास कार्यों का अवलोकन कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने निर्देशित किया कि संस्थान में उपलब्ध आधुनिक संसाधनों का अधिकतम उपयोग करते हुए रेलवे कर्मचारियों को उच्च गुणवत्ता का प्रशिक्षण प्रदान किया जाए।

# बिजनेस छोड़ रिएलिटी शो से जुड़ीं गोविंदा की बेटी?

बॉलीवुड एक्टर गोविंदा की पत्नी सुनीता आहूजा और बेटी टीना आहूजा इन दिनों नए शो मां है ना में नजर आ रही हैं। ये शो 12 जून 2026 से स्ट्रीम होना शुरू हुआ है। हालांकि इसे कलर्स के हिट शो लाफ्टर शेफ की कॉपी बताया जा रहा है। इस पर गोविंदा की बेटी ने अपनी राय रखी। हाल ही में टीना आहूजा ने शो के कंसेप्ट, रियलिटी शोज और लाफ्टर शेफ्स से तुलना जैसे कई मुद्दों पर खुलकर बात की। एक बातचीत में टीना ने कहा- मैं एक्साइटेड से ज्यादा इस शो का इंतजार कर रही हूं। ये मेरी मां के साथ पहला प्रोजेक्ट है। साथ ही इस तरह के शो में सेलिब्रिटी गेस्ट के तौर पर भी यह मेरा पहला अनुभव है। जब उनसे पूछा गया कि शो कुकिंग पर आधारित है, तो क्या वो अच्छी कुक हैं? इस पर टीना ने हंसते हुए कहा- मैं कुकिंग में बहुत खराब हूं। पहले तो मुझे लगता था कि मैं बिल्कुल नहीं बना सकती, लेकिन किसी तरह मैंने मैनेज कर लिया। मुझे कुकिंग से डर भी नहीं लगता। शायद यही वजह है कि मेकर्स ने मुझे इस शो के लिए चुना। हालांकि मां की थोड़ी मदद से मैं काम चला लेती हूं। अक्सर स्टार किड्स पर पक्षपात के आरोप लगते हैं। इस सवाल पर टीना ने कहा- नहीं, मुझे बिल्कुल झिझक नहीं थी। कई सालों से मुझे रियलिटी शोज के ऑफर मिल रहे थे, लेकिन मैं कभी ज्यादा दिलचस्पी नहीं रखती थी। इस शो के लिए मैंने सिर्फ अपनी मां की वजह से हां कहा। मैं उनके साथ पहले कभी काम नहीं किया था।



**असर** 83.18 डॉलर प्रति बैरल पर आया, दुनियाभर के शेयर बाजारों में तेजी

# अमेरिका-ईरान समझौते से क्रूड के दाम गिरे

**नई दिल्ली, जेएनएन।** अमेरिका और ईरान के बीच जंग खत्म करने के लिए समझौता हो गया है। इस खबर के बाद सोमवार को दुनियाभर के शेयर बाजारों में तेजी देखी जा रही है और क्रूड ऑयल की कीमतों में गिरावट आई है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में ब्रेंट क्रूड ऑयल की कीमत 4.8 प्रतिशत गिरकर 83.18 डॉलर प्रति बैरल पर आ गई है। कुछ हफ्ते पहले ब्रेंट क्रूड ऑयल की कीमत 100 डॉलर प्रति बैरल के आसपास थी। युद्ध शुरू होने से पहले इसकी कीमत 70 डॉलर के करीब थी।

**अमेरिकी बाजार डाउ जोंस 638 अंक चढ़ा:** ग्लोबल मार्केट में समझौते पर सहमति का सीधा असर अमेरिकी शेयर बाजार वॉल स्ट्रीट पर दिखा। सोमवार को डाउ जोंस इंडस्ट्रियल एवरेज करीब 650 अंक की बढ़त के साथ कारोबार कर रहा है। इसके साथ ही एस एंड पी 500 इंडेक्स 1.5 प्रतिशत और नैस्डैक कंपोजिट 2.3 प्रतिशत ऊपर चढ़ गया।




### एआई कंपनी माइक्रोन का शेयर 7.8 प्रतिशत बढ़ा

आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस इंडस्ट्री से जुड़ी कंपनियों के शेयरों में भी जबरदस्त लिफ्ट देखने को मिली है। हाल के हफ्तों में एआई कंपनियों के शेयर भारी उतार-चढ़ाव से गुजर रहे थे, क्योंकि बाजार में यह चिंता थी कि एआई क्रेज के कारण ये बहुत तेजी से ऊपर चले गए हैं। माइक्रोन टेक्नोलॉजी के शेयर 7.8 प्रतिशत और एडवांस्ड माइक्रो डिवाइसेज के शेयर 7 प्रतिशत चढ़ गए। वॉल स्ट्रीट की सबसे वैल्यूएबल कंपनी एनवीडिया के शेयर में 2.7 प्रतिशत की तेजी दर्ज की गई, जिसने एस एंड पी 500 को ऊपर खींचने में सबसे बड़ी भूमिका निभाई।

### एयरलाइंस के शेयर 7 प्रतिशत चढ़े

ईंधन की कीमतों में गिरावट की खबर से उन कंपनियों के शेयरों में तुरंत उछाल आया जिनका फ्यूल बिल बहुत ज्यादा होता है। यूनाइटेड एयरलाइंस के शेयर 5.2 प्रतिशत ऊपर चढ़ गए। अमेरिकन एयरलाइंस में 7 प्रतिशत की तेजी आई। इसके अलावा क्रूज ऑपरेटर कंपनी कार्निवल के शेयर भी 5.7 प्रतिशत मजबूत हुए।

# रक्तदान महादान है, मानवता की सेवा का सर्वोत्तम माध्यम: उप मुख्यमंत्री



**विश्व रक्तदाता दिवस पर प्रदेशभर में 102 शिविरों से 3,207 यूनिट रक्त संग्रहित**

*__भोपाल।__ उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने विश्व रक्तदाता दिवस के अवसर पर रीवा में आयोजित रक्तदाता सम्मान समारोह में कहा कि रक्तदान महादान है। रक्तदान करके मानवता की सेवा में अमूल्य योगदान दिया जा सकता है। रक्तदान-जीवनदान है और यह मानवता की पहचान भी है। जरूरतमंद व्यक्ति के जीवन की रक्षा के लिए प्रत्येक सक्षम नागरिक को नियमित रूप से रक्तदान करना चाहिए तथा दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करना चाहिए। उन्होंने रक्तदाताओं को सम्मानित करते हुए कहा कि उनका यह योगदान समाज के लिए प्रेरणास्रोत है। विश्व रक्तदाता दिवस के अवसर पर प्रदेशभर में शासकीय रक्त केंद्रों द्वारा आयोजित रक्तदान शिविरों को नागरिकों का उत्साहपूर्ण सहयोग प्राप्त हुआ। प्रदेश में 102 रक्तदान शिविरों के माध्यम से कुल 3,207 यूनिट रक्त संग्रहित किया गया, जो स्वैच्छिक रक्तदान के प्रति बढ़ती जन-जागरूकता और सामाजिक सहभागिता का प्रमाण है। इंदौर (एमजीएम मेडिकल कॉलेज) में 455 यूनिट, सिवनी (280 यूनिट), कटनी एवं नीमच (141-141 यूनिट), रतलाम (139 यूनिट), जबलपुर जिला चिकित्सालय (127 यूनिट), शाजापुर (120 यूनिट), अशोकनगर (105 यूनिट) और शिवपुरी जिला चिकित्सालय (99 यूनिट) सहित पूरे प्रदेश में रक्तदाताओं ने उत्साह के साथ रक्तदान किया। अभियान में प्रदेश के स्वैच्छिक रक्तदाताओं, सामाजिक एवं स्वयंसेवी संस्थाओं, युवाओं, जनप्रतिनिधियों और विभिन्न संगठनों ने सशक्त सहभागिता की। रक्त केंद्रों के चिकित्सकों, नर्सिंग स्टाफ, लैब तकनीशियनों, पैरामेडिकल, सहित मैदानी कार्यकर्ताओं, विभागीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों के समर्पित प्रयास से यह उपलब्धि प्राप्त हुई।*

# कामाडा के जादुई गोल से जापान ने नीदरलैंड को बराबरी पर रोका

**फीफा वर्ल्ड कप:** जापान ने आखिरी मिनटों में पलटा मैच, जर्मनी, स्वीडन और आइवरी कोस्ट ने जीते अपने-अपने मुकाबले



**89** वें मिनट में दाइची कामाडा का बराबरी का गोल जापान के वर्ल्ड कप इतिहास का सबसे देर से हुआ गोल था। कामाडा का गोल 1998 के ग्रुप स्टेज में मेक्सिको के लिए लुइस हर्नांडिज के देर से किए गए बराबरी के गोल (90+4) के बाद विश्व कप में रेगुलर टाइम के दौरान नीदरलैंड द्वारा खाया गया, नतीजा बदलने वाला सबसे देर से हुआ गोल था।

- जापान ने विश्व कप में यूरोपीय टीमों के खिलाफ अपने पिछले तीनों मैचों में हार का सामना नहीं किया है (1 जीत, 2 ड्रॉ, 0 हार- सभी यूईएफए टीमों के खिलाफ)। यह जून 2002 में मेजबान टीम के तौर पर लगातार चार मैचों में बिना हारे रहने के बाद उनका सबसे लंबा ऐसा सिलसिला है। वहीं पहली बार नीदरलैंड दो बार बढ़त बनाने के बावजूद वर्ल्ड कप का मैच जीतने में नाकाम रहा।
- वैन डाइक ने किसी बड़े टूर्नामेंट (वर्ल्ड कप/यूरो) में नीदरलैंड के लिए अपने करियर का पहला गोल किया। 34 साल और 341 दिन की उम्र में वह 2010 में उरुग्वे के खिलाफ गोल करने वाले जियोवानी वैन ब्रोंकहोर्स्ट (35 साल, 151 दिन) के बाद वर्ल्ड कप में गोल करने वाले नीदरलैंड के दूसरे सबसे उम्रदराज खिलाड़ी बन गए। - रयान ग्रेवेनबर्ग 1966 के बाद से अपने विश्व कप डेब्यू में एक से ज्यादा असिस्ट करने वाले नीदरलैंड के दूसरे खिलाड़ी बन गए। इससे पहले डेली ब्लाइंड ने 2014 में स्पेन के खिलाफ 2 असिस्ट किए थे।

**जेएनएन, आर्लिंगटन (अमेरिका)**

दाइची कामाडा ने अंतिम सीटी बजने से कुछ मिनट पहले गोल किया, जिससे जापान ने विश्व कप फुटबॉल के ग्रुप-एफ के मैच में नीदरलैंड को 2-2 से बराबरी पर रोक दिया। जब जापान की हार सुनिश्चित लग रही थी तब कामाडा ने यह महत्वपूर्ण गोल किया, जिसे उनका देश वर्षों तक याद रखेगा। कोकी ओगावा के कॉर्नर किक पर कामाडा ने 88वें मिनट में हेडर से गोल किया, जिससे समुराई ब्लू (जापानी टीम) के प्रशंसक खुशी से झूम उठे। इससे जापान ने अपने से अधिक रैंकिंग वाले नीदरलैंड की जीत की उम्मीदों पर पानी फेर दिया। नीदरलैंड की टीम को भले ही अंक बांटने पड़े, लेकिन इस ड्रॉ से उसने विश्व कप के ग्रुप चरण में अपने अजेय अभियान को 17 मैच तक पहुंचा दिया है। वर्जिल वैन डाइक (50वें मिनट) और क्रिसेंसियो समरविले (64वें) ने नीदरलैंड के लिए एक-एक गोल दागा, जबकि कीटो नाकामुरा (57वें) ने जापान की तरफ से गोल किया। यह तीनों गोल 14 मिनट के अंदर किए गए। जापान की टीम चार साल पहले कतर में अंतिम 16 में पहुंची थी।




## स्वीडन ने यासीन के दो गोल से ट्यूनीशिया को 5-1 से रौंदा

**मॉन्टेरी ( मैक्सिको ), जेएनएन।** यासीन अयारी के दो गोल की मदद से स्वीडन ने ट्यूनीशिया को 5-1 से करारी शिकस्त देकर विश्व कप में अपने अभियान की शानदार शुरुआत करते हुए ग्रुप-एफ में शीर्ष स्थान हासिल कर लिया। अयारी ने स्वीडन के लिए सातवें मिनट और दूसरे हाफ के स्टॉपेज टाइम में लंबी दूरी से गोल दागकर स्कोर की शुरुआत और अंत किया। अलेक्जेंडर इसाक (30वें मिनट), विक्टर ग्योकेरेस (59वें) और मैटियस स्वानबर्ग (84वें) ने एक-एक गोल किया। विश्व रैंकिंग में 45वें स्थान पर काबिज ट्यूनीशिया के लिए उमर रेकिक ने गोल किया। स्वीडन ने पांच गोल किए, जो 1938 के बाद से किसी वर्ल्ड कप मैच में देश का सबसे अच्छा प्रदर्शन है (क्यूबा के खिलाफ क्वार्टर फाइनल में 8 गोल किए थे)। स्वीडन ने पेनल्टी एरिया के बाहर से तीन गोल किए, जो 1966 के बाद से वर्ल्ड कप मैच में सबसे ज्यादा हैं। ओन-गोल को छोड़कर। अयारी ने संयमित तरीके से जश्न मनाया और अपने पिता के जन्मस्थान के प्रति सम्मान दिखाते हुए अपने हाथ ऊपर उठाए।

## जर्मनी सबसे ज्यादा गोल करने वाली टीम

**ह्यूस्टन, जेएनएन।** चार बार की विश्व चैंपियन जर्मनी ने ग्रुप-ई के पहले मैच में कुराकाओ को 7-1 से हराकर शानदार आगाज किया। इसके साथ ही जर्मनी टूर्नामेंट के इतिहास में सबसे ज्यादा गोल (239) करने वाली टीम बन गई है, जबकि ब्राजील 238 गोल के साथ दूसरे नंबर पर है। सिर्फ छह मिनट के भीतर जर्मनी के फेलिक्स नेमेचा ने फ्लोरियन विर्ट्ज के साथ बेहतरीन तालमेल दिखाते हुए पहला गोल दागा। यह टूर्नामेंट का अब तक का सबसे तेज गोल रहा। करीब 1.55 लाख की आबादी और मात्र 171 वर्ग मील क्षेत्रफल वाले कैरेबियाई देश कुराकाओ के लिए मडफील्डर लिवानो कोमेनेंसिया ने पहला गोल दागा और टीम को बराबरी दिलाई। इसके बाद जर्मनी ने फिर से खेल पर नियंत्रण बना लिया। जर्मनी के लिए 38वें मिनट में निको श्लॉटरबेक ने हेडर से गोल किया। काई हैवर्ट्ज (45+5), जमाल मुसियाला (47), नाथानिएल ब्राउन (68) और डेनिज उंडाव (78) ने एक-एक गोल दागा। जर्मनी ने यह मुकाबला छह गोल से जीता, जो उनकी फीफा विश्व कप में दूसरी सबसे बड़ी जीत है। उनकी सबसे बड़ी जीत 2002 के ग्रुप स्टेज में सऊदी अरब के खिलाफ 8-0 से थी। टीम ने विश्व कप के शुरुआती मैचों में लगातार दो हार का सिलसिला खत्म किया। जर्मनी को 2014 (जब उन्होंने पुर्तगाल को हराया था) के बाद यह विश्व कप के ओपनिंग मैच में उनकी पहली जीत थी।

**चार बार की चैंपियन ने कुराकाओ पर 7-1 से बड़ी जीत दर्ज की**

## आइवरी कोस्ट 12 साल बाद ओपनिंग मैच जीता



- डियालो ने 90वें मिनट में गोल किया, जो विश्व कप में आइवरी कोस्ट का सबसे देर से किया गया गोल रहा। 23 साल और 338 दिन की उम्र में वह वर्ल्ड कप में आइवरी कोस्ट के लिए सबसे कम उम्र में गोल करने वाले खिलाड़ी भी बन गए।
- जून 2006 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ इटली के लिए फ्रांसेस्को टोटी के 94वें मिनट के पेनल्टी गोल के बाद यह किसी सब्स्टिट्यूट खिलाड़ी द्वारा 1-0 से जीते गए वर्ल्ड कप मैच में सबसे देर से किया गया विनिंग गोल था।

**फिलाडेल्फिया ( अमेरिका ), जेएनएन।** मैनचेस्टर यूनाइटेड के विंगर अमाद डियालो के 90वें मिनट में किए गए गोल की मदद से आइवरी कोस्ट ने ग्रुप-ई में इक्वाडोर को 1-0 से हराया। ऐसा लग रहा था कि मुकाबला गोलरहित ड्रॉ पर समाप्त होगा, लेकिन सब्स्टीट्यूट खिलाड़ी के तौर पर आए अमाद ने शानदार शॉट लगाते हुए आइवरी कोस्ट को 2014 के बाद विश्व कप में पहली जीत दिलाई। मैच के दौरान दक्षिण अमेरिकन टीम ने तीन बार गोलपोस्ट पर शॉट मारे, जबकि आइवरी कोस्ट ने भी एक दफा बार पर शॉट मारा। इस मैच में कुल 4 शॉट पोस्ट से टकराए, जो 1966 के बाद से किसी वर्ल्ड कप मैच में दूसरी सबसे ज्यादा बार ऐसा होने का रिकॉर्ड है।

## खेल एक नजर

### ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाज लियोन ने संन्यास की बात को खारिज किया

**मेलबर्न, जेएनएन।** ऑस्ट्रेलिया के अनुभवी स्पिनर नाथन लियोन ने संन्यास के बारे में किसी भी तरह की सोच को सिरे से खारिज कर दिया है। उन्होंने कहा कि हैमस्ट्रिंग की गंभीर चोट से उबरने के बाद भी वे हर उपलब्ध टेस्ट मैच में खेलने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध हैं। लियोन को एडिलेड में इंग्लैंड के खिलाफ तीसरे टेस्ट के दौरान चोट लगी थी और हैमस्ट्रिंग को ठीक करने के लिए उनकी सर्जरी हुई थी। उन्होंने कहा कि उन्हें भरोसा है कि वे 13 अगस्त को डार्विन में बंगलादेश के खिलाफ ऑस्ट्रेलिया के शुरुआती टेस्ट मैच में वापसी कर लेंगे।

### दीपिका के दो गोल से भारत ने अमेरिका को 3-2 से हराया



**ऑकलैंड, जेएनएन।** दीपिका के दो गोल की मदद से भारतीय महिला हॉकी टीम ने सोमवार को एफआईएच नेशंस कप के पूल-ए के अपने पहले मैच में शुरू में पिछड़ने के बाद शानदार वापसी करते हुए अमेरिका पर 3-2 से जीत हासिल की। भारत की तरफ से दीपिका के दो गोल के अलावा नवनीत कौर ने भी एक गोल किया। अमेरिका के लिए एशले सेसा और मैडलीन जिमर ने गोल किए। नेशंस कप की विजेता टीम अगले सत्र में प्रो लीग में खेलेगी। भारत पिछले सीजन में इससे बाहर हो गया था। इस जीत से भारत तीन अंकों के साथ पूल-ए में दूसरे स्थान पर पहुंच गया है। शीर्ष पर काबिज जापान के भी तीन अंक हैं, लेकिन उसका गोल अंतर भारत से बेहतर है।

### बॉक्सिंग वर्ल्ड कप: दीपक-पूनम जीते, 7 भारतीयों को मिली हार

**नई दिल्ली, जेएनएन।** चीन में बॉक्सिंग वर्ल्ड कप (स्टेज 2) के पहले दिन भारतीयों दीपक और पूनम विजेता रहे, जिन्होंने अपनी-अपनी कैटेगरी में अगले दौर में प्रवेश किया। वहीं, 7 अन्य भारतीय मुक्केबाजों को शिकस्त झेलनी पड़ी। महिलाओं की 54 किलोग्राम कैटेगरी में पूनम ने राउंड ऑफ 32 में उज्बेकिस्तान की अजीजा योकुबोवा पर 5-0 से हराया। पुरुषों की 70 किलोग्राम कैटेगरी में दीपक ने भी शानदार प्रदर्शन करते हुए राउंड ऑफ 32 में बायरामदुर्डी नूरमुहम्मदोव (तुर्कमेनिस्तान) को सर्वसम्मति से 5-0 के फैसले से मात देकर अगले दौर में जगह बनाई। शेष भारतीय मुक्केबाज आगे नहीं बढ़ सके। ऋषि सिंह (50 किलोग्राम) अजरबैजान के सुभान मामेदोव से हार गए, जबकि सनमाचा चानू थोकचोम (75 किलोग्राम) कनाडा की तमारा थिबोल्ट से हार गईं। पुरुषों की 90 किलोग्राम कैटेगरी में सावन गिल भी नॉर्वे के उमर शिहा से हारकर बाहर हो गए।

## सुपर ओवर में श्रीलंका से हारी इंडिया-ए



**दाम्बुला, जेएनएन।** श्रीलंका-ए ने दांबुला में त्रिकोणीय सीरीज के चौथे मुकाबले में इंडिया-ए को सुपर ओवर में हराया। यह इंडिया-ए की लगातार दूसरी हार है। पहले बल्लेबाजी करते हुए भारतीय टीम ने सूर्यांश शेडगे (72) और विप्राज निगम (51) के अर्धशतक की बदौलत 49.2 ओवर में सभी विकेट गंवाकर 265 रन बनाए। 266 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए श्रीलंका-ए को अंतिम ओवर में पांच रन चाहिए थे और टीम ने आठ विकेट गंवा दिए थे। सेट बल्लेबाज सदीरा समराविक्रमा (93) क्रीज पर मौजूद थे। अंतिम ओवर डालने आए अरशद खान ने दूसरी ही गेंद पर समराविक्रमा को आउट कर दिया। अरशद ने अंतिम ओवर में कुल चार रन ही दिए और अंतिम गेंद पर चमीका गुणाशेखरा (18) रनआउट हो गए। परिणामस्वरूप मुकाबला सुपर ओवर तक पहुंचा। इंडिया-ए के लिए अरशद ने ही सुपर ओवर डाला। हालांकि उन्होंने एक वाइड और एक नो बॉल सहित कुल 16 रन दिए। 17 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए इंडिया-ए 11 रन बना पाई। इंडिया-ए ने सूर्यांश और वैभव सूर्यवंशी को मैदान पर भेजा। शेडगे पहली तीन गेंद पर वह एक डबल सहित कुल तीन रन ही निकाल पाए और इसके बाद सूर्यवंशी ने एक डबल और एक चौका लगाया। अंतिम गेंद पर भारत को सुपर ओवर टाई कराने के लिए एक बड़े शॉट की दरकार थी, लेकिन सूर्यवंशी उस गेंद पर रन नहीं बना पाए। कुगादास मतुलन की यॉर्कर के खिलाफ सूर्यवंशी ने बल्ला घुमाया लेकिन वह बीट हो गए।

- इंडिया-ए को सुरक्षित एरिया में दौड़ने पर 10 रन पेनल्टी के भी लगे और यह मुकाबले के नतीजे में निर्णायक सिद्ध हुआ। 34वें और 37वें ओवर में प्रगित रम्बुकवेला और शांता फोंसेका ने पांच-पांच रन की पेनल्टी लगाई। दोनों ही अवसरों पर विप्रज निगम सिंगल निकालने के लिए पिच के सामने दौड़ गए, पेनल्टी लगाए जाने से पहले निगम को दो बार चेतावनी भी दी गई थी। इसके परिणामस्वरूप श्रीलंका-ए 10 अतिरिक्त रन स्कोर में जोड़े जाने के साथ चेज करने आई।
- मैच खराब माहौल में खत्म हुआ, जिसमें सूर्यवंशी की मेजबान टीम के एक खिलाड़ी के साथ तीखी बहस हुई और बात लगभग हाथापाई तक पहुंच गई। सूर्यवंशी ने विरोधी खिलाड़ी को धक्का भी दे दिया। श्रीलंकाई विकेटकीपर निरोशन डिकवेला ने बीचबचाव कर मामला शांत कराया।

## आरसीबी-गुजरात फाइनल को रिकॉर्ड 40 करोड़ से अधिक ने स्क्रीन पर देखा



**मुंबई, जेएनएन।** इंडियन प्रीमियर लीग को रिकॉर्ड एक अरब 20 करोड़ दर्शक मिले, जो प्रति वर्ष के आधार पर सात प्रतिशत का इजाफा है। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) ने अहमदाबाद में हुए फाइनल में गुजरात टाइटंस को पांच विकेट से हराकर अपना लगातार दूसरा आईपीएल खिताब जीता। जियोस्टार ने कहा कि आईपीएल 2026 को एक अरब 20 करोड़ से अधिक दर्शक मिले जो प्रति वर्ष के आधार पर सात प्रतिशत के इजाफे को दर्शाता है। इस सत्र में दर्शक स्क्रीन से चिपके रहे क्योंकि मैच देखने का समय 870 अरब मिनट तक पहुंच गया। फाइनल ने दर्शकों की संख्या दोगुनी कर दी और यह अब तक का सबसे अधिक देखा जाने वाला टाटा आईपीएल मैच बन गया, जिसे स्क्रीन पर 40 करोड़ से अधिक लोगों ने देखा। 2026 सत्र में डिजिटल स्क्रीन पर अच्छी प्रगति देखी गई। कनेक्टेड टीवी 22 प्रतिशत बढ़ा। डिजिटल वीडियो पर देखे जाने वाले व्यूज 25 अरब तक पहुंच गए जो साल दर साल आठ प्रतिशत की बढ़ोतरी है।

## 28 गेंद में 70 रन चेज कर विंडीज ने जीती टी-20 सीरीज

**तीसरे और अंतिम मैच में श्रीलंका को 5 विकेट से हराया**



**जमैका, जेएनएन।** वेस्टइंडीज ने तीसरे और आखिरी टी-20 में श्रीलंका को पांच विकेट से हराकर सीरीज 2-1 से अपने नाम की। किंगस्टन में खेले गए मुकाबले में 170 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी वेस्टइंडीज का स्कोर एक समय पर 15 ओवर के बाद 4 विकेट के नुकसान पर 100 रन था। टीम को आखिरी 30 गेंदों पर 70 रनों की जरूरत थी। शेरफेन रदरफोर्ड और जेसन होल्डर की कमाल की पारियों के दम पर वेस्टइंडीज ने 28 गेंदों पर मुकाबला जीत लिया। रदरफोर्ड ने 40 गेंदों पर 3 चौकों और 4 छक्कों की मदद से 54 रनों की नाबाद पारी खेली। होल्डर ने 5 गेंदों पर 3 छक्कों की मदद से नाबाद 21 रन बनाए। रोवमैन पॉवेल ने 33 और शिमरन हेटमायर ने 32 रनों का योगदान दिया। इससे पहले श्रीलंका 169 रन पर सिमट गई। उसके लिए डुनिथ वेल्लालागे ने सर्वाधिक 43 रन बनाए। उनके अलावा कोई और बल्लेबाज 30 रन का आंकड़ा तक नहीं छू पाया। वेस्टइंडीज के तेज गेंदबाज शमर जोसेफ ने शानदार गेंदबाजी करते हुए 4 ओवर में 33 रन खर्च कर 5 विकेट चटकाए। जोसेफ को प्लेयर ऑफ द मैच और प्लेयर ऑफ द सीरीज का अवॉर्ड भी मिला।

## स्टोक्स-एटकिंसन के बाद तेज गेंदबाज रॉबिन्सन टीम से बाहर



**लंदन, जेएनएन।** इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स और गस एटकिंसन के बाद एक अन्य तेज गेंदबाज ओली रॉबिन्सन भी घुटने की चोट के कारण न्यूजीलैंड के खिलाफ ओवल में 17 जून से होने वाले दूसरे टेस्ट क्रिकेट मैच से बाहर हो गए हैं। रॉबिन्सन ने पहले टेस्ट मैच में 77 रन देकर 7 विकेट लिए थे। इंग्लैंड ने यह मैच 115 रन से जीता था। स्टोक्स और एटकिंसन को बुधवार को टीम से बाहर कर दिया गया था, क्योंकि एक नाइट क्लब में हुई घटना के बाद उनकी जांच चल रही है। रॉबिन्सन टीम के साथ ही रहेंगे और 25 जून से ट्रेंट ब्रिज में शुरू होने वाले तीसरे और अंतिम टेस्ट से पहले अपने घुटने की चोट से उबरने के लिए रिहैबिलिटेशन करवाएंगे। उनकी जगह पर अब तक एक भी अंतरराष्ट्रीय मैच नहीं खेलने वाले हेनरी क्रोकोम्बे को टीम में शामिल किया गया है। स्टोक्स की अनुपस्थिति में जो रूट टीम की कप्तानी करेंगे।

## डायमंड लीग में खेलेंगे चोपड़ा



**नई दिल्ली, जेएनएन।** फिट हो चुके भारत के भालाफेंक स्टार नीरज चोपड़ा 19 जून को होने वाली दोहा डायमंड लीग के जरिए फिर मैदान पर वापसी करेंगे। टोक्यो ओलंपिक 2020 चैंपियन और पेरिस ओलंपिक 2024 के रजत पदक विजेता चोपड़ा ने 2025 विश्व चैंपियनशिप में निराशाजनक आठवें स्थान पर रहने के बाद प्रतिस्पर्धा में हिस्सा नहीं लिया है। उनकी प्रबंधन फर्म वेल स्पोर्ट्स ने सोशल मीडिया पर लिखा, 2026 का पहला थ्रो दोहा में। नीरज चोपड़ा 19 जून को प्रतियोगिता में वापसी करेंगे। सूची में नाम: दोहा डायमंड लीग में भालाफेंक की प्रविष्टियों में चोपड़ा का नाम शामिल है, जबकि 12 जून को जारी सूची में उनका नाम नहीं था। उन्होंने पिछले साल इसी टूर्नामेंट में 90 मीटर का आंकड़ा पार किया था। हरियाणा के 28 वर्षीय चोपड़ा इस समय स्विट्जरलैंड के बियेने में अपने फिजियो इशान मारवाहा और कोच जय चौधरी के साथ 47 दिन के ऑफ सीजन अभ्यास शिविर में भाग ले रहे हैं।

**सिटी स्पोर्ट्स**

## नेशनल कैनो स्प्रिंट चैंपियनशिप में मध्यप्रदेश ओवरऑल चैंपियन



**भोपाल, खेप्र।** मध्यप्रदेश 36वीं नेशनल कैनो स्प्रिंट जूनियर और सब-जूनियर चैंपियनशिप में ओवरऑल चैंपियन बना। भारतीय केनोइंग एवं कयाकिंग संघ एवं छत्तीसगढ़ संघ के तत्वाधान में रायपुर की सेंध झील में 12 से 14 जून तक आयोजित इस चैंपियनशिप में मप्र के खिलाड़ियों ने जूनियर वर्ग में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए 16 स्वर्ण सहित 24 पदक अपने नाम किए। इसमें छह रजत और दो कांस्य पदक शामिल हैं। वहीं सब जूनियर वर्ग में 9 स्वर्ण, 5 रजत और 1 कांस्य सहित 15 पदक जीते। मप्र ने जूनियर पुरुष ट्रॉफी और सब-जूनियर बॉयज ट्रॉफी अपने नाम की। वहीं जूनियर महिला ट्रॉफी और सब-जूनियर गर्ल्स ट्रॉफी जीती। पदक विजेता खिलाड़ी कोच पीयूष कांति बरोई, सोहेल खान और महिला कोच विश्वेश्वरी देवी से प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। मप्र कयाकिंग केनोइंग संघ के अध्यक्ष पीएस बुंदेला और सचिव मयंक ठाकुर ने खिलाड़ियों को बधाई दी।

## क्रिकेट चयन ट्रायल में 486 खिलाड़ियों ने लिया हिस्सा



**भोपाल, खेप्र।** भोपाल डिवीजन क्रिकेट एसोसिएशन (बीडीसीए) द्वारा शहर के नीलबड़ स्थिति डीपीएस स्कूल खेल मैदान पर अंडर-15 बॉयज ओपन चयन ट्रायल आयोजित किए गए। सुबह 7:30 बजे से शुरू हुए ट्रायल्स में करीब 486 खिलाड़ी शामिल हुए। बीडीसीए के उपाध्यक्ष एवं प्रवक्ता डॉ. सुशील सिंह ठाकुर ने बताया कि एमपीसीए के चयनकर्ता नितिन कुलकर्णी और जफर खान खिलाड़ियों की योग्यतानुसार चयनित करेंगे। चयनित खिलाड़ियों की सूची एमपीसीए को सौंपी जाएगी।

## बेन शेल्टन ने फ्रिट्ज को हराकर जीता पहला ग्रास कोर्ट खिताब



**स्टुटगार्ट ( जर्मनी ), जेएनएन।** बेन शेल्टन ने दो अमेरिकी खिलाड़ियों के बीच हुए फाइनल में गत चैंपियन टेलर फ्रिट्ज को हराकर स्टुटगार्ट ओपन टेनिस टूर्नामेंट का खिताब जीत लिया। शेल्टन ने तीन सेट में 6-4, 2-6, 6-4 से जीत दर्ज की। 23 साल के शेल्टन ने 11 में से नौ ब्रेक प्वाइंट बचाए और ग्रास कोर्ट पर अपना पहला खिताब जीता। उन्होंने जिरी लेहेका के खिलाफ सेमीफाइनल में भी दो मैच प्वाइंट बचाए थे। दुनिया के पांचवें नंबर के खिलाड़ी शेल्टन के करियर का यह छठा और मौजूदा सत्र का तीसरा खिताब है।

# ग्राम पंचायत गढ़ में जांच दल ने पाई निर्माण कार्यों में अनियमितताएं

## सरपंच-सचिव पर धारा 40-92 की कार्रवाई की अनुशंसा

### मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत गंगेव ने गठित किया था जांच दल

**आंचलिक, डेस्क।** जनपद पंचायत गंगेव अंतर्गत ग्राम पंचायत गढ़ में शिकायतकर्ता एवं वार्ड सदस्य रूपेश तिवारी एवं अन्य ग्रामीणजनों द्वारा लगाए गए भ्रष्टाचार एवं अनियमितताओं के आरोपों की जांच में कई महत्वपूर्ण तथ्य सामने आए हैं। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत गंगेव प्राची चौबे के आदेश पर गठित जांच दल ने 29 मई 2026 को ग्राम पंचायत गढ़ पहुंचकर शिकायतों की जांच की थी। इसके बाद 2 जून 2026 को जांच प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया, जिसमें विभिन्न विकास कार्यों में अनियमितताओं की पुष्टि की गई है।



### बाजार बैठकी में 2 लाख रुपये की राशि आहरित

जांच प्रतिवेदन के अनुसार शिकायत के प्रथम बिंदु में बाजार बैठकी की जांच की गई। जांच में पाया गया कि 13 अप्रैल 2026 को बाजार बैठकी की राशि लगभग 2 लाख रुपये ग्राम पंचायत के एकल खाते में जमा नहीं किया जाना पाया गया। जांच दल ने उपरोक्त राशि 2 लाख की वसूली कर सरपंच गोविंद कचेर एवं पूर्व पंचायत सचिव अच्छेलाल पटेल के विरुद्ध मध्यप्रदेश पंचायत राज एवं ग्राम स्वराज अधिनियम 1993 की धारा 40 एवं 92 के तहत बराबर-बराबर वसूली किया जाना प्रस्तावित किया गया है।

**52 नए विद्युत पोल लगे, मात्र 24 में ही स्ट्रीट लाइट लगाई :** शिकायत के दूसरे बिंदु में स्ट्रीट लाइट कार्य की जांच की गई। जांच दल ने पाया कि ग्राम पंचायत में कुल 52 नए विद्युत पोल लगाए गए हैं, लेकिन इनमें से केवल 24 पोलों में ही केबल एवं बल्ब लगाए गए हैं। शेष 28 पोलों पर आज तक स्ट्रीट लाइट की व्यवस्था नहीं की गई। जांच में यह भी सामने आया कि यह कार्य 14 मार्च 2024 से 14 मार्च 2025 की अवधि में पूर्ण किया जाना था, लेकिन निर्धारित अवधि बीत जाने के बाद भी कार्य अधूरा है। जांच के दौरान सरपंच द्वारा आश्वासन दिया गया कि दो सप्ताह के भीतर कार्य पूर्ण करा दिया जाएगा। इसके बाद 11 जून 2026 को पुनः समीक्षा की गई, जिसमें पाया गया कि दिए गए आश्वासन के बावजूद स्ट्रीट लाइट कार्य पूर्ण नहीं किया गया। इस पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने सरपंच एवं सचिव को कारण बताओ सूचना पत्र जारी करते हुए एक सप्ताह के भीतर कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए हैं। आदेश में स्पष्ट कहा गया है कि निर्धारित अवधि में कार्य पूर्ण नहीं होने पर व्यय की गई संपूर्ण राशि को निष्फल व्यय मानते हुए धारा 40-92 के अंतर्गत कार्रवाई का प्रस्ताव जिला पंचायत रीवा भेजा जाएगा।

### सार्वजनिक कुआं निर्माण में राशि निकली, कार्य अभी तक अधूरा

शिकायत के पांचवें बिंदु में पुरानी गल्ला मंडी के पास सार्वजनिक कुआं निर्माण कार्य की जांच की गई। जांच में पाया गया कि इस कार्य के लिए स्वीकृत राशि लगभग 91 हजार रुपये एवं 40 हजार की राशि आहरित की जा चुकी है, लेकिन मौके पर अभी तक कुएं की जगत निर्माण और कुएं के पानी की सफाई अधूरी पाई गई थी, जिसे 17 जून 2026 तक पूर्ण करने का आश्वासन सरपंच सचिव द्वारा दिया गया है। जांच के दौरान शिकायतकर्ताओं ने बताया कि लगभग छह माह पहले ग्राम पंचायत से राशि निकाली जा चुकी थी। सरपंच ने जांच दल के समक्ष आश्वासन दिया कि दस दिन के भीतर कार्य पूर्ण करा दिया जाएगा, लेकिन शिकायतकर्ता इस दावे से संतुष्ट नहीं हुए। जांच दल ने निर्देश दिया कि यदि तय दिनों के भीतर कार्य पूर्ण नहीं किया जाता है तो आहरित राशि की वसूली की जाए तथा सरपंच एवं सचिव के विरुद्ध धारा 40-92 एवं धारा 92 के तहत कार्रवाई प्रस्तावित की जाए।

### मुख्य कार्यपालन अधिकारी का सख्त रुख

स्ट्रीट लाइट कार्य में लगातार लापरवाही सामने आने के बाद मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत गंगेव द्वारा 15 जून 2026 को सरपंच गोविंद प्रसाद कचेर एवं सचिव शिवेन्द्र तिवारी को कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया। पत्र में कहा गया है कि शिकायतकर्ताओं के समक्ष दिए गए वादे के बावजूद कार्य पूर्ण नहीं किया गया, जिससे ग्रामीणों में असंतोष व्याप्त है। सीईओ ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि एक सप्ताह के भीतर स्ट्रीट लाइट कार्य पूर्ण कर प्रमाण प्रस्तुत किया जाए, अन्यथा संबंधित व्यय को निष्फल व्यय मानते हुए मध्यप्रदेश पंचायत राज एवं ग्राम स्वराज अधिनियम 1993 की धारा 40 एवं 92 के तहत कार्रवाई के लिए प्रकरण जिला पंचायत रीवा भेजा जाएगा।

**ग्रामीणों की नजर अब प्रशासनिक कार्रवाई पर :** जांच प्रतिवेदन और कारण बताओ नोटिस जारी होने के बाद ग्राम पंचायत गढ़ के ग्रामीणों की नजर अब प्रशासन की अगली कार्रवाई पर टिकी हुई है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि जांच रिपोर्ट के आधार पर दोषियों पर कार्रवाई होती है तो पंचायत स्तर पर पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित होगी।

### नाली निर्माण कार्य में भी मिली अनियमितता

शिकायत के तीसरे और चौथे बिंदु में पुरानी बस्ती और आदिवासी मोहल्ले में नाली निर्माण कार्य की जांच की गई। जांच दल ने पाया कि पुरानी बस्ती में 300 मीटर की नाली की गुणवत्ता और उसकी गहराई, चौड़ाई में काफी भ्रष्टाचार किया गया है। इसके अलावा नईगढ़ी रोड में आदिवासी बस्ती के पास नाली निर्माण कार्य अभी तक पूर्ण नहीं हुआ है। जांच प्रतिवेदन में उल्लेख है कि कार्य से संबंधित राशि आहरित किए जाने के बावजूद निर्माण अधूरा है। जांच दल ने स्पष्ट अनुशंसा की है कि यदि निर्धारित समय सीमा में कार्य पूर्ण नहीं होता है तो आहरित राशि की वसूली सरपंच एवं सचिव से की जाए तथा उनके विरुद्ध विधिक कार्रवाई की जाए।

# 11 वर्षों के बाद हरदी हल्का पटवारी राम बक्श साकेत का हुआ स्थानांतरण

## जिला प्रशासन मऊगंज के आदेश पर की गई कार्यवाही

### ग्रामीणों ने जताया जिला प्रशासन का आभार



जागरण खबर का असर

**हनुमना, नि.प्र.।** मऊगंज जिले के हनुमना तहसील के अंतर्गत आने वाला हरदी ग्राम पंचायत में पदस्थ पटवारी राम बक्स साकेत जो कि 11 वर्षों से एक ही हल्का में पदस्थ होने से ग्रामीण एवं काश्तकार परेशान हो चुके थे, उनका समय पर शासकीय कार्य नहीं हो पा रहा था, उनके कार्य प्रणाली पर कई गंभीर सवाल उठ रहे थे। जिसकी शिकायत भी कई बार अनुविभागीय अधिकारी हनुमना कार्यालय में की जा चुकी थी, जन समस्या को लेकर विश्वसनीय समाचार पत्र दैनिक जागरण द्वारा प्रमुखता से 14 जून को प्रकाशित किया गया। तत्पश्चात जिला अधिकारी मऊगंज के आदेश अनुसार अनुविभागीय अधिकारी हनुमना के निर्देश पर 15 जून दिन सोमवार को वैधिक कार्यवाई करते हुए हल्का हरदी पटवारी रामबक्श साकेत का स्थानांतरण हल्का हांटा गोडवार में पदस्थ किया गया एवं किरण मिश्रा को हल्का हरदी पटवारी पद पर पदस्थ किया गया। पदस्थ पटवारी किरण मिश्रा से यह आशा की गई है कि अपना कार्य पूर्ण ईमानदारी एवं निष्पक्षता से करेंगी। जिला कलेक्टर का आभार करने में प्रमुख रूप से ग्रामीण के साथ विनायक सोनी, रामाश्रय शुक्ला, रिंकू सिंह, आनंद द्विवेदी प्रमोद द्विवेदी आदि ग्रामीण लोगों ने आभार व्यक्त किया।

# नप चाकघाट के पानी के टैंकर का यूपी में निजी काम में उपयोग होने के लगे आरोप

**सोहागी, नि.प्र.।** नगर परिषद चाकघाट की जनता को जन सुविधा और पेयजल व्यवस्था के लिए विधायक निधि से उपलब्ध कराया गया पानी का टैंकर उत्तरप्रदेश के नारीबारी क्षेत्र में निजी कार्य में उपयोग होने के आरोप लगे हैं। संवाददाता को स्थानीय निवासियों ने बताया कि टैंकर को एक प्लॉटिंग क्षेत्र में चल रहे आवास निर्माण कार्य में लगाया गया था। साथ ही स्थानीय निवासियों ने संवाददाता को यह भी बताय कि चाकघाट का यह टैंकर वार्ड क्रमांक-03 के पार्षद मिथिलेश सिंह के सगे बहनोई के प्लॉटिंग क्षेत्र में निर्माण कार्य के लिए लाया गया है। संवाददाता से बात करते हुए स्थानीय निवासियों ने कहा कि सवाल यह भी उठ रहा है कि क्या यह पूरा मामला बिना किसी जिम्मेदार की जानकारी और संरक्षण के संभव है? क्या नगर परिषद के अधिकारी, अध्यक्ष और संबंधित जिम्मेदारों को इसकी जानकारी नहीं थी? या फिर सरकारी संसाधनों के दुरुपयोग का यह सिलसिला किसी मिलीभगत से चल रहा है? स्थानीय निवासियों का कहना है कि अब देखना होगा कि इस मामले में प्रशासन क्या कदम उठाता है या फिर कार्रवाई सिर्फ कागजों तक ही सीमित रह जाएगी। स्थानीय लोगों ने पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की है, ताकि जनता के लिए उपलब्ध कराए गए संसाधनों का निजी उपयोग रोका जा सके।

# भगवान जगन्नाथ के दर्शन करने पहुंचे हनुमना तहसील से सैकड़ों भक्त



**हनुमना, नि.प्र.।** उड़ीसा राज्य में स्थित भगवान जगन्नाथ जी को कलियुग का प्रत्यक्ष देवता माना जाता है। यहाँ भगवान अपने भाई बलभद्र और बहन सुभद्रा के साथ विराजते हैं। हिंदू धर्म के चार धामों में पुरी धाम का विशेष महत्व है। मान्यता है कि बद्रीनाथ में भगवान ध्यान करते हैं, द्वारका में शयन, रामेश्वरम में स्नान और पुरी में भोजन करते हैं। इसलिए पुरी को अन्न क्षेत्र भी कहते हैं। जगन्नाथ मंदिर की रसोई दुनिया की सबसे बड़ी रसोई मानी जाती है। यहाँ 56 भोग बनते हैं। 7 मिट्टी के बर्तनों को एक के ऊपर एक रखकर लकड़ी पर पकाया जाता है, फिर भी सबसे ऊपर वाला बर्तन पहले पकता है। ये महाप्रसाद कैवल्य कहलाता है। इसे ग्रहण करने से पहले जाति-पाँति का भेद खत्म हो जाता है। महाप्रसाद सूखता नहीं और कभी कम नहीं पड़ता। मंदिर के ऊपर से कोई पक्षी या विमान नहीं उड़ता हनुमाना तहसील के अंतर्गत भगवान जगन्नाथ के कृपा पात्र पहुंचे क्रमशः निलेश केसरी बच्चा, शंकर लाल कोटेदार,आरपी गुप्ता कुसुम गुप्ता, सुनीता गुप्ता, अनीता गुप्ता, चिंची गुप्ता, अजय गुप्ता, काजल गुप्ता, डॉक्टर चंदेल, अमन गुप्ता आदि सैकड़ों भक्तों ने भगवान जगन्नाथ के दर्शन प्राप्त कर नगर एवं प्रदेश की खुशहाली की कामना की।

## सीएफआरआर विषय पर कार्यशाला आज

**मऊगंज जागरण।** वनाधिकार अधिनियम के तहत सामुदायिक वन संसाधनों के संरक्षण, संवर्धन एवं प्रबंधन विषय पर अवधारणा एवं प्रक्रिया के विषय में उन्मुखीकरण कार्यशाला 16 जून को अपरान्ह 2 बजे से कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की गयी है। जिला संयोजक अनुसूचित जाति एवं जनजातीय कार्य विभाग ने संबंधितों से बैठक में उपस्थिति का अनुरोध किया है।

# मिथिलेश तिवारी बने कांग्रेस सेवादल ब्लॉक त्योंथर के अध्यक्ष



**त्योंथर ब्यूरो।** कांग्रेस पार्टी संगठन सृजन आभियान के तहत अपने अनुषांगिक संगठनों को भी मज़बूत करने का काम कर रही है। लोकसभा में विपक्ष के नेता, पार्टी के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी के मंशानुरूप पार्टी को सांगठनिक रूप से मजबूती प्रदान करने के लिए पुराने एवं नये लोगों को जोड़ कर निचले स्तर तक पार्टी को मजबूत करने का प्रयास किया जा रहा है। विधान सभा त्योंथर के वरिष्ठ सामाजिक कार्यकर्ता मिथिलेश तिवारी को कांग्रेस की रीढ़ कहे जाने वाले अखिल भारतीय कांग्रेस सेवादल ब्लॉक त्योंथर का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। उल्लेखनीय है श्री तिवारी के परिवारजन परम्परागत कांग्रेसी हैं। उक्त जानकारी सेवादल के जिला सचिव प्रवीण शर्मा ने हमारे संवाददाता को जानकारी देते हुए बताया कि कांग्रेस के प्रति उनकी यह निष्ठा देखते हुऐ कांग्रेस सेवादल के जिला अध्यक्ष अनिल तिवारी ने उन्हें यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी है। कांग्रेसी नेता रमाशंकर सिंह, लक्ष्मीशंकर मिश्रा, सौरभ मिश्रा, रविकांत तिवारी, सत्यम केशरवानी, रामचंद्र सिंह, रज्जन तिवारी, मनोज पांडेय, सुनील सोनी, बड़े गुप्ता, अरुण पांडेय, रजनीश उपाध्याय, पीके पाठक, कमलेश शुक्ला, केशलाल आदिवासी, लालजी पाल, सज्जन सिंह, आदित्य त्रिपाठी, इलाही बख्श, गुड्डू खान, पीताम्बर सिंह आदि कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और कार्यकर्ताओं ने मिथिलेश तिवारी के ब्लॉक अध्यक्ष बनाए जाने पर प्रसन्नता व्यक्ति की है।

# कलेक्टर ने जनकल्याण शिविर में हितग्राहियों से किया संवाद

## आमजन की समस्याएं सुनीं, निराकरण के दिये निर्देश



**मऊगंज जागरण।** कलेक्टर संजय कुमार जैन ने जिले में संचालित जनकल्याण शिविरों की प्रगति एवं आमजन को प्रदाय की जा रही सेवाओं का जायजा लेने के लिए मऊगंज एवं हनुमना में आयोजित जनकल्याण शिविरों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने शिविर में हितग्राहियों से सीधे संवाद कर विभिन्न शासकीय योजनाओं के क्रियान्वयन, लाभ वितरण एवं समस्याओं के निराकरण की स्थिति की जानकारी प्राप्त की। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉलों का अवलोकन किया तथा अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देशित किया कि शासन की जनहितकारी योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक समयबद्ध एवं पारदर्शी तरीके से पहुंचाया जाए। उन्होंने कहा कि जनकल्याण शिविर शासन और जनता के बीच सीधा संवाद स्थापित करने का प्रभावी माध्यम हैं, इसलिए प्रत्येक अधिकारी पूरी संवेदनशीलता एवं जवाबदेही के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करें। कलेक्टर ने शिविर में उपस्थित नागरिकों से चर्चा कर उनकी समस्याएं सुनीं तथा विभिन्न योजनाओं के संबंध में प्राप्त आवेदनों और निराकरण की प्रगति की जानकारी ली। उन्होंने संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्राप्त आवेदनों का शीघ्र परीक्षण कर पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ उपलब्ध कराया जाए तथा लंबित मामलों का प्राथमिकता के आधार पर निराकरण सुनिश्चित किया जाए।

निरीक्षण के दौरान उन्होंने सामाजिक सुरक्षा योजनाओं, राजस्व प्रकरणों, किसान हितग्राही सेवाओं, आयुष्मान कार्ड, समग्र ई-केवाईसी, संबल योजना, फार्मर रजिस्ट्री सहित अन्य जनकल्याणकारी कार्यक्रमों की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि शिविरों में आने वाले प्रत्येक व्यक्ति की समस्या का गंभीरता से निराकरण किया जाए तथा किसी भी पात्र व्यक्ति को योजनाओं के लाभ से वंचित न रहने दिया जाए। कलेक्टर ने कहा कि शासन का उद्देश्य अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाना है। इसके लिए सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करें और जनकल्याण शिविरों को परिणाममूलक बनाएं। उन्होंने अधिकारियों को नियमित मॉनिटरिंग करने तथा शिविरों में प्राप्त आवेदनों की सतत समीक्षा सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान जनपद अध्यक्ष नीलम सिंह सहित संबंधित विभागों के जिला एवं विकासखंड स्तरीय अधिकारी, कर्मचारी तथा बड़ी संख्या में ग्रामीणजन एवं हितग्राही उपस्थित रहे।

# फर्जी डॉक्टरों पर एक कार्यवाही कर ठंडा पड़ गया स्वास्थ्य अमला

## नियम विरुद्ध संचालित हो रहे कई क्लिनिक पर नहीं की जा रही कार्यवाही

### जिला कलेक्टर एवं ड्रग्स इंस्पेक्टर से निष्पक्ष कार्यवाही की मांग

**हनुमना, नि.प्र.।** हनुमना नगर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में अवैध रूप से फर्जी डॉक्टरों की क्लिनिक संचालित हो रही हैं। ग्रामीणों ने संवाददाता को बताया कि गली-गली ऐसे भी क्लिनिक हैं जहां पर बगैर डिग्री के एलोपैथिक का उपचार धडल्ले के साथ किया जा रहा है। अब सवाल यह पैदा हो रहा है इसकी जानकारी विभाग के अफसर को होने के बाद भी उनके द्वारा सघन जांच अभियान नहीं चलाया जा रहा है। अभी कुछ दिन पूर्व ब्लॉक चिकित्सा अधिकारी एवं अनुविभागीय अधिकारी के द्वारा एक क्लिनिक को सील कर दिया गया, उसके बाद स्वास्थ्य विभाग का अमला ठंडा पड़ गया है, जबकि समाचार के माध्यम से भी स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों का जगाने का प्रयास किया गया पर स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी उदासीनता बरत रहे हैं। ऐसे कई मामले देखने में आए जब फर्जी डॉक्टर के उपचार से मरीजों की जान चली जाती है या जान पर बन आती है, नगर में तो चर्चा हो गया कि फर्जी डॉक्टर ने लापरवाही पूर्वक इलाज में मरीज का दम टूट गया परंतु सवाल यह है कि ग्रामीण क्षेत्रों में ऐसे मामले सामने आने के बाद भी अब तक जिले में फर्जी डॉक्टरों की कार्य कहां प्रणाली पर शख्ती नहीं बरती जा रही है

**शिकायतों के बाद भी नहीं हो रही कार्यवाही :** ग्रामीणों ने कहा कि शिकायत होने या फिर कोई गंभीर मामला सामने आने के बाद जिले का स्वास्थ्य विभाग जागता है, सामान्य शिकायतों को ठंडा बस्ते में डाल दिया जाता है। ग्रामीणों ने संवाददाता को बताया कि शिकायत के बाद गुपचुप तरीके से जिम्मेदार जांच करने पहुंचते हैं और फिर सुविधा शुल्क के बोझ में दब जाते हैं जबकि स्वास्थ्य विभाग को जानकारी है कि पीडब्ल्यूडी कार्यालय हनुमना के बगल में चरक ई क्लिनिक में बगैर डिग्री आयुर्वेद की और दवा एलोपैथिक कर रहे हैं। बगैर फार्मासिस्ट के मेडिकल स्टोर संचालित हो रहे हैं। जब मामला जिला कलेक्टर तक पहुंचता है तब जरूर जिम्मेदार फटकार के बाद जांच करने पहुंचते हैं लेकिन कुछ दिन बाद फिर वह क्लीनिक के ताले खोल दिए जाते हैं।

### सादे कागज में बनाते हैं दवा पर्ची : अंकुश सोंधिया

ग्रामीण मरीजों के साथ अंकुश सोंधिया ने बताया फर्जी डॉक्टर थोड़ी बहुत जानकारी प्राप्त करने के बाद हनुमान नगर में या ग्रामीण क्षेत्रों में किराये की दुकान लेकर बगैर डिग्री के एलोपैथिक दवाई प्रिस्क्रिप्सन सादे कागज पर लिखकर मरीज को देते हैं ताकि कभी हालात बिगड़ने पर भी उपचार करने से इनकार कर सकें, कहीं न कहीं ऐसे फर्जी झोला छाप डॉक्टर प्राइवेट अस्पताल के चिकित्सकों के संपर्क में भी रहते हैं और मरीजों की हालत बिगड़ने पर आनन फानन में उनके अस्पताल में रेफर कर देते हैं ।

## सांदीपनि स्कूल लालगाँव में हुआ मेगा कैम्प का आयोजन

**लालगाँव, नि.प्र.।** स्व. रुक्मिणी रमण प्रताप सिंह सांदीपनि शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बालक लालगाँव मे बुधवार के दिन यूडाइस, चाइल्ड ट्रैकिंग, ड्रापबाक्स, ट्रांजिसन लॉस एवं अपार आईडी से संबंधित शिक्षक साथियों की समस्या के निराकरण हेतु मेगा कैम्प का आयोजन किया गया।

## त्योंथर जेल में आयोजित हुआ योग शिविर

**आंचलिक डेस्क।** प्रत्येक वर्ष 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया जाता है। योग दिवस के अवसर पर योगा सप्ताह मनाया जा रहा है। जिला न्यायाधीश /अध्यक्ष तहसील विधिक सेवा समिति त्योंथर वैभव सक्सेना के मार्गदर्शन में सब जेल त्योंथर में योग शिविर का आयोजन किया गया। योग शिविर में प्रशिक्षित योग शिक्षक अच्छेलाल सिंह द्वारा उपस्थित बंदीगण को योगासन की सभी मुद्राओं का अभ्यास कराते हुए योग से होने वाले लाभों के बारे में चर्चा की गई। जेल अधीक्षक शांतिभूषण सिंह द्वारा योग विषय पर चर्चा करते हुए बताया कि नियमित योग करने से शरीर स्वस्थ्य रहता है, मन को शांति मिलती है, शरीर के अंदर नई ऊर्जा का संचार होता है। इस दौरान बंदियों को नियमित योग करने हेतु प्रेरित किया। शिविर में विक्रम चंद्र मिश्रा, उमेश प्रजापति, बलराम पुरोहित, पिंटू कलेश, समयलाल, जेल स्टॉफ एवं बंदीगण उपस्थित रहे।

## विश्व सिकल सेल एनीमिया जागरुकता शिविर 19 जून को

**रीवा।** आयुष विंग कुशाभाऊ ठाकरे जिला चिकित्सालय बिछिया रीवा में आगामी 19 जून को विश्व सिकल सेल जागरूकता शिविर का आयोजन किया जायेगा। इस शिविर का समय सुबह 9 से दोपहर 2 बजे तक रहेगा। इस शिविर में आने वाले सिकल सेल एनीमिया से ग्रसित मरीजों का आयुर्वेद चिकित्सा पद्धति से उपचार किया जायेगा। सिकल सेल से पीड़ित मरीजों में खून की कमी हो जाती है। लाल रक्त कोशिकाएं हसिया के आकार की हो जाती है। मरीजों को कमजोरी होने लगती है जिला आयुष अधिकारी डॉ. शारदा मिश्रा ने सभी हितग्राहियों से शिविर में पहुंचने की अपील की है।

## आईटीआई में प्रवेश प्रक्रिया प्रारम्भ ऑनलाइन पंजीयन की अंतिम तिथि 30 जून

**मऊगंज जागरण।** जिले की शासकीय आईटीआई मऊगंज, नईगढ़ी एवं हनुमना में नवीन सत्र के लिए प्रवेश की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। इस संबंध में कलेक्टर संजय कुमार जैन ने बताया है कि संभागीय आईटीआई के विभिन्न व्यावसायिक कोर्सेज में प्रवेश पाने के इच्छुक आवेदक अब ऑनलाइन काउंसलिंग पोर्टल डब्ल्यूडब्ल्यूडब्ल्यू डाट डीएसडी डाट एमपी डाट जीओव्ही डाट इन के माध्यम से अपना ऑनलाइन पंजीयन करा सकते हैं। इस प्रवेश प्रक्रिया के तहत ऑनलाइन आवेदन फॉर्म भरने की अंतिम तिथि 30 जून निर्धारित की गई है। संस्था में संचालित विभिन्न तकनीकी और गैर-तकनीकी व्यवसायों में प्रवेश के लिए न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता कक्षा 8वीं अथवा 10वीं उत्तीर्ण रखी गई है, जबकि आवेदकों की न्यूनतम आयु सीमा 14 वर्ष तय की गई है। कलेक्टर ने बताया कि संस्था में छात्रों के लिए ट्रेडों की एक विस्तृत श्रृंखला संचालित की जा रही है। इसमें मुख्य रूप से इलेक्ट्रिक मोटर मैकेनिक, वुड वर्क तकनीशियन, स्माल हाइड्रो पॉवरप्लांट तकनीशियन, कॉस्मेटोलॉजी, कंप्यूटर हार्डवेयर एवं नेटवर्क मेंटेनेंस, कंप्यूटर ऑपरेटर एवं प्रोग्रामिंग असिस्टेंट (कन्वेंशनल के साथ-साथ दृष्टि बाधित एवं श्रवण बाधित दिव्यांगजनों के लिए विशेष रूप से), ड्राफ्ट्समैन मैकेनिकल, इलेक्ट्रीशियन, इलेक्ट्रॉनिक्स मैकेनिक, फैशन डिज़ाइन एवं टेक्नोलोजी, फिटर, मशीनिस्ट, मेसन, मैकेनिक मोटर व्हीकल, डीज़ल मैकेनिक, प्लंबर, स्विंग टेक्नोलोजी, सोलर तकनीशियन, स्टेनोग्राफर (अंग्रेज़ी व हिंदी), टर्नर, वेल्डर, सर्वेयर, ड्राफ्ट्समैन सिविल तथा रेफ्रिजरेशन एवं एयर कंडीशनिंग तकनीशियन जैसे महत्वपूर्ण रोजगारोन्मुखी ट्रेड शामिल हैं। प्राचार्य अवनीश ने बताया कि आईटीआई न केवल उत्कृष्ट प्रशिक्षण प्रदान करता है, बल्कि प्रशिक्षार्थियों को पोस्ट मैट्रिक, संबल और मेधावी छात्रवृत्ति जैसी विभिन्न शासकीय छात्रवृत्तियों की सुविधा भी प्रदान करता है। प्रवेश के लिये प्रभारी एसपी मिश्रा मो. नं. 8109803130 से संपर्क किया जा सकता है।

# जनकल्याण शिविर में लापरवाही बरतने वालों पर होगी कार्रवाई

## सीएम हेल्पलाइन में 18 जून तक 85 वेटेज स्कोर प्राप्त करें: कलेक्टर



**जागरण, रीवा।** कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी ने कहा कि जनकल्याण शिविर में सभी योजनाओं के पात्र हितग्राहियों के आवेदन पत्र भरवाएं। प्रतिदिन आमजनता से प्राप्त आवेदन पत्रों को भी इसमें दर्ज करें। नगर निगम रीवा में शिविरों के माध्यम से स्वनिधि योजना के पात्र सभी हितग्राहियों के आवेदन दर्ज कराएं। यहाँ हजारों लोग छोटे-छोटे व्यवसाय कर रहे हैं। सभी मुख्य नगरपालिका अधिकारी भी स्वनिधि योजना के आवेदन भरवाएं। अग्रणी बैंक प्रबंधक इन आवेदन पत्रों को स्वीकृति दिलाकर हितग्राहियों को ऋण राशि का वितरण कराएं। एसडीएम जनकल्याण शिविरों में आवेदन पत्रों के दर्ज होने और निराकरण की मानीटरिंग करें। आवेदन पत्रों का निराकरण पोर्टल पर अनिवार्य रूप से दर्ज कराएं। जनकल्याण शिविरों में लापरवाही बरतने वालों पर कड़ी कार्यवाही की जाएगी। कलेक्टर ने कहा कि सीएम हेल्पलाइन में सभी अधिकारी 50 दिन से अधिक समय से लंबित आवेदनों को निराकृत कराएं। इसमें संभागीय स्तर के एल-3 अधिकारियों के पास लंबित प्रकरणों का भी शत-प्रतिशत निराकरण करें। सीएम हेल्पलाइन में प्रकरण के नान अटेंडेंड रहने पर संबंधित अधिकारी के वेतन काटने की कार्रवाई की जाएगी। सभी अधिकारी प्रकरणों के निराकरण का संतुष्टि प्रतिशत बढ़ाने का प्रयास करें। सीएम हेल्पलाइन में 18 जून तक 85 प्रतिशत वेटेज अंक अनिवार्य रूप से प्राप्त करें। कलेक्टर ने प्रकरणों के निराकरण में लापरवाही बरतने पर वन, उद्यानिकी, आयुष तथा पिछड़ावर्ग के अधिकारियों को नोटिस देने के निर्देश दिए। सभी एसडीएम और तहसीलदार सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों के निराकरण पर विशेष ध्यान दें। कलेक्टर ने कहा कि 70 से कम वेटेज अंक वाले जनपद के सीईओ तथा सीएमओ को भी कारण बताओ नोटिस दें। कलेक्टर ने कहा कि सभी फाइलें और पत्र ई आफिस से ही भेजें। अभी भी जनपदों तथा तहसीलों में ई आफिस के माध्यम से बहुत कम फाइलों का मूवमेंट हुआ है। सभी तहसीलदार और जनपद के सीईओ इस पर विशेष ध्यान दें।

# त्योंथर के गढ़ी मंडल में नागरिकों से विधायक ने किया संवाद

## मोदी सरकार ने भारत को नए युग में पहुंचाया : सिद्धार्थ



**त्योंथर ब्यूरो।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के सेवा, सुशासन एवं गरीब कल्याण को समर्पित सफलतम 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में चलाए जा रहे विशेष जनसंपर्क अभियान के अंतर्गत त्योंथर विधानसभा के गढ़ी मंडल क्षेत्र में विधायक सिद्धार्थ तिवारी राज ने चिकित्सकों, अधिवक्ताओं, विभिन्न प्रतिष्ठानों के संचालकों, धर्मगुरुओं, शिक्षकों, सेवानिवृत्त कर्मचारियों, उद्यमियों एवं अन्य प्रबुद्धजनों से संपर्क कर संवाद स्थापित किया।

इस अवसर पर विधायक श्री तिवारी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज केवल भारत के ही नहीं, बल्कि विश्व के सर्वाधिक लोकप्रिय नेताओं में से एक हैं। उन्होंने यह सम्मान और प्रतिष्ठा अपने अथक परिश्रम, जनकल्याण के प्रति समर्पण तथा राष्ट्र निर्माण की अटूट प्रतिबद्धता के बल पर अर्जित की है। आज विश्व भारत को अनंत संभावनाओं, नवाचार और वैश्विक नेतृत्व के केंद्र के रूप में देख रहा है तथा भारत विश्व पटल पर अपने नए और सशक्त स्वरूप में प्रतिष्ठित हो रहा है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2014 के पूर्व देश भ्रष्टाचार, नीतिगत अस्थिरता और निराशा के वातावरण से घिरा हुआ था। कांग्रेस शासन के दौरान विकास की गति अवरुद्ध थी और आम नागरिक व्यवस्था से निराश था। किंतु वर्ष 2014 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत में एक नए युग का शुभारंभ हुआ, जहां विकास की किरण गांवों, गरीबों और समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंची। डिजिटल इंडिया जैसे अभियानों ने देश को तकनीकी रूप से सशक्त, पारदर्शी और युगानुकूल बनाया है। विधायक श्री तिवारी ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में धारा 370 का निस्तारण हुआ, अयोध्या में प्रभु श्रीराम के भव्य मंदिर का निर्माण हुआ तथा तीन तलाक जैसी कुप्रथा से मुस्लिम बहनों को मुक्ति मिली। उन्होंने कहा कि ऐसा कोई क्षेत्र नहीं है जिसमें भारत ने उल्लेखनीय प्रगति न की हो। आधारभूत संरचना, स्वास्थ्य, शिक्षा, कृषि, डिजिटल तकनीक, रक्षा और अर्थव्यवस्था सहित प्रत्येक क्षेत्र में अभूतपूर्व उपलब्धियां प्राप्त हुई हैं। उन्होंने कहा कि आज करोड़ों गरीब परिवारों को निःशुल्क राशन उपलब्ध कराया जा रहा है। मातृशक्ति के सशक्तिकरण, युवाओं को कौशल एवं रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने तथा आत्मनिर्भर भारत के निर्माण के लिए अनेक जनहितैषी योजनाएं संचालित की जा रही हैं। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत तेज गति से विश्व की अग्रणी शक्तियों में अपना स्थान सुदृढ़ कर रहा है और विकसित भारत-2047 के संकल्प की दिशा में निरंतर आगे बढ़ रहा है। जनसंपर्क अभियान के दौरान प्रबुद्धजनों से संवाद कर उनके सुझाव प्राप्त किए गए तथा विकसित भारत के निर्माण में सभी की सक्रिय सहभागिता का आह्वान किया गया। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष समीर सिंह, संपर्क टोली के सदस्य, भाजपा संगठन के पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं स्थानीय गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

इम्पैक्ट फीचर

# जो कहा, वह कर दिखाया



“ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा था कि लोकसेवा ही सुशासन की सबसे बड़ी कसौटी है। निरंतरता, समर्पण और कर्तव्यनिष्ठा से जनसेवा करने वाला व्यक्ति ही वास्तव में जनता का विश्वास जीत सकता है। प्रधानमंत्री के मूलमंत्र को मध्यप्रदेश ने पूरी तरह से धरातल पर उतारा है। प्रदेश के मुखिया डॉ. मोहन यादव ने जब भी मौका मिला, जनसेवा के लिए वह सारे कदम उठाए। जिसने राज्य के हर वर्ग और हर क्षेत्र में उन्नति का रास्ता खुला। मुख्यमंत्री डॉ. यादव जब ये कहते है कि उनकी सरकार जो कहती है, वह करती है। इस पर न केवल उनका विश्वास होता, बल्कि जमीनी हकीकत भी उनके इस विश्वास से मेल खाती है

## हवाई यात्रा



- सतना और दतिया एयरपोर्ट का शुभारंभ, सतना एयर स्ट्रिप की लंबाई 1800 मीटर करने का निर्णय ।
- मध्यप्रदेश विमानन नीति 2025 लागू, नीति में रीवा से रायपुर की विमान सेवा प्रारंभ। जबलपुर से कोलकाता और इंदौर से आबूधाबी की उड़ानों की स्वीकृति भी इस नीति के अंतर्गत संभव हुई है।
- ग्वालियर-बेंगलुरू, ग्वालियर-अहमदाबाद और ग्वालियर-दिल्ली-अयोध्या विमान सेवा शुरू।
- ग्वालियर में देश में सबसे कम समय में बनकर तैयार हुए, मध्यप्रदेश के सबसे बड़े राजमाता विजयाराजे सिंधिया एयरपोर्ट का उद्घाटन ।
- ग्वालियर में ड्रोन स्कूल संचालित है, राज्य में जल्द ही 4 अन्य ड्रोन स्कूल स्थापित किये जाएंगे।
- प्रदेश में देश की पहली राज्य स्तरीय ड्रोन डेटा रिपोज़िटरी (डीडीआर) शुरू की गई है।
- रीवा, दतिया और सतना हवाई अड्डे के लोकार्पण के बाद प्रदेश में हवाई अड्डों की संख्या 8 हुई।
- विंध्यवासियों को सौगात, रीवा-दिल्ली, रीवा-इंदौर, रीवा-रायपुर हवाई सेवा का शुभारंभ ।

## धार में देश के पहले पीएम मित्र पार्क का भूमिपूजन

- पीएम नरेन्द्र मोदी के कर- कमलों से धार में देश के पहले टेक्सटाइल पीएम मित्र पार्क का भूमिपूजन।
- 2 हजार करोड़ रुपये की लागत से 2 हजार 158 एकड़ भूमि पर विकसित होने वाला यह भारत का सबसे बड़ा इंटीग्रेटेड टेक्सटाइल पार्क होगा।
- इस पार्क से 3 लाख रोज़गार के अवसर सृजित होंगे। 6 लाख कपास उत्पादकों को लाभ मिलेगा।
- 5F यानी- फार्म टू फाइबर, फाइबर टू फैक्ट्री, फैक्ट्री टू फैशन और फैशन टू फॉरेन की संकल्पना साकार होगी।

## रेल सेवा

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने प्रदेश के 6 अमृत स्टेशन- शाजापुर, नर्मदापुरम, कटनी साउथ, श्रीधाम, सिवनी और ओरछा का किया लोकार्पण ।
- मध्यप्रदेश में बनेगा रेल मैन्युफैक्चरिंग सेंटर, रायसेन जिले में हुआ 1800 करोड़ रुपये की लागत से भारत अर्थ मूवर्स लिमिटेड (BEML) के रेल कोच निर्माण इकाई का भूमि-पूजन ।
- मप्र को 364 विभिन्न रेल परियोजनाओं की सौगात।
- प्रदेश की चौथी सेमी-हाई स्पीड वंदेभारत एक्सप्रेस (खजुराहो से हजरत निजामुद्दीन) ट्रेन मिली।
- भोपाल में वंदेभारत ट्रेनों के रख-रखाव और सुविधाओं के विकास हेतु लगभग 100 करोड़ रुपये की लागत से नए कोचिंग कॉम्प्लेक्स का शिलान्यास ।
- बनारस- खजुराहो वंदेभारत ट्रेन की सौगात मिली। रीवा- जबलपुर - पुणे स्पेशल रेल सेवा का शुभारम्भ ।

## मेट्रो सेवा



- इंदौर और भोपाल में मेट्रो सेवा शुरू।
- इंदौर-उज्जैन के मध्य शुरू होगा मेट्रो ट्रेन संचालन।
- इंदौर में अंडरग्राउंड मेट्रो को केंद्र सरकार से मंजूरी
- खजराना से एयरपोर्ट तक 8.7 किलोमीटर लंबे ट्रैक में करीब। अंडरग्राउंड स्टेशन बनेंगे।
- भोपाल एवं इंदौर मेट्रो रेल परियोजना के संचालन और रख-रखाव के लिए 90 करोड़ 67 लाख रुपये की स्वीकृति ।

## सबको आगे बढ़ने के अवसर



- प्रदेश में 1 करोड़ 33 लाख परिवारों को निःशुल्क खाद्यान्न वितरण ।
- मध्यप्रदेश को गरीबी मुक्त बनाने के लिए गरीब कल्याण मिशन शुरू।
- मिशन मुख्य रूप से बहु-आयामी गरीबी इंडेक्स में सुधार, आजीविका सुदृढ़ीकरण और विद्यमान संगठनों के सशक्तिकरण पर केंद्रित ।
- स्वामित्व योजना के माध्यम से 45 लाख 60 हजार के लक्ष्य के विरुद्ध लगभग 39 लाख 60 हजार से अधिक लोगों को स्वामित्व अधिकार पत्र वितरित ।
- इंदौर की हुकुमचंद मिल के 4 हजार 800 श्रमिक परिवारों को 224 करोड़ रुपये की राशि का सरकार ने किया भुगतान ।
- मुख्यमंत्री जन कल्याण संबल योजना अंतर्गत अब तक 6 लाख 81 हजार से अधिक प्रकरणों में 6 हजार 430 करोड़ रुपये से अधिक की सहायता राशि का अंतरण।
- मुख्यमंत्री जन-कल्याण (संबल) योजना 2.0 के अंतर्गत 1 करोड़ 75 लाख से अधिक श्रमिकों का पंजीयन ।
- मजदूरों की दिव्यांगता और मृत्यु के आधार पर मिलने वाली सहायता राशि बढ़ाकर 4 लाख रुपये की।
- गिग वर्कर्स को संबल योजना में सम्मिलित किया गया, अब तक 1 हजार 400 से अधिक गिग वर्कर्स पंजीकृत किये गए।
- 6 प्रकार की सुरक्षा पेंशन योजनाओं के माध्यम से प्रतिमाह 56 लाख से अधिक हितग्राहियों को जनवरी 2024 से जनवरी 2025 तक 4 हजार 330 करोड़ रुपये से अधिक पेंशन राशि का अंतरण किया गया है।
- वर्ष 2025-26 में मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना अंतर्गत प्रदेश में 51 हजार 899 विवाह तथा 28 हजार 362 निकाह कराए गए हैं। इन हितग्राहियों को 321 करोड़ 41 लाख 58 हजार रुपये की सहायता प्रदान की गई है। जनजातीय वर्ग के समग्र विकास और कल्याण के लिए 47 हजार 428 करोड़ रुपये के बजट का प्रावधान। पिछले बजट की तुलना में 26% की बढ़ोत्तरी।
- तेंदूपत्ता संग्राहकों का संग्रहण पारिश्रमिक 3000 रुपये प्रति मानक बोरा से बढ़कर 4000 हजार रुपये हुआ। वर्ष 2025 में 17 लाख 10 हजार मानक बोरा तेंदूपत्ता संग्रहण किया गया और 684 करोड़ रुपये पारिश्रमिक वितरित किया गया।

## टेक ग्रोथ कॉन्क्लेव 2025




- जीआईएस में आईटी से संबंधित हुये 99 एमओयू में से 25% का ‘टेक ग्रोथ कॉन्क्लेव’ में भूमिपूजन ।
- 20 हजार करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव मिले 75 हजार रोज़गार होंगे सृजित।
- निवेशकों को एकीकृत सुविधा देने के लिये ‘प्रोत्साहन पोर्टल’ लॉन्च।
- मध्यप्रदेश में वैश्विक निवेश को बढ़ावा देने के लिए जर्मनी, यूके, जापान, दुबई और स्पेन में इन्वेस्टमेंट अपॉर्चुनिटी इन मध्यप्रदेश का सफल आयोजन हुआ।
- इन विदेश यात्राओं से मध्यप्रदेश में कृषि, फार्मास्यूटिकल्स, मैन्युफैक्चरिंग, खनन और पर्यटन के क्षेत्र में निवेश के प्रस्ताव मिले हैं। इन प्रस्तावों से प्रदेश में औद्योगिक विकास को नई तेजी मिलेगी।
- मंदसौर कृषि उद्योग समागम में 3812 करोड़ रुपये लागत की 11 औद्योगिक इकाइयों का लोकार्पण, भूमिपूजन। स्थानीय स्तर पर 6850 रोज़गार के अवसर सृजित होंगे।
- नरसिंहपुर में भी कृषि उद्योग समागम का सफल आयोजन।
- हेल्थ एंड वेलनेस समिट का आयोजन।
- प्रदेश में पहली बार उज्जैन में ‘स्पिरिचुअल एंड वेलनेस समिट का आयोजन। 1,929 करोड़ रुपये से अधिक के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए।
- मध्यप्रदेश को ग्लोबल वेलनेस सेंटर बनाने के लिए उठाए जा रहे आवश्यक कदम।

## रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव

- वर्ष 2024 में प्रदेश के 7 प्रमुख शहरों उज्जैन, जबलपुर, ग्वालियर, सागर, रीवा नर्मदापुरम और शहडोल में रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव का आयोजन किया गया।
- रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव उज्जैन में 1 लाख करोड़ रुपये से अधिक के निवेश प्रस्ताव मिले।
- रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव जबलपुर में 22 हजार करोड़ रुपये से अधिक के निवेश प्रस्ताव मिले, जिनसे 13 हजार से अधिक रोज़गार के नए अवसर सृजित होंगे।
- रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव ग्वालियर में 8 हजार करोड़ रुपये से अधिक के निवेश प्रस्ताव मिले, जिनसे लगभग 35 हजार से अधिक रोज़गार के नए अवसर सृजित होंगे।
- रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव सागर में 23 हजार 180 करोड़ रुपये से अधिक के निवेश प्रस्ताव मिले जिनसे 27 हजार से अधिक रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे।
- रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव रीवा में 31 हजार करोड़ रुपये से अधिक के निवेश प्रस्ताव मिले, जिनसे 28 हजार से अधिक रोज़गार के नए अवसर सृजित होंगे।




- रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव नर्मदापुरम में 31 हजार करोड़ रुपये से अधिक के निवेश प्रस्ताव मिले, जिनसे 40 हजार 500 से अधिक रोज़गार के नए अवसर सृजित होंगे।
- रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव शहडोल में 32 हजार 500 करोड़ रुपये से अधिक के निवेश प्रस्ताव मिले, जिनसे 30 हजार से अधिक रोज़गार के नए अवसर सृजित होंगे।
- वर्ष 2030 तक वैश्विक बेंचमार्क के अनुरूप लॉजिस्टिक लागत को कम करते हुए लॉजिस्टिक अधोसंरचना विकास के लिए मध्यप्रदेश लॉजिस्टिक नीति 2025 को मंजूरी
- प्रदेश में ईज ऑफ डूइंग बिज़नेस एवं इन्वेस्टर फैसिलिटेशन और विभिन्न सेक्टर हेतु विशिष्ट सुविधाएं प्रदान करने के लिए उद्योग संवर्धन नीति 2025 को स्वीकृति।






# औद्योगिक विकास और निवेश का नया परिवेश

- वर्ष 2025 को उद्योग वर्ष के रूप में मनाया गया। फरवरी 2025 में ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट का आयोजन हुआ। जीआईएस में 30.77 लाख करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव मिले। जिससे 21.40 लाख रोज़गार के अवसर सृजित होंगे।
- पिछले 2 वर्षों में विभिन्न क्षेत्रों में कुल 33 लाख करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए, जिनमें से 8 लाख 63 हजार करोड़ रुपये के कार्य धरातल पर उतर चुके हैं।
- एक वर्ष में सर्वाधिक निवेश प्रस्ताव लाने वाला देश का तीसरा राज्य बना मध्यप्रदेश।
- अभ्युदय मध्यप्रदेश ग्रोथ समिट में 2 लाख करोड़ रुपये से अधिक की लागत से औद्योगिक / निर्माण इकाइयों का हुआ भूमि-पूजन।
- मध्यप्रदेश का निर्यात वर्ष 2024-25 में 6% बढ़ा।
- रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव तथा राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय बिजनेस समिट्स के आयोजनों से 4 लाख करोड़ रुपये से अधिक के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं, जिनके माध्यम से 3 लाख 70 हजार लोगों को रोज़गार मिल सकेगा। प्रदेश में निवेश को आकर्षित करने के लिए अब जिलों में ‘इंडस्ट्री कॉन्क्लेव’ का आयोजन। उज्जयिनी विक्रम व्यापार मेला एवं ग्वालियर व्यापार मेला-2025 में वाहनों के आरटीओ पंजीयन पर 50% की छूट दी गई। 2024 में भी दोनों मेलों में 50% की थी छूट।
- व्यापार मेले में हस्तशिल्प और हाथकरघा उत्पादों के क्रय-विक्रय के जरिए लोकल को बनाया गया वोकल । नीमच के औद्योगिक क्षेत्र झांझरवाड़ा में 135 करोड़ रुपये की लागत से विश्वेश्वरैया डेनिम प्रा. लि. कपड़ा एवं परिधान निर्माण औद्योगिक इकाई एवं 450 करोड़ रुपये लागत की मेसर्स स्वराज सूटिंग्स प्रा.लि. की कपड़ा एवं परिधान निर्माण इकाई का भूमि-पूजन हुआ। इन दोनों इकाइयों में लगभग 2500 लोगों को रोज़गार उपलब्ध होगा।
- नीमच जिले में 480 करोड़ रुपये की लागत से दो प्रमुख टेक्सटाइल परियोजनाओं का भूमि-पूजन और लोकार्पण मोरवन में 330 करोड़ रुपये की लागत से सुविधि रेयॉन्स प्राइवेट लिमिटेड की टेक्सटाइल निर्माण इकाई का भूमि-पूजन तथा 150 करोड़ रुपये की लागत से स्वराज सूटिंग्स प्राइवेट लिमिटेड परियोजना के पहले चरण का लोकार्पण ।
- गेल (इंडिया) लिमिटेड द्वारा सीहोर जिले की आष्टा तहसील में लगाई जाने वाली देश की सबसे बड़ी एथेन क्रैकर परियोजना को स्वीकृति।
- इस परियोजना की निर्माण अवधि के दौरान 15,000 व्यक्तियों तथा संचालन अवधि के दौरान लगभग 5,600 व्यक्तियों को रोज़गार मिलेगा।
- आईआरईएल (इंडिया) लिमिटेड द्वारा रेयर अर्थ थीम पार्क भोपाल में स्थापित किया जा रहा है, जो दुनिया में इस तरह की एकमात्र सुविधा है। इससे औद्योगिक उपयोग के लिए रेयर अर्थ मिनरल प्रोसेसिंग को बढ़ाना एवं विभिन्न कंपनियों को प्रोसेसिंग लैब एवं कुशल श्रमिक उपलब्ध करायेंगे।
- प्रदेश के प्रत्येक जिले में इन्वेस्टमेंट फैसिलिटेशन सेंटर स्थापित किए जाएंगे, जिसके नोडल अधिकारी जिले के कलेक्टर रहेंगे। इससे उद्योगों को बढ़ावा मिलेगा।
- मुरैना में मेगा लेदर, फुटवेयर एण्ड एसेसरीज़ क्लस्टर डेवलपमेंट पार्क की स्थापना के लिए स्वीकृति।
- नर्मदापुरम में लॉजिस्टिक पार्क की स्थापना को स्वीकृति। इंदौर में 1500 करोड़ रुपये की लागत से एग्रीटेक इनोवेशन हब बनाया जाएगा।
- औद्योगिक क्षेत्र मोहासा-बाबई जिला नर्मदापुरम में पावर एवं रिन्यूएबल एनर्जी इक्यूपमेंट मैन्युफैक्चरिंग जोन की स्थापना एवं संचालन के लिए स्वीकृति ।
- भारतमाला परियोजना अंतर्गत तहसील पीथमपुर, जिला धार में मल्टी मॉडल लॉजिस्टिक पार्क की स्थापना को स्वीकृति ।
- त्यौंथर (रीवा) में 400 एकड़ में औद्योगिक क्षेत्र स्थापित होगा।
- सतना में औद्योगिक विकास के लिए 100 एकड़ भूमि पर बनेगा नया इंडस्ट्रियल पार्क।
- भोपाल में प्रदेश के सबसे बड़े और अत्याधुनिक कंप्रेस्ड बायोगैस (CBG) प्लांट का उद्घाटन।
- उद्योगों को प्रोत्साहित करने और एक्सपोर्ट बढ़ाने के लिए कटनी और सिंगरौली में इनलैंड कंटेनर डिपो का निर्माण किया जाएगा।
- विंध्य क्षेत्र में मऊगंज और मैहर में एमएसएमई का नया इंडस्ट्रियल एरिया विकसित किया जाएगा।
- प्रदेश में 10 आई.टी. पार्क एवं 4 आई.टी. SEZ विकसित किए गए हैं। प्रदेश में 4 हजार 895 से अधिक मान्यता प्राप्त स्टार्ट-अप कार्यरत हैं।
- बैरसिया के ग्राम बांदीखेड़ी में 371 करोड़ 95 लाख रुपये की लागत से इलेक्ट्रॉनिक मैन्युफैक्चरिंग क्लस्टर की स्थापना 210.21 एकड़ भूमि पर होगी।
- सिंगरौली में प्रदेश के पहले चकरिया गोल्ड ब्लॉक के लिए हुआ अनुबंधा।
- मक्सी अब ग्रीन मैन्युफैक्चरिंग हब के रूप में जाना जाएगा। जैक्सन इंटीग्रेटेड सोलर लिमिटेड का 6 GW क्षमता वाला संयंत्र ।

D-16034/26

## चयनित अभ्यर्थियों के दस्तावेजों का परीक्षण आज तक

**रीवा।** फार्मासिस्ट ग्रेड-2 के चयनित अभ्यर्थियों के दस्तावेजों का परीक्षण 16 जून तक किया जायेगा। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा दस्तावेज परीक्षण के लिये समिति का गठन किया गया है। गठित समिति द्वारा सीएमएचओ आफिस के सभागार में सुबह 11 बजे से शाम 5 बजे तक चयनित अभ्यर्थियों के दस्तावेज का परीक्षण किया जायेगा।

## सहकारी बैंक के प्रशासक 17 को आयेंगे रीवा

**रीवा।** मध्यप्रदेश राज्य सहकारी बैंक (अपेक्स बैंक) के प्रशासक महेन्द्र सिंह यादव 16 जून को भोपाल से रेवांचल एक्सप्रेस द्वारा रवाना होकर 17 जून को सुबह 7.55 बजे रीवा पहुंचेंगे तथा सुबह 11 बजे न्यू सर्किट हाउस (राजनिवास) में जिला बैंकों की समीक्षा बैठक लेंगे। यादव अपरान्ह 3 बजे सर्किट हाउस में जनप्रतिनिधियों से सौजन्य भेंट करेंगे।

चर्म, सौन्दर्य, एलर्जी एवं स्कीन केयर
डॉ. सिद्धार्थ तिवारी
MBBS, MD (Dermatology & STD)
परामर्श शुल्क मात्र 300/-
मिलने का समय प्रतिदिन सुबह 10 से 2 बजे सायं 4 से 7 बजे (रविवार अवकाश)
चर्म, सौन्दर्य, नाखून, बाल, कुष्ठ, गुप्त (यौन) एवं एलर्जी रोग विशेषज्ञ
परामर्श- दाद, खाज, खुजली, मुंहासे, मस्से, अपरस, सोरायसिस, सफेद दाग, एक्जिमा, गंजापन, त्वचा की एलर्जी, नाखुनों का खराब होना, चेहरे पे दाग धब्बे, झाइयाँ, (Glow & Fairness), सेहुंआ, फोड़े, फुन्सी, गुप्त एवं यौन समस्या आदि।
कामता मेडिकल
ए-ब्लॉक समदड़िया, न्यू बस स्टैन्ड रीवा (म.प्र.)
9399312433
9981287311

विंध्य की एक मात्र महिला चर्म रोग विशेषज्ञ
समय-प्रतिदिन सुबह 10 से 2 एवं शाम 4 से 7 बजे तक रविवार अवकाश
डॉ. कोम्पल अग्रवाल
MBBS, MD (Dermatology & STD)
चर्म, सौंदर्य, नाखून, बाल, यौन, एवं कुष्ठ रोग विशेषज्ञ
अत्याधुनिक Laser द्वारा Hair Removal, Tatto Removal एवं Facial की सुविधा उपलब्ध
परामर्श:- दाद, खाज, खुजली, एक्जिमा, सोरायसिस, सफेद दाग, चेहरे की कील, मुहांसे, बालों का झड़ना, गंजापन, इत्यादि समस्त चर्म, नाखून, बाल एवं यौन संबंधी समस्याएं।
विशेष:- Co2 एवं MNRF LASER के द्वारा पिम्पल के गढ्ढे, दाग, झुर्रियाँ Stretch Marks, आदि के लिए इलाज की सुविधा
मो.-7247097637
परामर्श शुल्क 300/-
परामर्श क्लीनिक: शॉप नं. 86 तानसेन कॉप्लेक्स कृष्णा राजकपूर ऑडिटोरियम के सामने सिरमौर चौराहा रीवा (म.प्र.)

विंध्य के वरिष्ठ डॉक्टर
डॉ प्रदीप निगम
MD, DrNB (गैस्ट्रो)
पेट, लीवर, पित, आंत पैंक्रियाज एवं डायबिटीज रोग विशेषज्ञ
उपलब्ध सुविधा
• एंडोस्कोपी
• कोलोनोस्कोपी
• फाइब्रोस्केन
• ERCP
Call Now 8770352872,7566926696
पता -बाल भारती स्कूल के सामने, समदड़िया गोल्ड सिरमौर चौराहा रीवा

# धन दुगुना करने का लालच देकर 100 करोड़ की ठगी मामले में पहली एफआईआर दर्ज

### बिल्डर शहीद अंसारी की पत्नी की शिकायत पर दर्ज किया प्रकरण, अभी एक सैकड़ा से अधिक हैं शिकायत कर्ता

**जागरण, रीवा।** शहर में निवेश पर रकम दोगुनी करने का लालच देकर करीब 100 करोड़ की ठगी मामले में रीवा पुलिस ने सोमवार को पहली एफआईआर दर्ज की। वैसे तो समान थाना व सिविल लाइन थाने में पीड़ितों द्वारा नवंबर -दिसंबर महीने से परिक्रमा की जा रही थी लेकिन जब एसपी गुरकरन सिंह के समक्ष पीड़ितों ने प्रदर्शन किया तब उसी थानेदार ने एफआईआर दर्ज की जिसने पहले भाग दिया था। करोड़ों की ठगी मामले में एक स्कूल संचालक दंपति के खिलाफ मामला दर्ज कर किया गया है। जांच में सामने आए साक्ष्यों के आधार पर पुलिस ने आरोपी पति-पत्नी के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार, यह मामला तब सामने आया जब बड़ी संख्या में महिलाओं ने आरोप लगाया कि उन्होंने निवेश योजना के नाम पर अपनी जमा पूंजी स्कूल संचालिका आकला सुल्ताना उर्फ नंदा को सौंपी थी। आरोप है कि निर्धारित समय पर राशि वापस नहीं मिलने पर उन्हें ठगी का अहसास हुआ। पीड़ित महिलाओं ने पहले स्थानीय थाने में शिकायत दर्ज कराई और बाद में पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर कार्रवाई की मांग करते हुए प्रदर्शन भी किया। महिलाओं द्वारा पुलिस को बैंक लेनदेन से जुड़े दस्तावेज, चेक तथा अन्य महत्वपूर्ण साक्ष्य सौंपे गए थे। पुलिस की जांच में करोड़ों रुपये के वित्तीय लेनदेन की पुष्टि हुई है। प्रारंभिक जांच में लगभग 8 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी सामने आने की बात कही जा रही है। पुलिस अधिकारियों की निगरानी में हुई जांच के बाद समान थाना पुलिस ने आकला सुल्ताना उर्फ नंदा और उसके पति असलम के खिलाफ धोखाधड़ी सहित अन्य संबंधित धाराओं में प्रकरण दर्ज किया है। मामले की जांच के दौरान कुछ महिला नेत्रियों के नाम भी सामने आए हैं, जिनकी भूमिका की जांच की जा रही है। इधर, शिकायतकर्ताओं के लगातार विरोध और कार्रवाई की मांग के बीच आरोपी दंपति कथित रूप से फरार बताये जा रहे हैं।

> धोखाधड़ी सहित बीएनएस की धाराओं के तहत पति-पत्नी के खिलाफ मामला पंजीबद्ध किया गया है, प्रकरण की जांच चल रही है साथ ही आरोपी फरार है जिनकी तलाश की जा रही है।
>
> **राजीव पाठक, सीएसपी**

## 21 वर्षीय युवती लापता

**रीवा।** थाना सगरा क्षेत्र अंतर्गत एक 21 वर्षीय युवती के लापता होने होने की शिकायत परिजनों ने सगरा थाना में दर्ज कराई है। पुलिस ने युवती की गुमशुदगी का मामला दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है। मिली जानकारी के मुताबिक ग्राम खजुआदन निवासी शिवानी कोरी पिता जगपाल कोरी गत 13 जून को घर से बिना बताए कहीं चली गई, जिसके बाद से परिजन लगातार उसकी तलाश कर रहे हैं। काफी खोजबीन के बावजूद युवती का अब तक कोई सुराग नहीं लग सका है।

गैलेक्सी सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल
एवं महाकौशल के सुप्रसिद्ध हृदय रोग विशेषज्ञ
रीवा में 21 जून 2026
प्रत्येक माह के तीसरे रविवार
डॉ. अखिलेश दुबे
एम.डी., डी.एम. कार्डियोलॉजी एम्स नई दिल्ली (गोल्ड मेडलिस्ट), एफ.ई.एस.सी., एफ.एस.सी.ए.आई. (USA)
कंसलटेंट - इंटरवेन्शनल कार्डियोलॉजिस्ट, डायरेक्टर डिपार्टमेंट ऑफ कार्डियोलॉजी
पता - गोयल मार्केट, (बाल भारती स्कूल के बगल में) डॉ. संजय मिश्रा की क्लिनिक में, सिरमौर चौराहा, रीवा-486001
समय- सुबह 10:00 से 3:00 तक
रजिस्ट्रेशन हेतु संपर्क करें :- 7000598450,8839604296,8305923943,8109456222

TAKSHSHILA INTERNATIONAL HIGH SCHOOL
Chorgadi Rewa
Invites applications from qualified and experience candidates for the post of-
VACANCY

| S.No. | Subject | Post | Qualification |
|---|---|---|---|
| 1. | English | 01 | Graduate/ Post Graduate B.Ed./D.Ed is Mandatory. |
| 2. | Hindi | 01 | |
| 3. | Sanskrit | 01 | |
| 4. | Nursery Teacher | 01 | |

Salary : TGT 15000/-
Last Date For Resume Submission is 25.06.2026
Dise Code : 23144101245 — Principal
9203102430, 9685673776

बी.एड. प्रवेश 2026
100% प्रवेश गारंटी के साथ
रीवा, मऊगंज एवं मैहर जिले में
संपर्क करें:
संपर्क : 9424337730, 6261666812, 7000177901
प्रयागराज काम्पलेक्स
सिंचाई विभाग के सामने बजरंग नगर गेट के सामने, रीवा (म.प्र.)

प्रवेश प्रारंभ प्रवेश प्रारंभ
पं. रामसुन्दर शुक्ला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान, पहड़िया जिला रीवा (म.प्र.)
कॉलेज कोड: P494 | पंजीयन - री.स. 2440
(राजीव विकास परिषद रीवा द्वारा संचालित)
मध्यप्रदेश शासन उच्च शिक्षा से मान्यता प्राप्त एवं अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय रीवा से सम्बद्ध, बार काउंसिल ऑफ इण्डिया एम.पी. बोर्ड भोपाल
स्नातक एवं स्नातकोत्तर में प्रवेश प्रारंभ
सी.एल.सी. प्रथम चरण दिनांक: 08.06.2026 से 19.06.2026 तक
बी.ए.एल.एल.बी.,एल.एल.बी., एल.एल. एम.में प्रवेश प्रारंभ
सी.एल.सी. प्रथम चरण दिनांक: 08.06.2026 से 19.06.2026 तक

| क्र. | कक्षा | पाठ्यक्रम |
|---|---|---|
| 1. | बी.ए. एल.एल.बी. | पांच वर्षीय पाठ्यक्रम – सभी अनिवार्य विषय (बी.ए. के साथ एल.एल.बी.) |
| 2. | डी.एल.एड. (32208) | दो वर्षीय पाठ्यक्रम (वर्ग–3 एवं वर्ग–2 के लिए मान्य) |
| 3. | बी.ए. (नई शिक्षा नीति पैटर्न में) | चार वर्षीय पाठ्यक्रम (राजनीतिशास्त्र, समाजशास्त्र, अर्थशास्त्र, भूगोल, संस्कृत, इतिहास, हिन्दी साहित्य, अंग्रेजी साहित्य) |
| 4. | बी.कॉम (नई शिक्षा नीति पैटर्न में) | चार वर्षीय पाठ्यक्रम, कम्प्यूटर एप्लीकेशन सहित |
| 5. | बी.एस.सी. (नई शिक्षा नीति पैटर्न में) | चार वर्षीय पाठ्यक्रम– (भौतिकशास्त्र, जन्तुशास्त्र, गणित, रसायनशास्त्र, कम्प्यूटर विज्ञान, प्राणिशास्त्र |
| 6. | एल.एल.बी. | तीन वर्षीय पाठ्यक्रम |
| 7. | एल.एल.एम. | दो वर्षीय पाठ्यक्रम (क्रिमिनल लॉ, बिजनिस लॉ, एडमिनिस्ट्रेटिव लॉ) |
| 8. | एम.एस.सी. | गणित, रसायनशास्त्र |
| 9. | एम.कॉम. | सभी अनिवार्य विषय |
| 10. | एम.ए. | समाजशास्त्र, अंग्रेजी |
| 11 | एम.एस.डब्ल्यू. | सभी अनिवार्य विषय |

संपर्क करें : मो.:9893558718, 9981265181

प्रवेश प्रारंभ प्रवेश प्रारंभ प्रवेश प्रारंभ
NCVT & DGET भारत सरकार से मान्यता प्राप्त
सतपुड़ा I.T.I.
'हुनर से रोजगार तक हम आपके साथ हैं'
ELECTRICIAN 2 YEARS
FITTER 2 YEARS
DIESEL MECHANIC 1 YEARS
प्रवेश प्रारंभ सत्र- 2026-27
ST/SC/OBC के छात्रों को शासन द्वारा छात्रवृत्ति की सुविधा
Eligibility 10th Pass
प्रवेश हेतु संपर्क करें पता- चोरहटा थाने के पास, चोरहटा, रीवा (म.प्र.)
मो.:- 8349786513, 6262604134,8827117778

रीवा में पहली बार
यूरोलॉजी एवं किडनी संबंधित बीमारियों के उपचार हेतु
कोकिलाबेन अंबानी हॉस्पिटल इंदौर के एक्सपर्ट अब
मेट्रो हॉस्पिटल, रीवा
OPD क्लीनिक की सुविधा
यदि आप इन समस्याओं से परेशान हैं, तो आज ही पाएं उपचार एवं परामर्श:
पथरी, प्रोस्टेट, मूत्र मार्ग के रोग/ कैंसर का आधुनिक इलाज। किडनी ट्रांसप्लांट संबंधित सलाह एवं उपचार।
डॉ. विकास सिंह
एम.बी.बी.एस., एम.एस. (General Surgery), M.Ch.
दिनांक 20 जून 2026 शनिवार को
मिलने का समय दोपहर 2 से शाम 6 बजे तक
यूरोलॉजी जेनिटो-यूरो ऑन्कोलॉजी और रीनल ट्रांसप्लांट सर्जरी
न्यू बस स्टैंड के पास, शारदा पुरम रोड, रीवा
अपॉइंटमेन्ट के लिए सम्पर्क करें: 07662-314775,7771000668



10 YEAR WARRANTY | BAJAJ SECURE • AMC • ROAD SIDE ASSISTANCE | 72198 21111 | Flipkart | amazon.in
*नियम और शर्तें लागू. चुनिंदा मॉडलों पर 1 जून से 30 जून 2026 तक छूट उपलब्ध है. लागू ऑफर मॉडल/राज्यों के अनुसार भिन्न हो सकते हैं. ई-कॉमर्स ऑफर संबंधित ई-कॉमर्स पार्टनर की शर्तों के अधीन हैं. ई-कॉमर्स ऑफर पार्टनर के अनुसार भिन्न हो सकते हैं. उल्लिखित ESRP बेस वेरिएंट के हैं. ऑफर के बारे में अधिक जानकारी के लिए, कृपया अपने नजदीकी डीलरशिप पर जाएं. पल्सर 125 नियॉन पर ₹2 500/- की छूट.
Authorised Dealers for Bajaj Auto Ltd.: Balaghat: SAI BAJAJ 9425822517 • Chatarpur: TIKARIYA BAJAJ 7470901984• Satna: FOUZDAR BAJAJ 8109073002, 9399480294, 9425173001, AA Autorider: 9098500556 9098500557 Rewa UPPAL BAJAJ 07662-408300, 9301991092, 9424822015 • Seoni FRONTIER A S BAJAJ 9302893612• Sidhi JL Motors 9303942425 6269279293• Shahdol: JAYSHREE BAJAJ 7879858023 • Singroli: Waidhan JAISWAL BAJAJ 7354131415 • Tikamgarh: TIKARIYA BAJAJ 7999169461.

जागरण पब्लिकेशन प्रा. लिमि. के लिए मुद्रक/प्रकाशक मदन मोहन गुप्ता द्वारा दैनिक जागरण प्रेस गांधी नगर उर्रहट रीवा (म.प्र.)से मुद्रित एवं प्रकाशित। सम्पादकः **मदन मोहन गुप्ता।** आर.एन.आई. नं– 1505/57, डाक पंजीयन क्र.– रीवा संभाग 04 /म.प्र. संस्थापक **स्व. गुरुदेव गुप्त**
**कार्यालय:- मोबाइल नं रीवा-** 9098357869, 9425018958 **सतना** – 9993315949 **सीधी**–7089620900 **सिंगरौली**–9424652999 E-mail: rewajagrannew2015@gmail.com